सुप्रभात
रांची, गुरुवार
06.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, अमावस्य , संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 322



12 भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से क्या फर्क पड़ता है ?

BIOME®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

## सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान

## झारखंड के इतिहास में BIOME से लगातार दूसरी बार, 700 Marks पार

Stable रखी अपनी पहचान, फिर से एक बार झारखंड से NEET-UG में Leadership का एक और प्रमाण

| Score | Name | Batch |
|---|---|---|
| 701/720 | HALIMA | Ranker Batch |
| 695/720 | AYUSH | Ranker Batch |
| 692/720 | KIRAN | Ranker Batch |
| 692/720 | FAIZAN | AITS Ranker Batch |
| 690/720 | AYUSH | Racer Batch |

## Authentic Highest Selection in NEET 2024 from एक शहर, एक संस्थान

| Score | Name | Batch |
|---|---|---|
| 687/720 | GULAM DUSTGEER | Ranker Batch |
| 685/720 | HIMANSHU | Ranker Batch |
| 685/720 | ANIL | Ranker Batch |
| 685/720 | PRIYANSHU | Ranker Batch |
| 685/720 | MUSHARRAF | Ranker Batch |
| 681/720 | KAUSHVI RAJ | Ranker Batch |
| 681/720 | KUNDAN | Ranker Batch |
| 680/720 | PREM | Ranker Batch |
| 680/720 | BISHAL | Ranker Batch |
| 680/720 | LUV KUMAR | Racer Batch |
| 680/720 | MARIYA AYUB | Racer Batch |
| 678/720 | AKSHITA | Racer Batch |
| 677/720 | AREEBA | Ranker Batch |
| 676/720 | AKANKSHA | Racer Batch |
| 676/720 | CHANDAN | Ranker Batch |
| 675/720 | FAISAL SHAMSHAD | Ranker Batch |
| 675/720 | ADITYA RAJ | Ranker Batch |
| 673/720 | ALISHA | Ranker Batch |
| 671/720 | BHARGAV | Ranker Batch |
| 670/720 | TANVI | Ranker Batch |
| 670/720 | ARPIT | Ranker Batch |
| 669/720 | B. YANEESH | Target Batch |
| 667/720 | MUSHARRAT | Racer Batch |
| 666/720 | AZLAFA | Racer Batch |
| 665/720 | KUMAR RISHAV | Ranker Batch |
| 665/720 | KAUSHIK | Ranker Batch |
| 664/720 | SHRESTHA | Ranker Batch |
| 663/720 | SNEHA | Racer Batch |
| 663/720 | AMIT RAJ | Racer Batch |
| 663/720 | SOUMYA | Racer Batch |
| 662/720 | AKIF ARHAM | Racer Batch |
| 662/720 | HARSH | Racer Batch |
| 661/720 | DHRUV | Racer Batch |
| 661/720 | AYUSHI | Ranker Batch |
| 660/720 | ATUL ROY | Racer Batch |
| 660/720 | UTKARSH | Ranker Batch |
| 660/720 | MD GULNISHAR | Ranker Batch |
| 660/720 | MD HABIB | Target Batch |
| 658/720 | SHRUTI | Ranker Batch |
| 656/720 | SINGH TANISHTHA | Target Batch |
| 654/720 | HARSH SATWAT | Target Batch |
| 657/720 | AAKRITI | Target Batch |
| 656/720 | AHMAD SADAN | Foundation Batch |
| 652/720 | PIYUSH | Ranker Batch |
| 650/720 | SAMRIDHI | Racer Batch |

*and many more...*

## SCHOLARSHIP BASED ON NEET (UG) - 2024 SCORE

### LAKSHYA BATCH

| | | | |
|---|---|---|---|
| 620 & Above | 100% | 580 & Above | 70% |
| 610 & Above | 90% | 560 & Above | 60% |
| 600 & Above | 80% | 550 & Above | 50% |

**NEET-UG Counselling Seminar**
9 June, 2024 (Sunday)
at 11:30 A.M.
Venue : BIOME, Hinoo Campus

**LAKSHYA**
For 550+ Scorer in
NEET 2024
Starting from 20th June, 2024

**AITS**
Admission is Going on
for NEET 2025
Starting from 14th July, 2024

**TARGET**
(12th Passed Students)
for NEET 2025
Starting from 20th June, 2024

## 7360066185 / 86 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92

**Corporate Office :** Shivpuri (Kilburn Colony), Opp. Spring City Mall, Hinoo, Ranchi
**Branch Office :** New Nagratoli, Near Women's College, Science Block, Ranchi

www.biomeinstitute.in    youtube.com/biomeinstitute    facebook.com/biomeinstitute/

Library  School  Hostel  Transport
Managed by third party

## चुनाव सुचारू ढंग से संपन्न कराने में सहयोगी सभी लोगों को दिया धन्यवाद

# पिछले दो लोस चुनाव के मुकाबले आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आयी कमी : सीईओ

### चाक चौबंद रही सुरक्षा की व्यवस्था, शून्य रही नक्सली घटना



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त के. रवि कुमार ने कहा है कि चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश मिलते ही झारखंड में आदर्श आचार संहिता के निष्प्रभावी होने की घोषणा कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि पिछले दो लोकसभा चुनावों की अपेक्षा इस बार सबसे कम आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज किये गये हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 318 मामले दर्ज किये गये थे। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में यह संख्या 193 रही थी, जबकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में यह संख्या महज 101 रही है। उन्होंने कहा कि यह सब जागरूकता अभियानों और मीडिया की सकारात्मक भूमिका के कारण संभव बन पड़ा है। उन्होंने कहा कि आगे के चुनावों में प्रयास रहेगा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले न्यूनतम हो। वे बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में चुनावी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे।

उन्होंने चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया। इसे सफल बनाने में सहभागी बने सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, पुलिस , सुरक्षाबलों, मतदाताओं, सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों समेत मीडियाकर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मीडिया का निर्वाचन आयोग के हर संदेश को घर-घर तक पहुंचाने में काफी सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि फार्म-20 के तहत विधानसभावार मतदान का आंकड़ा सार्वजनिक किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पूरे चुनाव के दौरान राज्य में कही भी हिंसक घटना नहीं हुई। संतोष की बात यह रही कि इस चुनाव में नक्सली घटना भी शून्य रही।

# झारखंड के चुनावी जंग में सिर्फ दो महिलाएं पहुंचीं संसद भवन,31 में से 24 प्रत्याशी की जमानत जब्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 31 महिला प्रत्याशियों में सिर्फ दो महिला ही संसद भवन पहुंची। शेष 29 महिला प्रत्याशी अपना खाता नहीं खोल पायीं। 24 महिला प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी। अब तक हुए लोकसभा चुनाव में इस बार सबसे अधिक 31 महिलाएं चुनाव मैदान में थीं, जो कई स्थानों पर पुरुष प्रत्याशी को कड़ी टक्कर दे रही थीं। मगर चुनाव परिणाम आने के बाद उन्हें निराशा हाथ लगी। झारखंड से मात्र दो महिला प्रत्याशी झामुमो से जोबा मांझी और भाजपा से अन्नपूर्णा देवी आखिरकार जीत का स्वाद चखने में सफल हुईं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक झारखंड की सभी 14 सीटों पर कुल 244 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे थे। वहीं, 12 लोकसभा सीटों पर कुल 31 महिला उम्मीदवार मैदान में थी। इस तरह से महिलाओं की जीत का प्रतिशत महज 14.02 रहा।

| संसदीय सीट | महिला प्रत्याशी | संसदीय सीट | महिला प्रत्याशी |
|---|---|---|---|
| सिंहभूम | 05 | गिरिडीह | 03 |
| रांची | 04 | जमशेदपुर | 02 |
| दुमका | 04 | गोड्डा | 01 |
| राजमहल | 03 | कोडरमा | 01 |
| धनबाद | 03 | पलामू | 01 |
| खूंटी | 03 | हजारीबाग | 01 |

**24 महिला प्रत्याशी नहीं बचा पाई जमानत** : इस बार के लोकसभा चुनाव में पांच संसदीय क्षेत्र में महिला प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहीं, जो प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर दे रही थी। इसमें से दुमका से सीता सोरेन, रांची से यशस्विनी सहाय, धनबाद से अनुपमा सिंह, सिंहभूम से गीता कोड़ा और पलामू से ममता भूईया शामिल थी। वहीं, चुनाव मैदान में उतरी 24 महिला प्रत्याशी जमानत भी नहीं बचा पाई।

## एनआईए की विशेष अदालत ने तय किया आरोप

# पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हुए नक्सली हमला मामले में 13 माओवादियों पर आरोप तय

### चार जनवरी 2022 को दिया गया था घटना का अंजाम

### हमले में पूर्व विधायक बचे, लेकिन दो पुलिसकर्मियों की हो गयी थी मौत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हुये नक्सली हमले से संबंधित एक मामले में 13 सीपीआई, माओवादी कैडरों के खिलाफ आरोप तय कर दिया गया है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने प्रतिबंधित सीपीआई, माओवादी समूह के मंगल सिंह दिग्गी, मोनू तियू समेत 13 के खिलाफ आरोप तय किया। आरोप गठन भादवि की विभिन्न धाराओं के साथ, आर्म्स एक्ट और गैरकानूनी गतिविधि, रोकथाम अधिनियम की विभिन्न धाराओं में किया गया है। मामले में अब एनआईए की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जाएगा।

मालूम हो कि चार जनवरी 2022 को पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर अनुमंडल के गोइलकेरा थाना अंतर्गत प्रोजेक्ट स्कूल झिलुरूआ में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में गुरुचरण नायक शामिल हुये थे। इसी दौरान गुरुचरण नायक पर हमला किया गया था। इस नक्सली हमले में दो पुलिसकर्मियों की भी मौत हो गई थी जबकि एक पुलिस गंभीर रूप से घायल हो गया था। नक्सलियों ने पुलिसकर्मियों के हथियार भी लूट लिया था। इस घटना को लेकर गोइलकेरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसे बाद में एनआईए ने जून 2022 में टेक ओवर कर जांच प्रारंभ की थी।

### आरोप गठन इन आरोपियों पर

हमला और हत्या मामले में शैलेंद्र बहंदा उर्फ देवन, मंगल सिंह दिग्गी, सुनिया सुरीन, प्रधान कोरह, रंगिया लुगुन, शीरम तुबिद, पुसे लुगुन, मंगल सिंह लुगुन, किस्मत कोरह, शाका उर्फ तिवारी बांकीरा, सदन कोरह उर्फ साजन, कुजराई केराई एवं मोनू तियू के खिलाफ आरोप गठित किया गया है। सभी आरोपी प. सिंहभूम के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव निवासी है। एक को छोड़ अन्य आरोपी न्यायिक हिरासत में है।

## कांग्रेस भवन में लोहरदगा और खूंटी के नवनिर्वाचित सांसदों का किया गया अभिनंदन समारोह

# अच्छा करनेवाले कार्यकर्ताओं को मिलेगा सम्मान : मीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में खूंटी और लोहरदगा लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा एवं सुखदेव भगत का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। मौके पर श्री मीर ने कहा कि चुनाव में इंडिया गठबंधन का जो मुद्दा रहा वह आम आदमी के लिए था। उनके अधिकारों को बचाने की लड़ाई थी। संविधान की रक्षा की लड़ाई थी। हमने आपके सहयोग से सभी सीटों पर अच्छी लड़ाई लड़ी, हमें उम्मीद ज्यादा थी लेकिन हम थोड़े कम रहे। लक्ष्य से जो कम सीटें हमने पाई उसकी हम सुक्ष्मता से अध्ययन करेंगे, ताकि उन कमियों को भविष्य में दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जिन जिन को जिम्मेवारियां दी गई थी, उसकी पूरी समीक्षा की जाएगी और जो जिम्मेवारियों को निर्वहन में सफल नहीं रहे उस पर भी संज्ञान लिया जाएगा। जिन लोगों ने चुनाव में अच्छा कार्य किया है उनको चिह्नित करके उन्हें उचित सम्मान दिया जाएगा और जिन्होंने पार्टी से पद प्रतिष्ठा प्राप्त करने के बाद भी उदासीनता दिखाई उनकी पहचान की की जाएगी।



### झारखंड की जनता ने हमें दिया है सम्मान

राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड की जनता ने हमें सम्मान दिया है। देश की संसद में अपनी आवाज बुलंद करने के लिए कांग्रेस के नुमाइंदों को अपना प्रतिनिधि चुना है और सर्व समाज की अवधारणा को मजबूत करते हुए सिर्फ क्षेत्र विशेष की नहीं बल्कि पूरे झारखंड की जनता की ये आवाज बनेंगे। हमें उम्मीद से संख्या बल थोड़ा कम मिला है लेकिन जो भी मिला पूरा मजबूत मिला। इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ जनता के हक की आवाज उठाती रहेगी और झारखंड के लिए आवाज इनके माध्यम से बुलंद रखेगी।

### यह जीत जनता की

मौके पर लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है,राहुल गांधी जी के प्रयासों के जीत है। चुनाव एक जंग की तरह है और सबके सामूहिक प्रयास से तथा प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में इस चुनाव में हमने सफलता पाई है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जितनी बड़ी जीत होती है उतनी बड़ी जिम्मेवारी होती है और मैं अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन बखूबी करूंगा।

### यह मेरी नहीं खूंटी की जनता की जीत है...

खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि मैं कांग्रेसी हूं और कांग्रेस पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है, कांग्रेस के दिए सम्मान को मैं भूल नहीं सकता और अब जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसे निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। खूंटी की जनता का सामाजिक संगठनों का खूंटी के नेताओं कार्यकर्ताओं का इंडिया गठबंधन के साथियों का मैं आभार व्यक्त करता हूं यह मेरी नहीं उनकी जीत है। कार्यक्रम में बंधु तिर्की शहजादा अनवर, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी, राजेश कच्छप अनवर महासचिव अमूल्य नीरज खलको, राकेश सिंह, सतीश पौल मुजनी, राजीव रंजन प्रसाद, मानस सिन्हा, सोनाल शांति, संजय लाल पासवान, कमल ठाकुर, निरंजन पासवान, कुमार राजा, राकेश किरण महतो, अभिलाष साहू आदि थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी नगर निकायों से पर्यावरण पखवाड़ा मनाने का निर्देश

# आदिवासियों का प्रकृति प्रेम ही है हरियाली: सचिव

### जुडको से क्रियान्वित सभी योजनाओं में पौधारोपण का प्रावधान करने का आदेश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड के लिए यह सौभाग्य की बात है कि यहां के आदिवासियों का प्रकृति प्रेम और सरना धर्म के कारण ही हरियाली नजर आ रही है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को जुपमी भवन के सभागार में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव चन्द्रशेखर ने यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा एवं जल संरक्षण के लिए राज्य के सभी नगर निकायों को पर्यावरण पखवाड़ा आरम्भ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पहले सप्ताह के दौरान स्थल का चयन कर गड्ढे बनाये जायें फिर अगले सप्ताह उसमें पौधरोपण किया जाये। इतना ही नहीं लगाये गये सभी वृक्षों की देख-रेख और सुरक्षा भी की जाये। आसन्न मॉनसून में लगाये गये वृक्ष सुदृढ़ होंगे। सचिव ने कहा कि वृक्षारोपण से भूमिगत जलस्तर में वृद्धि होगी और पर्यावरण की सुरक्षा भी होगी। स्वस्थ्य मन एवं स्वस्थ्य तन के साथ स्वस्थ्य पर्यावरण का भी चुनाव होना चाहिए। हम सभी शहरों में रहते हैं लेकिन कोई भी समस्या के समाधान के लिए आगे नहीं आता। जबतक एक एक शहरी पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं होगा और दिलचस्पी नहीं दिखाता तबतक प्रदूषण और जल संकट की समस्या से लड़ा नहीं जा सकता।

उन्होने कहा कि बस स्टैण्ड, ट्रकों के परिचालन वाले स्थान तथा शहरों की सड़कों पर चलने वाले वाहनों से निकलने वाले धुआं के कारण पैदल चलना मुश्किल हो जाता है और पर्यावरण की भी सुरक्षा नहीं होती। सचिव ने आम जन जीवन से मीलेट्स यानि ज्वार, बाजरा, रागी, जौ जैसे मोटे अनाजों का सेवन करने का सुझाव दिया ताकि लोग स्वस्थ्य रहें ये मोटे अनाज पानी में भी अच्छी उपज देते हैं। इससे पूर्व राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के श्री विभूति कुमार ने गंगा स्वच्छता अभियान से हो रहे पर्यावरण की सुरक्षा को बताया।

जुडको के सहायक महाप्रबंधक अभिनेन्द्र कुमार ने बढ़ते वैश्विक तापमान, बढ़ते समुद्र जल को वायुमंडल में हो रहे परिवर्तन को कारण बताया। पर्यावरण विशेषज्ञ एकलब्य प्रसाद ने भू-गर्भ जलस्तर एवं पारमपरिक जल स्रोतों के स्तर में वृद्धि के लिए उपाये बताये। उन्होंने कहा कि गैंगस ऑफ वाटर का गठन कर के पर्यावरण सुरक्षा का अभियान चलाया जा रहा है। स्वीच ऑन फाउन्डेशन के डॉ विनोद गुप्ता एवं सकिलुर रहमान ने मिलेटस जैसे मोटे अनाजों पर चर्चा करते हुए बताया कि यह हर लिहाज से बहुत उपयोगी है। झारखण्ड की जमीन के लिए यह उपज बेजतर विकल्प है। श्री सुजीत सिन्हा ने रेन वाटर हारभेस्टींग पर जोर दिया। वहीं एक्वालीन भुंगरू के रतिन भद्रा ने कहा कि उनकी संस्था जैसे किशान अनाज की खेती करते हैं वैसे ही पानी की खेती कर रही है । वित्त विशेषज्ञ पंकज गोयल ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नगरीय वित्तीय प्रबन्धन को आवश्यक बताया।

# सिर्फ हथियार की बरामदगी के आधार पर दोषी करार नहीं दिया जा सकता : हाई कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि सिर्फ हत्या में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी के आधार पर किसी को दोषी करार नहीं दिया जा सकता, दोष सिद्ध करने के लिए अन्य साक्ष्यों की भी जरुरत है। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि अगर हत्या का हथियार बरामद भी हो जाये और उस पर खून के धब्बे भी हों, तो भी इससे आरोपी का अपराध साबित नहीं होता। यह अकेली परिस्थिति किसी भी तरह से अपीलकर्ता को दोषी ठहराने का आधार नहीं बन सकती। हथियार बरामदगी को छोड़कर अन्य परिस्थितियों पर भी गौर किया जाना चाहिए और अपीलकर्ता को दोषी ठहराने के लिए कुछ कड़ी होनी चाहिए।

**सिमडेगा कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में दी थी चुनौती** : दरअसल सिमडेगा सिविल कोर्ट ने संजय कुजूर को पिछले वर्ष हत्या के जुर्म में दोषी करार दिया था। इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। मृतक मुकेश कुजूर की पत्नी द्वारा दर्ज करवायी गयी एफआईआर के मुताबिक, जब वह खेत पर काम करने गयी थी, तभी उसकी भाभी ने बताया कि उसके पति पर उसके भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया है। हमले के बाद उसका पति बेहोशी की हालत में आंगन में पड़ा मिला। वह तुरंत घर पहुंची और घायल पति को अस्पताल ले गयी। शुरूआत में, भारतीय दंड संहिता की धारा 326/307 (हत्या का प्रयास) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। बाद में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) को जोड़ा गया।

# कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ नहीं देना संवैधानिक और मौलिक अधिकार का हनन : हाई कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सेवानिवृत्ति सहित अन्य लाभ भुगतान नहीं किए जाने से संबंधित एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डा. एसएन पाठक की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सरकारी कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ नहीं देना उनके संवैधानिक और मौलिक अधिकार का हनन है। कोर्ट ने ये भी कहा है कि जब अपीलेट अथॉरिटी ने प्रार्थी के पक्ष में फैसला देते हुए उसकी बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसके बाद वह फिर से सेवा में आ गया और सेवानिवृत हो गया, फिर उसे सेवानिवृत्ति लाभ कैसे नहीं दिया जाएगा। सेवा निवृत्ति लाभ पाने का उसका पूरा अधिकार है।

दरअसल, पाकुड़ जिला में पदस्थापित सहायक शिक्षक सरवन कुमार दास पर स्कूल निर्माण में घपले का आरोप लगा था। जिस पर विभागीय कार्रवाई चलते हुए उसे 2 जुलाई 2020 को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। जिसके पास बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

हाई कोर्ट ने उसे अपीलेट अथॉरिटी के पास जाने का निर्देश दिया था। इसके बाद उसने अपीलेट अथॉरिटी कमिश्नर संथाल परगना के समक्ष अपनी बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती दी थी। कमिश्नर संथाल परगना ने 6 जनवरी 2022 को उसकी बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त कर दिया। बाद में 31 जनवरी 2023 को प्रार्थी सेवानिवृत हो गया। इसके बाद प्रार्थी ने अपनी सेवानिवृत्ति लाभ, पेंशन आदि अन्य लाभ दिलाने का आग्रह विभाग से किया। विभाग की ओर से उसे सेवानिवृत्ति लाभ, पेंशन, ग्रेच्युटी जीपीएफ, लिव एनकैशमेंट सहित अन्य सुविधा देने पर आनाकानी की जाने लगी, जिसपर उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

इसपर हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उसकी याचिका स्वीकृत करते हुए प्रतिवादी राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह प्रार्थी को पेंशन सहित सभी सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान 6% साधारण ब्याज प्रतिवर्ष की दर से करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर 6 सप्ताह में प्रार्थी को सेवानिवृत्ति लाभ, पेंशन सहित अन्य लाभ का भुगतान नहीं किया जाता है तो प्रतिवर्ष 18% साधारण ब्याज की दर से उसे भुगतान करना होगा। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश स्टेट ऑफ केरला बनाम एम पद्मनाभन नायर केस का हवाला देते हुए कहा कि कर्मियों का सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन भुगतान नहीं रोका जा सकता है, यह सरकार के क्षेत्राधिकार में नहीं है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन एवं नेहा भारद्वाज ने पक्ष रखा।

## जनता ने भाजपा को नकारा : नायक

**रांची।** जनता ने भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे को नकार दिया। ये बातें बुधवार को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि जनता ने अयोध्या में भाजपा को हराकर पूरे देश में यह संदेश दिया कि मंदिर मस्जिद की राजनीति अब देश में नहीं चलने वाली है, नफरत और सांप्रदायिक हिंसा, सांप्रदायिकता, गाय, गोबर, गोमूत्र, पाकिस्तान, मुसलमान, क्रिश्चियन, फिरकापरस्ती की राजनीति को एक सिरे से नाकार दिया है। साथ ही भाजपा को एक संदेश देकर संभलने का मौका जनता ने दिया है कि महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर राजनीति करें।


इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम
ईसीआईएल (पो.), हैदराबाद -500 062, तेलंगाना

ईसीआईएल के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए जुड़ें

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन भारत सरकार का उपक्रम) उप प्रबंधक (तकनीकी) (ईजी-03) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को दिनांक 15.06.2024 (1400 बजे) तक तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि को दिनांक 21.06.2024 (1400 बजे) तक विस्तारित किया जाता है। विज्ञापन की अन्य शर्तें एवं विवरण यथावत रहेंगी।

संपूर्ण विवरण (योग्यताओं, अनुभव, आयु इत्यादि) एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट https://www.ecil.co.in देखें।

विज्ञापन सं. 08/2024

उप महाप्रबंधक-मानव संसाधन (भर्ती)

CBC-48138/12/0001/24-25


## लोकसभा चुनाव ने बदली झारखंड विधानसभा की सूरत, दिलचस्प होगा नजारा

# पहली बार दिखेगा पति-पत्नी का जोड़ा, एक ही परिवार से देवर-भाभी भी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 4 जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आया। झारखंड के चार विधायक सांसद के तौर पर चुन लिये गये। साथ ही, गांडेय विधानसभा के लिए हुए उपचुनाव का भी परिणाम आया। इसमें पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने बाजी मारी। इस तरह से लोकसभा चुनाव और उप चुनाव के बहाने झारखंड विधानसभा की तस्वीर भी अब बदली दिखेगी। वर्तमान विधानसभा में अब एक दिलचस्प इतिहास बनता दिखेगा जब पति-पत्नी के तौर पर हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन भी सदस्य के तौर पर नजर आएंगे। वैसे अभी बरहेट विधायक हेमंत सोरेन जेल में हैं। इस विधानसभा के समापन से पहले (दिसंबर 2024) जमानत मिलने पर ही ऐसा संभव होगा जब सदन के अंदर हेमंत और कल्पना साथ-साथ दिखें।





झारखंड अलग राज्य गठन के बाद संभवतः यह पहली बार होगा जब विधानसभा के एक ही कार्यकाल में एक साथ पति और पत्नी भी दिखेंगे। अलग-अलग टर्म में भले और लोग (मधु कोड़ा, गीता कोड़ा) आए पर एक साथ नहीं। इसके साथ ही सोरेन परिवार (शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन) के कई सदस्य एक साथ होंगे। पति-पत्नी के अलावा देवर-भाभी (हेमंत-बसंत, सीता, कल्पना), देवरानी-जेठानी (कल्पना-सीता) जैसे रिश्ते भी वर्तमान विधानसभा में दिखेंगे।

### हजारीबाग, धनबाद, मनोहरपुर, शिकारीपाड़ा सीट अब खाली

लोकसभा चुनाव के बहाने भाजपा और झामुमो के दो-दो विधायक अब सांसद बन चुके हैं। इनमें हजारीबाग से मनीष जायसवाल, धनबाद से ढुल्लू महतो (दोनों भाजपा), नलिन सोरेन (शिकारीपाड़ा) और जोबा मांझी (मनोहरपुर) शामिल हैं। ऐसे में विधानसभा के भीतर चार सीटें इस विधानसभा के शेष कार्यकाल तक खाली ही नजर आएंगी। ऐसे तो 6 महीने से अधिक समय तक रिक्त सीटों पर चुनाव कराने का प्रावधान है पर चूंकि दिसंबर महीने के आखिरी सप्ताह तक ही वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल शेष है, ऐसे में लगता नहीं कि इन चार सीटों के लिए चुनाव होंगे। ऐसी स्थिति में हजारीबाग, धनबाद, शिकारीपाड़ा और मनोहरपुर सीट का प्रतिनिधित्व करता कोई नहीं दिखेगा। अब आगामी विधानसभा चुनाव के बाद ही कोई नया चेहरा इन सीटों पर दिखेगा।

### सीता अब भी झामुमो की तो जेपी अब भी भाजपा के...

आगामी समय में वर्तमान विधानसभा का जब भी सत्र (मॉनसून या अन्य) आहूत होगा तो सदन के भीतर नजारा दिलचस्प होगा। सीता सोरेन ने लोकसभा चुनाव से पूर्व झामुमो छोड़ भाजपा ज्वाइन कर ली थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें निष्कासित भी कर दिया था। सीता ने भाजपा की टिकट पर दुमका लोकसभा सीट से ताल ठोका था, जिसमें वे झामुमो विधायक नलिन सोरेन से हार गयीं। यूं तो जामा विधायक सीता सोरेन ने झामुमो से इस्तीफा दे दिया था, साथ ही विधायकी भी छोड़ दी थी। हालांकि उन्होंने अपने इस्तीफे की मूल कॉपी विधानसभा स्पीकर को अब तक नहीं दी है। ऐसे में उनके मामले में फैसला लिए जाने तक सदन के भीतर वे झामुमो विधायक के तौर पर ही दिखेंगी।

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
06.06.2024

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

* * नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, अमावस्य , संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 322



12 सनी लियोनी की फिल्म कोटेशन गैंग का पोस्टर रीलिज

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रपति ने सत्रहवीं लोकसभा भंग की

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा बुधवार को भंग कर दी। बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में राष्ट्रपति से लोकसभा भंग करने की सिफारिश की गयी थी। राष्ट्रपति भवन ने यह जानकारी दी।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**दुमका।** बासुकीनाथ-कैरबानी मुख्य मार्ग पर अज्ञात पिकअप वैन ने एक बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान श्रीजल मरांडी और सूरज नारायण हेंब्रम के रूप में हुई।

### नीतीश संग तस्वीर पर क्या बोले तेजस्वी यादव

**पटना ।** नीतीश कुमार के साथ अपनी वायरल तस्वीर पर, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, हमने एक-दूसरे का अभिवादन किया। मुझे उनके पीछे की सीट आवंटित की गयी थी, लेकिन उन्होंने मुझे देखा और अपने साथ बैठने के लिए बुलाया।

### एनडीए में तीन बाबू और कोई नहीं : संजय राऊत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा है कि एनडीए में कोई साथी नहीं है। केवल तीन बाबू हैं, नीतीश बाबू, चंद्रबाबू और वो एक चिराग बाबू ....'देख लेंगे'। जनता ने भाजपा से उसका बहुमत छीन लिया है। ऐसे में वह जोड़-तोड़ वाली सरकार बनाने की कोशिश करेंगे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |




## नीतीश, नायडू समेत सभी ने नरेंद्र को चुना सर्वसम्मति से एनडीए का नेता

# आठ को मोदी ले सकते हैं शपथ

- सभी दलों ने लिखित समर्थन पत्र नड्डा को सौंपा
- हमें पूर्ण बहुमत, जल्दी सरकार बने : नीतीश
- नायडू बोले, हम तो एनडीए के साथ हैं ही
- मोदी ने सौंपा इस्तीफा राष्ट्रपति बोलीं अभी काम करते रहें



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एनडीए की बैठक में नरेंद्र मोदी को एकमत से एनडीए का नेता चुना गया। बैठक में पीएम के अगल-बगल नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू बैठे थे। बैठक में नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू समेत सभी घटक दलों ने नरेंद्र मोदी के नाम समर्थन पत्र सौंपा। ये पत्र भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नाम लिखे गये हैं। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार का गठन जल्दी होना चाहिए। वहीं श्री नायडू ने कहा कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है।

इससे पूर्व पीएम मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिल कर उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्ताफा सौंप दिया। राष्ट्रपति ने उन्हें नयी सरकार बनाने तक काम करते रहने को कहा। शीघ्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए राष्ट्रपति से मिल कर सरकार बनाने का दावा करेगा। संभावना है कि पीएम मोदी लगातार तीसरी बार 8 जून को शपथ ले सकते हैं। राष्टपति भवन में समारोह की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

**7 को संसदीय दल की बैठक** लोकसभा चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत है। 292 सीटों के साथ एनडीए सरकार बनाने को तैयार है। ऐसे में 8 जून को पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 7 जून को एनडीए के संसदीय दल की बैठक बुलायी है। बैठक में मोदी को संसदीय दल का नेता चुना जायेगा। उसी दिन मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। बुधवार को मोदी के इस्तीफे को राष्ट्रपति ने स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति ने उन्हें नयी सरकार के गठन तक कामकाज संभालते रहने को कहा है। इस चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं, जो बहुमत (272) से 32 कम है। 292 सीटों के साथ एनडीए को चुनाव में जीत हासिल हुई है। वहीं इंडिया गठबंधन के खाते में 232 सीटें ही आयी हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### नायडू और नीतीश बोले निश्चिंत रहिए

टीडीपी प्रमुख नायडू ने विधानसभा चुनावों में जीत का श्रेय अपने गठबंधन सहयोगियों (भाजपा और जन सेना पार्टी) को दिया। उन्होंने कहा, हम सब एक हैं। निश्चिंत रहिये। वहीं नीतीश कुमार ने कहा- सरकार तो एनडीए की ही बनेगी। नायडू से जब उनकी दिल्ली यात्रा के बारे में जब मीडिया ने पूछा तो उन्होंने कहा, परेशान मत होइए। मैं भी अनुभवी हूं। मैंने इस देश में बहुत सारे राजनीतिक बदलाव देखे हैं। हम एनडीए में हैं। मैं एनडीए की मीटिंग में जा रहा हूं।

### कौन-कौन रहे बैठक में

नमो की अध्यक्षता में करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं गृह मंत्री अमित शाह, टीडीपी के एन चंद्रबाबू नायडू, जदयू के नीतीश कुमार, राजीव रंजन सिंह एवं संजय झा, लोजपा के चिराग पासवान, शिवसेना के नेता एवं महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिन्दे, जनता दल सेकुलर के नेता एचडी कुमारस्वामी, हम पार्टी के जीतनराम मांझी, अपना दल की अनुप्रिया पटेल, जनसेना पार्टी के पवन कल्याण, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुनील तटकरे एवं प्रफुल्ल पटेल, राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी, यूपीपीएल के प्रमोद बोडो, असम गण परिषद के अतुल बोरा, एसकेएम के इंद्र हांग सुब्बा, ऑल झारखड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के सुदेश महतो शामिल हुए।

## राज्य में हमारा प्रदर्शन बढ़िया : चंपई

### जनता ने किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं दिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इंडिया ब्लाक की बैठक में दिल्ली रवाना होने से पहले सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में इंडिया ने पांच लोकसभा सीट जीतकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। देश की जनता ने किसी को बहुमत नहीं दिया है। मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सहयोगी दलों के साथ बैठक जरूरी हो जाती है। वहीं कल्पना सोरेन ने मीडिया के सवालों का जवाब देने की जगह सबको लोकसभा चुनाव संपन्न होने की बधाई दी।



**किसी भी दल को बहुमत नहीं :** इस सवाल पर कि क्या केंद्र में इंडिया ब्लॉक की सरकार बनने की भी संभावना है? चंपाई सोरेन ने कहा कि यह तो सही बात है कि देश की जनता ने किसी भी एक पार्टी को बहुमत नहीं दिया है। अब आगे क्या होगा, कौन सी रणनीति पर इंडिया ब्लॉक आगे बढ़ेगा इसी पर चर्चा करने दिल्ली जा रहे हैं।

**नीतीश से कोई बात नहीं**

सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि राजनीति के हर मोड़ पर लोग मिलते-जुलते रहते हैं। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि मेरी नीतीश कुमार से कोई बातचीत नहीं हुई है। सीएम बुधवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीति में सभी दलों के साथ मुलाकात होती रहती है. यहां कोई भी अछूता नहीं है। श्री सोरेन और कल्पना सोरेन इंडिया ब्लाक की बैठक में भाग लेने यहां आये हैं।

### काफी खुश थीं कल्पना



वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद कल्पना सोरेन की यह पहली दिल्ली यात्रा है। भले ही मीडियाकर्मियों के सवालों का उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान स्टार प्रचारक के रूप में की गई मेहनत के बाद पांच लोकसभा सीटें महागठबंधन के खाते में आने की खुशी और सुकून उनके चेहरे पर दिख रहा था। इंडी गठबंधन की बैठक में भाग लेने पहुंची। बैठक में शामिल होने से पूर्व वह वहां पर मौजूद लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। साथ ही विक्ट्री साइन दिखाया।

## गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने दिया खुला ऑफर

# जनादेश मोदी के खिलाफ गठबंधन में सभी का स्वागत

एजेंजी

**नयी दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, मैं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताकत से लड़े। आप सबको बधाई। उन्होंने कहा कि जनमत सीधे तौर से पीएम मोदी के खिलाफ है। ऐसे में हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान के प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध है। खड़गे के आवास पर बुधवार को इंडिया ब्लाक की बैठक में सभी घटक दलों ने भाग लिया। बैठक में खड़गे ने कहा कि चुनाव मोदी के नाम और चेहरे पर लड़ा गया था। जनता ने भाजपा को बहुमत ना देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है। व्यक्तिगत रूप से मोदी जी के लिए यह ना सिर्फ राजनैतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। उन्होंने कहा कि हमारे गठबंधन के द्वार सभी के लिए खुले हैं।



**सरकार बनाने की कवायद**

बैठक में सरकार गठन की संभावनाओं और आगे की रणनीति पर चर्चा की गयी। इंडिया ब्लॉक खाते में 234 सीटें आयी है। बहुमत से 39 सीट पीछे है। इंडिया ब्लॉक यूं तो जोड़ तोड़ कर किसी भी तरह 39 सीटों के आंकड़े को कवर नहीं कर सकता है। बैठक में सोनिया, राहुल गांधी , चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, शरद पवार, एमके स्टालिन, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, सीताराम येचुरी, डी. राजा, राघव चड्ढा, दीपांकर भट्टाचार्य समेत गठबंधन के तमाम नेता मौजूद थे। बैठक में शरद पवार ने कहा कि सरकार गठन के वास्ते इंडिया गठबंधन के लिए संख्या बल जुटाने को लेकर तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) या जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) से संपर्क करने के मुद्दे पर इस गठबंधन के अंदर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है। नायडू तथा नीतीश कुमार जैसे नेताओं से संपर्क से जुड़े सवाल पर राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा था कि इस बारे में कोई भी फैसला विपक्षी गठबंधन के नेता बुधवार की बैठक में करेंगे।

# झारखंड में 9 तक हिटवेव से राहत नहीं

### वज्रपात की भी आशंका, येलो अलर्ट जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में फिलहाल भीषण गर्मी से फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में नौ जून तक हीट वेव की स्थिति रह सकती है। इस दौरान तेज हवा और गरज के साथ वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि छह से 11 जून तक झारखंड में बारिश के भी आसार हैं। उत्तर पूर्वी, दक्षिण पूर्वी एवं मध्य भागों में हल्की बारिश की संभावना जतायी गयी है। झारखंड में छह से नौ जून तक पलामू, गढ़वा और चतरा जिला समेत विभिन्न जिलों में हीट वेव चल सकती है। नौ जून तक राजधानी रांची और आसपास में भीषण गर्मी पड़ेगी। यहां का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक हो सकता है। झारखंड के करीब-करीब सभी जिलों का अधिकतम तापमान अभी 40 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक हो गया है। सबसे अधिक गर्मी डालटनगंज और गढ़वा में पड़ रही है। वहां का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है। मौसम केंद्र ने अपने पूवार्नुमान में राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है।



# वृक्षारोपण से ही मिलेगा ग्लोबल वार्मिंग के मानवीय दुष्प्रभावों से निजात : वीसी

## डीएसपीएमयू में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) की एनएसएस इकाई द्वारा पौधारोपण किया गया। इसके तहत 30 की संख्या में पौधे लगाये गये। यह कार्यक्रम डॉ. शैलेन्द्र कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, रांची कॉलेज की स्मृति में उनकी पत्नी डॉ. सुधा सिन्हा, पुत्र शान्तनु गौतम एवं पुत्री डॉ. शमा सोनाली की सहभागिता से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो.(डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने



कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के मानवीय दुष्प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं और हमें हर स्तर पर वृक्षारोपण कर इससे निजात पाना है। उन्होंने आगे कहा कि आज से एक वर्ष पूर्व डीएसपीएमयू ने इसी ग्लोबल वार्मिंग को चिंतनीय विषय मानते हुए 5 से 12 जून तक विश्वविद्यालय में पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया था, जिसके तहत कई सेमिनार और वृक्षारोपण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके सार्थक परिणाम सामने आए हैं और न सिर्फ विश्वविद्यालय स्तर पर बल्कि विभागीय और छात्र संगठनों के द्वारा भी इस कार्यक्रम को पर्याप्त महत्व दिया जा रहा है, जोकि पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक बेहतर संकेत है।

# सीयूजे में मना पर्यावरण दिवस, यूनिवर्सिटी कैंपस में लगाए जाएंगे दस हजार पौधे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने बुधवार को प्रोफेसर क्षिति भूषण दास (कुलपति) के संरक्षण में विश्व पर्यावरण दिवस को जोश और समर्पण के साथ मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और विश्वविद्यालय और उसके बाहर स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देना था। समारोह की शुरूआत पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. भास्कर सिंह के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद प्रोफेसर क्षिति भूषण दास ने अपने संबोधन में विभाग की निरंतर प्रयासों के लिए सराहना की। ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान और जन जागरूकता अभियानों जैसे पहलों के माध्यम से स्वच्छ पर्यावरण का उदाहरण स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया। यह भी बताया कि पर्यावरण संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को इसमें भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण केंद्रीय भूजल बोर्ड, रांची के विशेषज्ञ अतुल बेक द्वारा दिया गया विशेष व्याख्यान था। उनके व्याख्यान में भूजल संरक्षण और प्रबंधन पर बहुमूल्य दृष्टिकोण प्रस्तुत किए गए,



जो सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इस व्याख्यान के बाद पद्म श्री चामी मुर्मू के पर्यावरणीय योगदान पर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसने संरक्षण के प्रति उनकी समर्पण और प्रतिबद्धता से उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। इसके बाद, पर्यावरण विज्ञान विभाग के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और उत्साह को प्रदर्शित करते हुए एक विचारोत्तेजक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पेड़-पौधों की अनिवार्य भूमिका पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के पहले चरण का समापन पर्यावरण विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुराग लिंडा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इसमें उन्होंने सक्रिय भागीदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वृक्षारोपण अभियान था, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और विशिष्ट अतिथियों ने एक साथ आकर पौधे लगाए, जो हरित पहल के प्रति उनके सामूहिक समर्पण का प्रतीक था। विशेष रूप से, इस वृक्षारोपण अभियान को एलएंडटी कंस्ट्रक्शन से महत्वपूर्ण समर्थन मिला, जिसने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत उवख परिसर में चरणों में 10,000 पेड़ लगाने का वादा किया।

# नीट (मेडिकल) 2024 में न्यूटन ट्यूटोरियल का शानदार प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ली डिजायर, सरकुलर रोड, स्थित न्यूटन ट्यूटोरियल प्राइवेट लिमिटेड के छात्रों ने नीट 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन यहां के शिक्षकों संजय मिश्रा, विदित कुमार, एवं पुर्णिमा कुमारी, पंकज कुमार, मदन मोहन झा एवं सलमान अली, प्रणव कुमार एवं आशोक कुमार सिहं के उचित मार्गदर्शन में किया। यहाँ के निर्देशक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष इंस्टिट्यूट के सभी कोर्स में भी शानदार रिजल्ट रहा हैं। ऑल इंडिया विभिन्न केटगेरी रैंक में सफल छात्रों में टॉप रैंक पाने वाले सफल छात्रों में स्नेहा रैंक-7930, शरीक अहमद रैंक-11439, समृद्धि कुमारी रैंक-17235, सत्यम रैंक-34864, अभिषेक- रैंक 47235, मनीषा कुमारी रैंक-85080, मो. राफे रैंक 103249 आदि हैं। सभी सफल छात्र न्यूटन ट्यूटोरियल के 2 वर्ष एवं 1 वर्ष मेडिकल क्लासरूम प्रोग्राम से है। इंस्टिट्यूट में जितने विद्यार्थी थे उसमे 90% छात्रों का सिलेक्शन हुआ हैं। सारे छात्रों की सफलता का कारण पूछने पर श्री इमरान अली ने बताया कि यहाँ प्रत्येक छात्र से बहुत ही अच्छा संबंध होने के कारण छात्र बिना झिझक के शिक्षक से अपने छोटे से छोटे प्रॉब्लम पूछकर उसका समाधान करते हैं।

## एचडीएफसी बैंक ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर एचडीएफसी बैंक ने बुधवार को झारखंड क्षेत्र ने हाइड्रोपोनिक खेती की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए अपने ग्राहकों के साथ झारखंड क्षेत्र की सभी शाखाओं में जश्न मनाया।

## इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को एक जागरूकता सत्र और पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रवीण बी. बच्छव, संयुक्त निदेशक और प्रमुख, सीआईपीईटी ( सेंटर फॉर स्किलिंग एंड टेक्निकल सपोर्ट) ने प्लास्टिक के पुनर्चक्रण और अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया के महत्व पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस जागरूकता सत्र का विषय भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने पर केंद्रित थी।

## आंख शरीर का अनमोल अंग, उसी तरह पर्यावरण भी हमारे जीवन का मुख्य आधार : पाटोदिया




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को अग्रवाल सभा ने अनगड़ा ब्लॉक के तुरूप गांव मे शालिनी अस्पताल, रुक्का के विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख मे आंख का एकदिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 91 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 13 मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान की गई और 33 जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच आवश्यकतानुसार के साथ मुफ्त चश्मे वितरित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि जिस तरह जीवन जीने के लिए आंख शरीर का सबसे अनमोल एवं शरीर का सबसे कोमल अंग है।

## पेड़ लगाने से पर्यावरण शुद्ध और स्वच्छ होगा : राजकुमार यादव

**रांची।** पर्यावरण दिवस के मौके पर इंटरनेशनल लाईब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस व नशा उन्मूलन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने से ही पर्यावरण को हम सुरक्षित रख सकते है।

## अभी आवश्यकता है दूषित वातावरण को बदलने की : निर्मला बहन

**रांची।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान में बुधवार को पर्यावरण दिवस मनाया गया। मौके पर ब्रम्हाकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि अभी आवश्यकता है दूषित वातावरण को बदलने की। अगर हम प्रकृति पति परम पुरूष से योग लगा कर वातावरण को ही बदल दे तो स्वितः उस वातावरण में रहने वालों को श्रेष्ठ बनने की प्रेरणा आयेगी और हम एक नये विश्व का निर्माण कर सकेंगे।

खबर एक नजर में

## ऊं बीकानेर मिष्ठान भंडार की नई शाखा का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऊं बीकानेर मिष्ठान भंडार रांची में 30 साल पहले शुरू हुई थी। यह अपने उच गुणवत्तावाली मिठाईयों के कारण पूरे शहर में लोकप्रिय हुआ। अभी रांची में चार दुकानें संचालित हैं। इस बीच रांची के बरियातू के मालाबार इनक्लेव में पिछले 17 साल से चल रहे शॉप का अब पता बदल गया है। अब यह दुकान बरियातू रोड में 7 डेज हॉस्पीटल के सामने खुल गई है। अब यहां पहले की तरह बरियातू और आस-पास के लोगों के लिए गुणवत्ता वाली मिठाईयां और नमकीन उचित कीमत में उपलब्ध है। ऊं बीकानेर मिष्ठान भंडार के नए शॉप का उद्घाटन कांके विधायक समरी लाल, विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी डॉ रविन्द्र नाथ भगत समेत बरियातू क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर सभी ने ऊं बीकानेर मिष्ठान भंडार की मिठाईयों और नमकीन की विश्वसनीयता की सराहना की।

## 701 अंकों के साथ ब्रदर्स एकेडमी के आयुष नीट में संस्थान टॉपर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इस वर्ष भी ब्रदर्स एकेडमी के छात्रों ने नीट 2024 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में आयुष (स्कोर 701/720), तनिष्क राज (स्कोर 660/720), हर्षवर्द्धन (स्कोर 658/720), जान्या (स्कोर 654/720) रहे। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के सारगर्भित मार्गदर्शन, अपने माता पिता के अनुशासन और समस्त परिवार जनों के आशीर्वाद व सहयोग को दिया। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेन्दु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है।

# गोल ने दिया झारखण्ड का नीट टॉपर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गोल के छात्रों ने नीट 2024 के रिजल्ट में ऑल इंडिया में टॉप रैंकर्स देने की परम्परा को जारी रखते हुए मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नीट में बिहार के अधिकतर टॉपर्स गोल इन्स्टीट्यूट से ही हैं।

केशव सौरव समदर्शी, मार्क्स-715, आल इंडिया जेनरल रैंक-98 एवं कैटेगरी रैंक- 24, गौरव कुमार, मार्क्स-710, आल इंडिया जेनरल रैंक-491 एवं कैटेगरी रैंक- 142, शुभम कुमार, मार्क्स-710, आल इंडिया जेनरल रैंक-517 एवं कैटेगरी रैंक- 145, निखिल कुमार गुप्ता, मार्क्स-706, आल इंडिया जेनरल रैंक-757 एवं कैटेगरी रैंक- 229, सौरव कुमार, मार्क्स-705, आल इंडिया जेनरल रैंक-1361 एवं कैटेगरी रैंक-437, सैफ अली, मार्क्स-705, आल इंडिया जेनरल रैंक-1062 एवं कैटेगरी रैंक- 338, हेमा मेहता, मार्क्स-702, आल इंडिया जेनरल रैंक-1414 एवं कैटेगरी रैंक- 456, अनन्या आयुषी, मार्क्स-701, आल इंडिया जेनरल रैंक-1555 एवं कैटेगरी रैंक- 137, मो- इर्तजा जावेद, मार्क्स-700, आल इंडिया जेनरल रैंक-1973 एवं कैटेगरी रैंक- 678, शुभम कुमार, मार्क्स-700, आल इंडिया जेनरल रैंक-2321 एवं कैटेगरी रैंक- 223 प्राप्त किया है। 715 अंक प्राप्त केशव सौरव समदर्शी ने कहा कि गोल संस्थान एक परिवार की तरह केयर किया है और साथ ही क्वालीटी शिक्षण एवं नीट के नए पैटर्न पर आधारित गोल का टेस्ट के द्वारा प्रैक्टिस ने हमें टॉपर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा गोल इन्स्टीट्यूट को देते हुए 710 अंक प्राप्त गौरव कुमार ने बताया कि विपरीत परिस्थिति में भी गोल इन्स्टीट्यूट द्वारा रेगुलर क्लास, रिविजन क्लास, टेस्ट, डाउट्स के साथ गोल के एक्सपर्ट्स के द्वारा दिशा निर्देश ने हमारे सफलता मे अहम भूमिका निभाया है।

गोल विलेज में प्राप्त पर्सनल केयर एवं अच्छे कॉम्पीटीटीव माहौल का हमारे अच्छे रिजल्ट में अहम रोल है। गोल का सहयोग हमें नीट परीक्षा के दिन तक मिला जो हमारे लिए अविस्मरणीय है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं द्वारा इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस के थीम भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता में वृक्षारोपण कर योगदान किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, राँची के अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में उप-अंचल प्रमुख शशिकांत तथा क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार एवं उप-क्षेत्र प्रमुख नीरज कुमार कंधवे की उपस्थिति में श्यामली शाखा द्वारा जेवीएम श्यामली व सर्वशिक्षा अभियान, झारखंड, धुर्वा, राँची, डोरंडा शाखा द्वारा बिशप वेस्टकॉट डोरंडा स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय हिनू, रातू शाखा द्वारा लेडी के.सी. रॉय मेमोरियल स्कूल तथा एमएच नामकुम शाखा द्वारा बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स सहित बॉय्ज स्कूल, नामकुम, मांडर शाखा द्वारा वंडरलैंड स्कूल, मोराबादी शाखा द्वारा रामकृष्ण मिशन, अरगोड़ा शाखा द्वारा केंद्रीय विद्यालय, एचईसी, धुर्वा में किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व शिक्षा अभियान के जयंत मिश्रा, उप प्रशासक एवं उनकी टीम, मेकॉन के संदीप सिन्हा, उप-अध्यक्ष एसएमसी जेवीएम श्यामली स्कूल से समरजीत जेना एवं अन्य स्टाफ सदस्य शामिल हुए ।

## सैय्यदा सरवरी खातून नेजामी का उर्स मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खानकाह मजरिया मुनअमिया फिरदौस नगर डोरंडा मे बुधवार को सैय्यदा सरवरी खातून नेजामी का उर्स मनाया गया।आप का मजार चांदपूरा बिहार शरीफ मे हुजूर सैय्यदना मखदूम फरीदुद्दीन तवेला बक्श चिस्ती निजामी रहमातुल्ला अलैह के पायती मे है। हजरते मखदूम सुलताने मसाइक हजरत महबूबे एलाही के पोते है और सैय्यदा मरहुमा हजरते मखदूम की नवासी है। आज बाद नमाजे फजर सैय्यदा के उर्स के मौके पर कुरानखानी और उनकी रूहे पुर सुकु को इसाले सवाब किया गया और उनके फरजंद ए अखबर जनाब सैय्यद शाह आफताब आलम चिस्ती के जानिब से मदरसे के तोलबा को खाना खिलाया गया और गरीब गोरबा को पैसा तकसीम किया गया फिर कुल शरीफ हुआ और सलातो सलाम आका ए दो जहां सललाहो अलैहे वसल्लम की बारगाह मे पेश किया और फिर सिरनी तकसीम की गई। मौके पर खानकाह मजहरिया मुनअमिया के सज्जादा नसी हुजूर सैय्यद शाह अल्कमा शिब्ली कादरी अबुल ओलाई, सैय्यद अबू कुहाफा हेजाजी, सैय्यद जैन कादरी, सैय्यद अरबाब चिस्ती, हाफिज दिलखुश रजा, ताजुद्दीन, हाफिज शमीम, हाफिज सोहराब, हाफिज आसिफ हाफिज तनवीर, हाफिज शहादत आदि मौजूद थे।

# बायोम के विद्यार्थियों का नीट यूजी 2024 में रिकॉर्ड प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बायोम के विद्यार्थियों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने लगातार दूसरे वर्ष नीट यूजी प्रवेश परीक्षा में 700 अंक का आंकड़ा पार किया है।

संस्था की छात्रा हलीमा महजबीन ने 701 अंक हासिल कर झारखंड की थई टॉपर और संस्थान की टॉपर बनी है। नीट यूजी 2024 में बायोम इंस्टीट्यूट के 1412 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें से 70 से अधिक ऐसे विद्यार्थी है, जिन्होंने परीक्षा में 650 से अधिक अंक हासिल किया है। वहीं, 130 से अधिक विद्यार्थियों ने नीट यूजी में 600 से अधिक अंक हासिल किया है। बायोम के छात्र आयुष कुमार पांडेय ने 695 अंक व ऑल इंडिया रैंक 1465, किरण कुमारी ने 692 अंक व ओबीसी केटेगरी रेक 1431 और फैजान अख्तर ने 692




अंक व ओबीसी केटेगरी रैंक 1436 हासिल किया है। इनके अलावा अन्य बेस्ट परफॉर्मर विद्यार्थियों में आयुष कुमार (690 अंक), गुलाम दस्तगीर (687 अंक), हिमांशु कुमार मेहता (685 अंक), अनिल कुमार महतो (685 अंक), प्रियांशु भारती (685 अंक), कौशवी राज (681 अंक), कुंदन कुमार (681 अंक), प्रेम कुमार (680 अंक), विशाल मंडल (680 अंक), लव कुमार साहा (680 अंक), अक्षिता आनंद (678 अंक), अरिबा तस्त्रीन (677 अंक), फेसल शमशाद (675 अंक), आदित्य राज (675 अंक), अलिशा श्रीवास्तव (673 अंक), आकांक्षा नीतू (676 अंक), चंदन कुमार वर्मा (676) अंक) समेत अन्य शामिल है। विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन का श्रेय संस्थान के शिक्षकों को दिया। विद्यार्थियों के जश्न में संस्थान के सभी शिक्षक ओर शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल हुए। रैंकर बेच से 42 और रेसर बैच के 30 विद्यार्थियों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

बायोम इंस्टीट्यूट में संचालित विभिन्न बैच के विद्यार्थियों के प्रदर्शन का आंकलन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है। अकेले रेसर बैच से 42 विद्यार्थी सफल हुए है। इसके अलावा रेसर बैच से 30 विद्यार्थी बेहतर अंक के साथ ऑल इंडिया रैंक हासिल करने में सफल रहे। यह सभी विद्यार्थी निश्चित रूप से सरकारी मेडिकल कॉलेज में अपनी जगह बनायेंगे। नीट यूजी 2024 में सफल हुए विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को दिया है। सफल विद्यार्थियों ने कहा कि सिलेबस के साथ-साथ संस्थान का स्टडी मटेरियल नीट यूजी की तैयारी के लिए उपयोगी है। संस्थान के शिक्षक हमेशा सहयोग के लिए उपलब्ध रहते है। डाउट क्लास के जरिये कंसेप्ट पर पकड़ बनाना आसान होता है।

## बेहतर शैक्षणिक माहौल का असर, विद्यार्थी हुए सफल : पंकज सिंह

बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने नीट यूजी 2024 के सफल छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। झारखंड से यूजी नीट 2024 टॉपर की सूची में संस्था के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनायी है। संस्था के सफल विद्यार्थियों में से 200 से अधिक को निश्चित रूप से सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिलेगा। नीट यूजी प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सके इसके लिए संस्था के शिक्षक लगातार प्रयासरत रहते हैं। विद्यार्थियों की बेहतर प्रदर्शन का श्रेय संस्था के शिक्षक प्रशांत, पीके सौरभ, प्रिया कुमारी, रोशन कुमार, रजनीश कुमार, निर्भय सिंह, संतोष कुमार, अभिजीत प्रधान, तनवीर आलम, अनिल कुमार, विमल कुमार, अभिषेक कुमार, अमिताभ मिश्रा, चंदन गुप्ता, गरिमा, सुनील, अरविंद, हेमंत, मनीष, अजिताभ, रूपक, आशुतोष आनंद, नव जीवन को जाता है। बायोम इंस्टीट्यूट के न्यूनगड़ा टोली और हीनू स्थित सेंटर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 की तैयारी के लिए अंतिम बेच 20 जून से शुरू होगा।

## बीआईटी मेसरा के लालपुर केंद्र में गुलमोहर के पौधे लगाए गए



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीआईटी मेसरा के लालपुर केंद्र में गुलमोहर के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गए। पौधे लगाते हुए केन्द्र की निदेशक डॉ श्रीमती वंदना भप्ताचार्य ने बताया कि हर मनुष्य अगर अपने जीवनकाल में एक पेड़ या पौधा लगाने का कार्य करे तो धरा की सुंदरता और बढ़ जाएगी। अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाएं। डॉ प्रणव कुमार ने पर्यावरण दिवस पर पेड़ लगाने और उनको संरक्षण देने की बात कही। उन्होंने इस दिवस की महता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ संदीप नाथ शाहदेव, डॉ विनोद कुमार शर्मा, डॉ अमृता सरकार सहित अन्य उपस्थित थे।

## समर्पण शाखा ने किया पौधों का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पौधों का वितरण मोराबादी मैदान चिल्ड्रेन पार्क के सामने किया। इस मौके पर तुलसी के पौधे आम नागरिकों के बीच वितरण किया गया। मौके पर रितु पोद्दार,राधा ड्रोलिया,शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूर्व



अध्यक्ष श्वेता भाला, कंचन सोमानी,रितु पोद्दार,राधा ड्रोलिया,कविता सोमानी, स्मिता अग्रवाल, कोमल पोद्दार उपस्थित थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## पर्यावरण की सुरक्षा सबकी रक्षा : दिवाकर पांडे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पर्यावरण दिवस के मौके पर दिवाकर पांडे की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में बुधवार को अर्जुन, चंदन व रूद्राक्ष के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा सबकी सुरक्षा है। विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति



जागरूक करना है। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, एस.एस. फातमी, एजेसी-1, राजीव रंजन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, चंदन, डालसा सचिव समेत सभी न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# जलपाईगुड़ी गैंग कर रहा रांची में चेन छिनतई

## बोकारो जाकर पुलिस ने किया गिरफ्तार, कोतवाली और सुखदेवनगर थाने में हो रही है पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी में चेन छिनतई की घटना को जलपाईगुड़ी का गैंग अंजाम दे हा है। यह गैंग बिहार के कोढ़ा गैंग की तर्ज पर आपराधिक कार्यों में लिप्त है। इसका खुलासा रांची पुलिस की गिरफ्त में आये एक चेन स्नेचर्स ने किया है। हाल ही में अरगोड़ा में चेन छिनतई की घटना को अंजाम देनेवाले एक सदस्य को पुलिस ने बोकारो से जाकर गिरफ्तार किया है। इस मामले में रांची पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इनदोनों से पूछताछ चल रही है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही पूरे गैंग को दबोच लिया जायेगा।

### सिर्फ महिलाओं को बनाता है शिकार

रांची में पदस्थापित एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जलपाईगुड़ी का गैंग कोढ़ा गैंग की तर्ज पर चेन छिनतई की घटना को अंजाम दे रहा है। यह गिरोह पहले झारखंड में बाइक चोरी की घटना को अंजाम देता है, फिर उसी बाइक पर सवार होकर राह में अकेली जा रही महिला, मंदिर में अकेली जा रही महिला, घर से बाजार या बैंक से आने जानेवाले लोगों की पहले रेकी करता है, फिर घटना को अंजाम देता है। लूटकांड की घटना को अंजाम देने के बाद यह गैंग बोकारो, धनबाद आदि जैसे शहरों में जाकर छिप जाते हैं। बाइक पर जाने से उन्हें टोल टैक्स में भी लगता और न ही उन्हें रोका जाता है। इसी का फायदा उठाकर लोग फरार हो जाते हैं।

### दस दिन में लूट व चेन छिनतई की घटित हुई है घटना

इस गिरोह के द्वारा लूट व चेन छिनतई की एक दर्जन से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। अंजाम देने के बाद ये लोग पकड़े नहीं गये थे। हाल में रांची पुलिस ने एक चोर गिरोह व एक सोनार को गिरफ्तार किया था जो चोरी के जेवरात खरीदने में माहिर था।

## बार डीजे हत्याकांड मामले में कार्रवाई

# थानेदार सहित तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में एक्सट्रीम बार में डीजे संदीप उर्फ सैंडी को गोली मारकर हत्या करने के बाद फरार होने के मामले में लापरवाह पुलिसवालों पर बड़ी कार्रवाई हुई। जांच रिपोर्ट आने के बाद चुटिया थानेदार सहित तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है।

**सिटी डीएसपी की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई :** एक्सट्रीम बार गोलीबारी मामले में पुलिस की लापरवाही की जांच का जिम्मा सिटी डीएसपी को दिया गया था। सिटी डीएसपी ने अपनी रिपोर्ट एसएसपी को सौंप दी थी। रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चुटिया थानेदार और अरगोड़ा थाने की गश्ती में तैनात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया।

**डीआईजी और एसएसपी ने की कार्रवाई :** इससे पूर्व एसएसपी ने शोकॉज कर पुलिसकर्मियों से तीन दिन के भीतर एक्सट्रीम बार हत्याकांड मामले में लापरवाही बरतने पर जवाब मांगा था। एसएसपी की रिपोर्ट पर रांची डीआईजी ने चुटिया थानेदार उमाशंकर को सस्पेंड किया है। वहीं बाकी पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने सस्पेंड किया है।

**डीएसपी की रिपोर्ट में थानेदार और गश्ती दल पर लापरवाही बरतने का आरोप :** एक्सट्रीम बार में मारपीट और हत्या के बाद आरोपी के फरार होने में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। एसएसपी ने सिटी डीएसपी को जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। डीएसपी की रिपोर्ट में यह बताया गया कि चुटिया थानेदार और अरगोड़ा थाने की गश्ती पुलिस ने लापरवाही बरती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक्सट्रीम बार में मारपीट की घटना की जानकारी मिलने के बाद भी चुटिया थानेदार घटना स्थल पर नहीं पहुंचे थे। उस वक्त सिर्फ थानेदार का बॉडीगार्ड घायल व्यक्ति को उठाकर थाना ले गया था। इसके बाद थानेदार ने कार्रवाई नहीं की। यहां तक कि न तो गश्ती पुलिस को बार के बाहर तैनात किया और न ही पीसीआर पुलिस को।

**गश्ती दल ने नहीं किया आरोपी का पीछा, न ही वरीय अधिकारी को दी सूचना :** वहीं अरगोड़ा की गश्ती पुलिस ने हत्या के बाद मौके पर पहुंची थी, लेकिन हत्यारे को पकड़ने के लिए उसका पीछा तक नहीं किया। गश्ती में तैनात पुलिसकर्मियों ने अपने वरीय अधिकारियों और वायरलेस पर भी सूचना नहीं दी। अगर समय पर पुलिसकर्मियों ने इसकी सूचना दी होती तो कुछ ही घंटे में आरोपी पकड़ा जाता।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित एनडीए की बैठक में शामिल हुए आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो। राष्ट्र निर्माण की रणनीति और केंद्र सरकार के गठन पर हुई चर्चा

## बार-बार कट रही बिजली

**रांची।** राजधानी रांची में हीट वेव का असर जारी है। जहां एक ओर लोग गर्मी स परेशान हैं वहीं, दूसरी ओर लोग बार-बार की बिजली कटौती और लोकल फॉल्ट से परेशान हैं। राजधानी में अलग-अलग क्षेत्रों में फ्यूज उड़ने, ट्रांसफार्मर जलने, जम्फर उड़ने समेत अन्य समस्याएं हो रही है। जिससे उपभोक्ताओं की दिनभर की परेशानियां बढ़ गयी है। ओवरलोडिंग होने के कारण शहर के अधिकांश क्षेत्रों में फ्यूज उड़ने की शिकायत सामने आ रही है। इसमें एचईसी, मधुकम, किशोरगंज, हरमू, अरगोड़ा, धुर्वा, मोरहाबादी, कांके, रातु रोड, पिस्का मोड़, आईटीआई, खेलगांव, चुटिया, बूटी मोड, डोरंडा आदि इलाकों में लोकल फाल्ट के कारण बिजली आती-जाती रहती है। इसमें से कुछ इलाकों में पांच मिनट बिजली मिलने के बाद आधे घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। हालांकि जेबीवीएनएल अधिकारियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर में लोड अधिक बढ़ रहा है और इससे फ्यूज, जंफर उड़ने व आग लगने के मामले बढ़ गए हैं। कोकर सब स्टेशन में बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से लोवाडीह क्षेत्र में पांच घंटे तक बिजली गुल रही।

## 24 वेलनेस सेंटर में बच्चों का टीकाकरण प्रारंभ

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से संचालित शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र में मंगलवार को बच्चों को टीका लगाने का काम आरंभ हुआ। निगम क्षेत्र में 53 वार्ड में 24 स्थानों पर 15वें वित्त आयोग अंतर्गत चल रहे शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (वेलनेस सेंटर) में उल्लास के बीच टीकाकरण की शुरूआत की गई। निगम के वार्ड संख्या पांच में बड़गाईं पहाड़ी टोला केंद्र पर राज्य टीकाकरण पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार ने एक बच्चे को टीकाकरण की खुराक देकर सुविधा की शुरूआत की। सभी 24 सेंटर पर बच्चों को टीका लगाया गया। टीकाकरण के पहले दिन कुल 50 बच्चों को विभिन्न तरह की जीवनरक्षक टीका लगाई गई एवं खुराक दी गई। टीकाकरण की सुविधा सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को दिन के नौ से दोपहर दो बजे तक उपलब्ध रहेगी। वेलनेस सेंटर पर सुविधा बहाल करने में रांची के सिविल सर्जन एवं जिला आरसीएच के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

## देह व्यापार के लिए बनाया गया था बंधक, फर्जी आधार कार्ड बरामद

# बांग्लादेश बॉर्डर फांदकर पहुंचीं लड़कियों से कराया जा रहा था देह व्यापार का धंधा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अनाधिकृत रूप से बॉर्डर क्रास कर भारत, फिर रांची आयी तीन लड़कियों को बरियातू थाना पुलिस ने रेसक्यू किया है। लड़कियों ने पूछताछ में बताया कि वे बॉर्डर क्रास कर रांची आयी हैं, जहां उन्हें जिस्मफरोशी के धंधे में धकेल दिया गया है। उन तीनों को रांची में ही बंधक बनाया गया। तीनों लड़कियां किसी प्रकार से जिस्म के सौदागरों के चुंगल से भाग रांची पुलिस के पास पहुंची। तीनों लड़कियां बिना वीजा पासपोर्ट के भारत पहुंची थी और रांची में आकर जिस्म के सौदागरों के जाल में फंस गई थी।

**बाली रिसॉर्ट में रखा गया था :** रांची के बरियातू से बांग्लादेश की रहने वाली तीन लड़कियों को रांची पुलिस की सहायता से जिस्म के सौदागरों के चंगुल से बचा लिया गया है। तीनों बांग्लादेशी और पश्चिम बंगाल की एक लड़की को बरियातू स्थित बाली रिसॉर्ट में बंधक बनाकर रखा गया था। चारों पर अनैतिक देह व्यापार करने का दबाब डाला जा रहा था। अनैतिक देह व्यापार से मना करने पर चारों लड़कियों को कैद करके रखा गया था। इसी बीच एक लड़की किसी तरह रिसॉर्ट की छत से कूद कर भागी और थाना पहुंच गई। थाना पहुंच लड़की ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर सबको बरामद कर लिया।



### चोरी छिपे लाया गया था बांगलादेश से

तीनों को बांग्लादेश बॉर्डर पर लगी बाड़ के नीचे से चोरी छिपे भारत लाया गया था। मामले में तीनों लड़कियों को जेल भेजा जा रहा है क्योंकि उनके पास ना पासपोर्ट है और नहीं वीजा है। एसएसपी के अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है इस मामले में कई अन्य की गिरफ्तारी बाकी है।

### फर्जी आधार कार्ड बरामद

तीनों लड़कियों के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। तीनों का फर्जी आधार कार्ड बंगाल से बनवाया गया था, उसी आधार कार्ड पर वे रांची में रह रही थी। पूछताछ में तीनों बांग्लादेशी लड़कियों ने बताया है कि अब तक कई ऐसी लड़कियां हैं जो चोरी छुपे बांग्लादेश बॉर्डर को पार कर भारत आती हैं और उन्हें विभिन्न शहरों में देह व्यापार काम में लगा दिया जाता है।

पूछताछ में तीनों लड़कियों ने यह खुलासा किया है कि वह सभी बांग्लादेश की राजधानी ढाका के पास स्थित चटगांव की रहने वाली है। तीनों लड़कियों को यह प्रलोभन दिया गया था कि भारत में उन्हें बेहतर नौकरी दी जायेगी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि तीनों लड़कियां बांग्लादेश की रहने वाली है। इस मामले में जो आरोपी फरार है उनकी तलाश की जा रही है साथ ही यह भी तहकीकात की जा रही है कि और कितनी लड़कियां जो बांग्लादेश की रहने वाली हैं जो रांची में है।

चार लड़कियों को देह व्यापार से छुड़ाया गया है। इनमें तीन लड़कियां बांग्लादेश की रहने वाली हैं। इन्हें बांग्लादेश बॉर्डर पर लगी बाड़ के नीचे से चोरी छिपे भारत में लाया गया था। इस मामले में तीनों लड़कियों को जेल भेजा जा रहा है क्योंकि इनके पास न तो पासपोर्ट है और न ही वीजा। इस मामले में अभी कई अन्य लोगों की गिरफ्तारी बाकी है।

**चंदन कुमार सिन्हा, एसएसपी**

## पौधारोपण से पर्यावरण में बड़ा बदलाव संभव : किमी खियांग्ते

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जिसोवा की प्रेसिडेंट किमी खियाँगते ने कहा कि पौधारोपण देखने में तो एक छोटा सा कार्य लगता है लेकिन, पर्यावरण में एक बड़ा बदलाव लाता है। जब एक पौधारोपण किया जाता है तो वह बड़ा होकर पेड़ बनता है और हमें ऑक्सीजन देता है। हवा को शुद्ध करता है, प्रदूषण को घटाता है। एक पेड़ से ना जाने कितने लाभ है। इसलिये हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिये।इसलिये विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिसोवा की ओर से पौधारोपण किया जा रहा है। वे आज नया निमार्णाधीन एटीआई बिल्डिंग परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इस अवसर पर उन्होंने नया निमार्णाधीन एटीआई बिल्डिंग परिसर में पौधारोपण किया। साथ ही, जिसोवा की सदस्यों ने भी पौधारोपण किया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिये अधिक से अधिक पेड़ लगायें। व्यर्थ में बिजली का उपयोग ना करें । रूम से निकलते ही सारे स्विच ऑफ कर देंए यह देखने में एक छोटा काम लगता है परए इससे हम बड़ा बदलाव ला सकते हैं और बिजली बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण को सुरक्षित एवम्‌ संरक्षित करने पर ध्यान देना चाहिए।किसी भी तरह के प्रदूषण को कम करने के उपायों को अपनाने की जरुरत है। प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें। इस अवसर पर पर्यावरण को बचाने का संदेश देने के लिए विभिन्न स्कूल एवम्‌ शिक्षण संस्थानों के बच्चों के लिए पेंटिंग, गीत-संगीत आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर जिसोवा की जॉइंट सेक्रेटरी डॉ दिव्या श्रीवासना, यामिनी, निक्की टोप्पो, जसीना सिद्दीकी, अपर्णा शर्मा, ललिता उराव, सविता पांडेय, अमिता खंडेलवाल, शकुंतला सहित अन्य सदस्य लोग उपस्थित थे।

# सीसीएल में पर्यावरण बचाने को दिलायी गयी शपथ, कई कार्यक्रम हुए आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एक से 5 जून तक सीसीएल ने पर्यावरण जागरुकता के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। निदेशक तकनीकी सतीश झा ने 1 जून 2024 को उद्घाटन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इनमें लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। एक जून को पेंटिंग, क्विज, स्लोगन, निबंध एवं कविता पाठ का आयोजन किया गया। कर्मचारियों के लिए 3 जून 2024 को क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। सूती कपड़े के थैला एवं फलदार वृक्ष के पोधों का वितरण 4 जून 2024 को किया गया। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह की अध्यक्षता में 5 जून को ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसके बाद निदेशक एवं सीवीओ ने पौधरोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



पर्यावरण दिवस के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। ज्ञात हो कि कमांड क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पौधा एवं जुट बैग का वितरण किया गया। कंपनी मुख्यालय, दरभंगा हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचालन) हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) सतीश झा, सीवीओ पंकज कुमार, विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (पर्यावरण) संगीता ने किया।

### सीसीएल मुख्यालय में वाल म्यूरल पेंटिंग का किया गया अनावरण



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस में वाल म्यूरल पेंटिंग का अनावरण किया गया। एशियन साइकिलिंग ट्रैक चैंपियनशिप के पुरुष जूनियर केटेगरी में रजत पदक विजेता जेएसएसपीएस के नारायण महतो और सीसीएल के लाल-लाडली के छात्र-छात्राओं ने इसका विमोचन किया। सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने अपनी शुभेक्षा दी। बताते चलें कि हितधारक एवं कर्मियों के भीतर खुशी और सकारात्मकता के प्रसार व मुख्यालय परिसर को सुंदर बनाने के लिए सीसी एन्ड पीआर विभाग ने वॉल म्यूरल पेटिंग का निर्माण कराया है। यह सीसीएल के समावेशी विकास की थीम पर आधारित है। सीसी एंड पीआर विभाग के अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि यह पेंटिंग कर्मठ कोल कर्मियों के अंतर्मन, कोयला खनन गतिविधि के महत्व और कोल परिवार की खुशहाली को दर्शाती है।

## खबर एक नजर में

### सांसद संजय सेठ ने किया आभार व्यक्त



**रांची।** रांची के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की जीत के बाद बुधवार की शाम विजय जुलूस निकाला गया। शोभा यात्रा में ढोल ताशा नगाड़े एवं राम दरबार का भव्य झांकी निकाली गई। विजयी सांसद संजय सेठ ने पार्टी के पुराने कार्यकर्त्ताओं को देखा तो उन्होंने सभी को अपने पास बुला लिया और पार्टी की ओर से आभार प्रकट किया। विजय जुलूस में पूर्व सांसद अजय मारू, विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, नवीन जयसवाल, वरुण साहू, बलराम सिंह सहित रांची महानगर के सभी पदाधिकारी मंडल के अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में लोग सम्मिलित हुये।

### अर्पिता महिला मंडल सीसीएल ने लगाया पौधा

रांची। जवाहर नगर सीसीएल में अर्पिता महिला मण्डल ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। सीसीएल की अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा एवं सीसीएल सीएमडी की पत्नी प्रीति सिंह ने मंडल के अन्य सदस्यों के साथ जवाहर नगर इको-पार्क मे सूती कपड़े का थैला, भोजन सामग्री एवं बड़ी संख्या में फलदार वृक्ष के पोधों का वितरण किया। पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रीति सिंह ने मंडल के अन्य सदस्यों के साथ पौधारोपण भी किया और साथ ही सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर इन्दु मिश्रा, शशि दुहन, किरण झा उपस्थित थी।

### अघोर पथ नागरिक मंच ने किया पौधरोपण

**रांची।** विश्व में आज पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। यह हर साल 5 जून को मनाया जाता है। अघोर पथ नागरिक मंच ने भी पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। अघोर पथ मोहल्ले वालों ने पीपल, मोहगनी, कोईनार, गुलमोहर और कंडेल के पोधे लगाये। मंच ने चीनी मिट्टी कारखाना में पीपल का पौधा लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। लोगों ने इस वर्ष ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विक्रम शाहदेव, ब्रिज नंदन प्रसाद, राजेश शाहू, राजू गुप्ता, मनोज ओराव, नागदमनी शाहदेव, अमित कश्यप, मोहल्ले व आंचल शिशु आश्रम के बच्चों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### बड़ा पूजा महोत्सव शोभा यात्रा के साथ शुरू

**रांची।** तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव बुधवार को शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। शाम में शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई। शोभायात्रा किलबर्न कॉलोनी, हिनू चौक से होते हुए मणिटोला मंदिर पहुँच पहुंची। शोभायात्रा में उड़ीसा के संघी बाजा, राँची के ताशा पार्टी, बंगाल से ढकी, झारखंड के परंपरागत ढोल नगाड़ों के साथ हजारों भक्तगण शामिल हुए। इस मौके पर मां को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। शाम में पूजा-अर्चना हुई। यह जानकारी जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट के सचिव पवन पासवान ने दी।

### बीएयू में विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के एनएसएस सेल एवं वानिकी संकाय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखापन विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने कहा कि मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा एक मूक और अदृश्य संकट है, जो लोगों और ग्रह को प्रभावित करता है। चूंकि मानव जीवन को कई आवश्यक गतिविधियों के लिए उपजाऊ और उत्पादक भूमि की आवश्यकता होती है। इसलिये मरुस्थलीकरण सतत विकास के लिए एक बड़ी बाधा है और गरीबी, खराब स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा की कमी, जैव विविधता की हानि, पानी की कमी, जबरन पलायन और जलवायु परिवर्तन या प्राकृतिक आपदाओं के प्रति कम लचीलापन को बढ़ाता है। हम लोगों को अपने आसपास के वातावरण को भी सुरक्षित करना होगा। पर्यावरण की सुरक्षा का मतलब मात्र पेड़ पौधा लगाना ही नहीं है इसमें बिजली बचाना, पानी बचाना भी शामिल है। हम सबों को प्रतिज्ञा लेनी होगी कि कम से कम पांच पौधे लगायें एवं उसे संरक्षित रखें।

## रांची विश्वविद्यालय में मना विश्व पर्यावरण दिवस

# एक डिग्री से. भी पृथ्वी का तापमान बढ़ा तो कई महानगर डूब जायेंगे : अजीत सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आइक्यूएसी तथा एनएसस द्वारा संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, पूर्व आइएफएस प्रियेश कुमार वर्मा, पूर्व आइएफएस प्रदीप कुमार, कुलसचिव रांची विश्वविद्यालय डॉ. विनोद नारायण, डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश कुमार साहु उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों को डॉ. स्मृति सिंह ,डा. किशोर सुरीन, व अन्य द्वारा शौल, स्मृति चिन्ह के साथ पौधा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर वीसी ने कहा कि जब वे रांची पढ़ने आये थे तो जून में शाम में प्रायः इतनी ठंड हो जाया करती थी कि हम गर्म कपड़े पहनते थे। आज स्थिति भयावाह हो गयी है। पृथ्वी का एक डिग्री भी तापमान बढ़ा तो समुद्र का स्तर इतना ऊंचा उठ जायेगा कि उसमें कई शहर डूब जायेंगे। जंगल कम होंगे तो जंगली जानवर शहर की ओर ही आयेंगे। जंगलों, पहाड़ों तालाबों को बर्बाद करके हम अपने कदम विनाश की ओर बढ़ा रहे हैं। हमें चेत जाना चाहिये और प्रत्येक व्यक्ति को जितने ऑक्सीजन की आवश्यकता है उतने के लिए स्वयं पेड़ पौधे लगाने के चाहिये। कुलपति ने सबों से शपथ दिलवाई कि हम अपने प्रत्येक जन्मदिन पर वृक्ष लगायेंगे।



पूर्व आइएफएस प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि आज हमने धरती के पर्यावरण को ही संकट में डाल दिया है। अब इसका परिष्कार भी हमें ही करना होगा। श्री प्रियेश कुमार वर्मा ने कहा कि पृथ्वी के पर्यावरण को हमने जिस प्रकार नुकसान पहुंचाया है उसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ सकता है। अगर हमने वनों और नदियों तालाबों की बबार्दी ऐसे ही जारी रखा तो पृथ्वी के विनाश के लिये किसी परमाणु बम की आवश्यकता नहीं होगी।

डॉ. ब्रजेशकुमार ने कहा कि हमारा शरीर पांच तत्वों से बना है और पर्यावरण संकट से इन पांचों तत्वों का बैलेंस भी बिगड़ता है।

## पर्यावरण संरक्षण में पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक पहल की भूमिका महत्वपूर्ण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट- सीड के तत्वावधान में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण दिवस की थीम के अनुरूप गत 26 मई को शुरू इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भूमि संरक्षण को बढ़ावा देना, सुखाड़ की स्थिति से निबटने और भू-क्षरण को रोकने के मुद्दे पर जन जागरूकता फैलाना एवं सामुदायिक पहल को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में वन विभाग की प्रधान सचिव सह मुख्य अतिथि वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार समावेशी विकास प्राप्त करने, पर्यावरण संरक्षण एवं सततशील प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड को पारम्परिक रूप से हरित एवं सुरम्य प्रदेश है। इसलिये हमारे सम्मिलित प्रयासों से राज्य को पर्यावरण संरक्षण एवं सततशील विकास का एक उच्च मानदंड कायम रखना चाहिये। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख डॉ संजय ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस एक प्रेरणादायी दिन है, जो हर व्यक्ति के योगदान के महत्व को रेखांकित करता है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष शशिकर सामंत ने कहा कि वैज्ञानिक समाधानों और स्थानीय स्तर पर सततशील कदम उठा कर हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम कर सकते हैं। वातावरण में कार्बन फुटप्रिंट को कम कर सकते हैं और सभी के लिए खुशहाल भविष्य तैयार कर सकते हैं। कार्यक्रम में सिद्धार्थ त्रिपाठी, पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल, सीड के सीईओ रमापति कुमार ने भी जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण सरंक्षण पर अपने विचार रखे।

# मुद्दें जन से जुड़े हो

लोकसभा चुनावों के परिणामों ने सत्ताधीशों को बताया है कि बेरोजगारी, महंगाई और आम जीवन से जुड़े मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हरियाणा व राजस्थान में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया का प्रतिकार युवाओं की अभिव्यक्ति के रूप में इन चुनावों में नजर आने की बात कही जा रही है। पेपर लीक की घटनाओं ने युवाओं को ही नहीं, उनके परिजनों को भी व्यथित किया। युवाओं के देश में हर हाथ को काम देना सरकारों को अपनी प्राथमिकता बनानी होगी। वहीं उड़ीसा व अरुणाचल में भाजपा की अप्रत्याशित कामयाबी भी सामने आई है। अब केरल में उसका खाता खुला है और तेलंगाना में सीटें बढ़ी हैं। उसका वोट प्रतिशत भी कमोबेश बढ़ा है, भले ही ये वोट सीटों में न बदल सके हों। दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल व गुजरात में उसकी बड़ी कामयाबी जरूर पार्टी का उत्साह बढ़ाने वाली है। लेकिन हरियाणा में डबल इंजन की सरकार के बावजूद कम सीटें मिलना और राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव भी होने हैं। यह भी सच है कि भाजपा के एक पक्ष में एक बात यह जरूर है कि देश में वर्ष 1962 में पं. नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस के लगातार तीसरे बार सरकार बनाने का रिकॉर्ड नरेंद्र मोदी दोहराने वाले हैं। यह भी कि अब पार्टी स्वीकारे कि लोकतंत्र सत्तापक्ष और विपक्ष के सामंजस्य व तालमेल से ही समृद्ध होता है। मजबूत विपक्ष लोकतंत्र में सचेतक की भूमिका निभा सकता है। बहरहाल, हाल के वर्षों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने निर्भीक होकर जिस तरह सत्ता पक्ष का मुकाबला किया, देशव्यापी सफल पदयात्राएं की, उससे शेष विपक्ष को मुखर बनाने में मदद मिली। वैसे तीसरी पारी में भी भाजपा गठबंधन को बहुमत और अकेले पूरे इंडिया गठबंधन से अधिक सीटें लाना भारत जैसे जागृत लोकतंत्र के लिये एक बड़ी सफलता है।

# बेहाल बच्चे

बच्चे हमारी वोट बैंक राजनीतिक भागीदारी के लक्ष्य नहीं है। इसलिए, सरकार में बच्चों की न्यूज फ्रंट पेज नहीं है। हमारे देश में उत्तरजीविता, स्वास्थ्य, पोषण,शिक्षा और विकास, सुरक्षा उपायों के बाद भी, यह अभिशाप क्यों मौजूद है? सरकार द्वारा बाल अपराध, मानव तस्करी को रोकने के लिए कई प्रयास किए गए हैं लेकिन कई कारण हैं जो अपर्याप्त हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध व्यापार के अधिक मामले सामने आए हैं। तस्करी वह जगह है जहां बच्चों और युवाओं को बरगलाया जाता है, मजबूर किया जाता है या उनके घरों को छोड़ने के लिए राजी किया जाता है और उन्हें स्थानांतरित या परिवहन किया जाता है और फिर उनका शोषण किया जाता है, उन्हें काम करने या बेचने के लिए मजबूर किया जाता है। बच्चों का शोषण किया जाता है, यौन शोषण, धोखाधड़ी की जाती है। श्रम, वित्तीय बाधाओं की खोज ने इन बच्चों को मानव तस्करी के प्रति अधिक संवेदनशील बना दिया। बच्चों के लिए किए गए उपायों के बाद भी यह बहुत दयनीय स्थिति है। हमारे देश में बच्चों के कल्याण के लिए कानूनी उपाय एवं संवैधानिक प्रावधान किये गए हैं जैसे- अनुच्छेद 21 (ए): - 6-14 आयु वर्ग की अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान,अनुच्छेद 24 चौदह वर्ष की आयु तक खतरनाक कार्य में बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि राज्य सरकारों द्वारा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस भी स्थापित की गई है, लेकिन उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में मानव तस्करी बढ़ रही है। तालाबंदी में बाल तस्करी और बढ़ते बाल श्रम के कारणों में स्कूलों के बंद होने के कारण, तटीय क्षेत्रों के कुछ बच्चे मत्स्य उद्योग में शामिल हो गए। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने कार्रवाई की और इसे बंद कर दिया। आखिर इन मुददों पर केन्द्र और राज्य की अगंभीरता चिंता का विषय है।

# भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से क्या फर्क पड़ता है ?



**लोकसभा** चुनाव-2024 में जिस तरह का चुनावी परिणाम आया है, उसने अच्छे-अच्छे राजनीतिक विश्लेषकों को धूल चटा दी है, एनडीए नीत भाजपा की मोदी सरकार को 300 पार के सभी बड़े-बड़े दावे धरे रह गए और देश की जनता ने मजबूत विपक्ष देकर यह संदेश देने की कोशिश की है कि सहमति और विरोध का स्वर बराबर का हो, किंतु इसके साथ ही अनेक प्रश्न आज इस बार के चुनावों ने भारतीय राजनीति के लिए समीक्षा करने की दृष्टि से छोड़ दिए है । देश में नया नैरेटिव यह है कि किसी को भी भारत की जनता लोकतंत्र में इतना मजबूत नहीं देखना चाहती कि वह अन्य को छोटा समझने की मानसिकता रखे या उनके बारे में थोड़ा भी कमजोर सोच पाए, लेकिन इसके साथ जो बड़ा प्रश्न आज खड़ा हो गया है, वह है कमजोर सत्ता क्या एक सबल राष्ट्र के निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकती है ?

यह आज सभी के सामने है कि कैसे जनता ने भाजपा को पूरी तरह अपने दम सत्ता बनाने से उसे रोक दिया है, किंतु यह सच पूरे भारत का फिर भी नहीं है। देश के कई राज्यों ने शत प्रतिशत भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताया है। लोकसभा की 542 सीटों की काउंटिंग में दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है। देश की राजधानी से हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश तक भाजपा पर भारत की जनता मोहित है, लेकिन वहीं, एक सच यह भी है कि इस बार का जनादेश बीजेपी से ज्यादा एनडीए के लिए है। बड़ी बात यह है कि दस सालों में पहली बार ऐसा हुआ है कि एनडीए का आंकड़ा 300 भी पार नहीं कर पाया और बीजेपी भी बहुमत के 272 के आंकड़े को नहीं छू पाई है, इसलिए उसे अपने सहयोगियों के सहारे देश का शासन चलाना होगा। अब प्रश्न यह है कि क्या ऐसे में देश बड़े निर्णय कर पाएगा?

क्योंकि अब तक पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाजपा सरकार सख्त फैसले लेने के लिए स्वतंत्र थी, किंतु इस बार ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। पिछले 10 साल सबसे अधिक परिवर्तनकारी रहे हैं। अब तक भाजपा की मोदी सरकार एक ऐसी सरकार रही है जिसने दशकों पुरानी समस्याओं को हल करने में बड़ी कामयाबी हासिल की ।

अनुच्छेद 370 को हटाने, सेना के लिए वन रैंक वन पेंशन, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का सृजन, अयोध्या, काशी जैसे धार्मिक क्षेत्र निर्माण, राम मंदिर पुनर्प्रतिष्ठा, मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक क्षेत्र में कई कड़े निर्णय, व्यवसाय के क्षेत्र में जीएसटी, इन्सॉल्वेन्सी एंड बैंकरप्सी कोड, नोटबंदी, काले धन के खिलाफ अभियान, क्रोनी कैपिटलिज्म, सरकारी ठेके में भ्रष्टाचार को खत्म करने विशेष कार्यक्रम, भारतीय उद्योग के लिए आत्मनिर्भर अभियान शुरू करना, नारी शक्ति वंदन कानून, अंतरिक्ष में भारत की ऊंची छलांग के लिए मजबूत कार्यक्रम, खेल सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए निर्णय, सहकारिता आंदोलन को समाज की अर्थव्यवस्था का प्रमुख हिस्सा बनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय जैसे निर्णय मोदी सरकार के बड़े निर्णय रहे हैं।



-डॉ मयंक

> एक सच यह भी है कि इस बार का जनादेश बीजेपी से ज्यादा एनडीए के लिए है। बड़ी बात यह है कि दस सालों में पहली बार ऐसा हुआ है कि एनडीए का आंकड़ा 300 भी पार नहीं कर पाया और बीजेपी भी बहुमत के 272 के आंकड़े को नहीं छू पाई है, इसलिए उसे अपने सहयोगियों के सहारे देश का शासन चलाना होगा। अब प्रश्न यह है कि क्या ऐसे में देश बड़े निर्णय कर पाएगा?

इसी तरह से मैन्युफैक्चरर्स के लिए पीएलआई कार्यक्रम ने भारतीय उद्योग को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है । आधार कार्यक्रम, डिरेक्ट बेनेफि ट ट्रांसफर (डीबीटी कार्यक्रम) और व्यापक स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम हों या विदेशी मामलों से जुड़े निर्णय हरेक मोर्चे पर अब तक मोदी सरकार दृढ़ता से खड़ी नजर आई है। पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर बेनकाब करने से लेकर चीन की आक्रामता का वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दिया गया भारत का जवाब, ऐसे अनेक कार्य हैं जिन्हें आज भाजपा की मोदी सरकार को लेकर सफलता के साथ गिनाया जा सकता है और इन्हीं का यह परिणाम भी है कि भारत दुनिया की वर्तमान में तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है।

किंतु संदेह अब नया है और यह होना स्वभाविक भी है, क्योंकि अब तक तो भाजपा पिछले दो बार से अपने दम सत्ता के लिए आवश्यक नंबर लेकर आ रही थी, वह इस बार अपना स्वयं का बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई है। जिसके चलते अब सामूहिक नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) का नया साझा प्रोग्राम देश पर लागू होगा और इस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में कुल 41 दल शामिल हैं। विषय यह है कि क्या इन सभी के मन की बात को रखते हुए भाजपा @ मोदी-03 सरकार अपने स्तर पर स्वतंत्र निर्णय ले पाएगी?

भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जो अपना घोषणा पत्र जारी किया था, उसमें कई मुख्य बिन्दु हैं, जिन्हें पूरा करने का संकल्प भाजपा का है । जिसमें कि सरकार ने 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी तो है ही, साथ में एक राष्ट्र-एक चुनाव और समान नागरिक संहिता के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराया गया है।

भाजपा के संकल्प पत्र में अन्य मुख्य बिन्दु देखें तो मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करना, सभी घरों में स्वच्छ पेयजल, गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली, अधिकाधिक आईआईटी, आईआईएम, एम्स और अन्य ऐसे संस्थान खोलना, उत्तर, दक्षिण और पूर्वी भारत में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, पेपर लीक रोकने के लिए कानून , विद्यार्थियों के लिए स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (एपीएएआर) 'एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी' को लागू करना, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावासों में वृद्धि, तीर्थ यात्रा योजना, उच्च शिक्षा संस्थानों में इन्क्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना, सब्जी उत्पादन एवं भंडारण के लिए नए क्लस्टर, भारत को उच्च मूल्य सेवा केन्द्र बनाने के लिए, नए वैश्विक पूंजी केन्द्र, वैश्विक प्रौद्योगिकी केन्द्र और वैश्विक इंजीनियरिंग केन्द्र की स्थापना, भारत के प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान को प्रक्षेपित करना तथा चंद्रमा पर एक अंतरिक्ष यात्री को उतारना, भगवान राम की विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक आउटरीच कार्यक्रम शुरू करने जैसे अनेक संकल्प रखे गए ।

## खास बात

### ज्ञान योग बुद्धि का योग है

**स्वामी मुक्तरथ**



अगर हम भक्ति को मन का योग मानते हैं, तो ज्ञान योग बुद्धि का योग है, ऋषि या विद्वान का मार्ग है। इस पथ पर चलने के लिए योग के ग्रंथों और ग्रंथों के अध्ययन के माध्यम से बुद्धि के विकास की आवश्यकता होती है। ज्ञान योग को सबसे कठिन माना जाता है और साथ ही साथ सबसे प्रत्यक्ष। योग कब करें या योग करने का सही समय क्या है? -

सुबह सूर्योदय से पहले एक से दो घंटे योग के लिए सबसे अच्छा समय है। अगर सुबह आपके लिए मुमकिन ना हो तो सूर्यास्त के समय भी कर सकते हैं। इसके अलावा इन बातों का भी खास ध्यान रखें:

अगर दिन का कोई समय योग के लिए निर्धारित कर लें, तो यह उत्तम होगा।

सब आसन किसी योगा मैट या दरी बिछा कर ही करें।

आप योग किसी खुली जगह जैसे पार्क में कर सकते हैं, या घर पर भी। बस इतना ध्यान रहे की जगह ऐसी हो जहाँ आप खुल कल साँस ले सकें।

योगाभ्यास शुरू करने से पहले सही मानसिक स्थिति क्या है? - योग आसन हमेशा मन को शांतिपूर्ण अवस्था में रख कर किए जाने चाहिए। शांति और स्थिरता के विचार के साथ अपने मन को भरें और अपने विचारों को बाहारी दुनिया से दूर कर स्वयं पर केंद्रित करें। सुनिश्चित कर लें कि आप इतने थके ना हों कि आसन पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ हों अगर थकान ज्यादा हो तो केवल रिलैक्स करने वाले आसन ही करें। **योगाभ्यास के दौरान सही मानसिक स्थिति क्या है?** -आप जो आसन कर रहे हैं, उस पर गहरा ध्यान लगायें। शरीर के जिस अंग पर उस आसन का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है, उस पर अपनी एकाग्रता केंद्रित करें। ऐसा करने से आपको आसान का आशिकतम लाभ मिलेगा। आसन करते समय, श्वास बहुत महत्वपूर्ण होता है। आसन के लिए जो सही श्वास करने का तरीका है वैसा ही करें (कब श्वास अंदर लेना है और बाहर छोड़ना है)। अगर आपको इसका ग्यात ना हो तो जो सामान्य लयबद्ध श्वास रखें।

# इन्द्र का राज

## धर्म-प्रवाह

**सुभाष काक**

**वेद** हमें बताते हैं कि देवता रहते हैं मन के भीतर। लेकिन शरीर को भी मन का ही विस्तार माना जाता है, इसलिए देवताओं को भी आप भौतिक स्वरूप में देख सकते हैं। इसके चलते ही योग, तंत्र और वास्तुकला तक में आपको मिलता है देवों का वर्णन। वैदिक तरीका मानता है कि वास्तविकता विरोधों का संयोग है। हम बनने और न बनने के बीच में लटके हैं। अतीत की डराने वाली यादों और भविष्य के डर में फंसे। हममें से हर व्यक्ति के अंदर होते हैं ऊंचे विचार, लेकिन साथ ही उत्कंठा और लालच भी। देवों और राक्षसों के बीच संघर्ष का मैदान हैं हम।

वास्तविकता के प्रति दृष्टिकोण के दो पहलू उपनिषद के दो महावाक्यों ने दिए हैं, 'मैं ब्रह्म हूं' या 'मैं ब्रह्मांड हूं' यानी अहम ब्रह्मास्मि और 'यह नहीं, यह नहीं' अर्थात नेति, नेति। यह दो कलात्मक शैलियों को जन्म देता है। एक है संपन्न और सुसज्जित। दूसरी है अपर्याप्त और सादा। एक असीम संभावनाओं और संरचना की बात करता है, जबकि दूसरा शून्यता की। इनमें से प्रत्येक दूसरे का आधार है। वेदों में बताए गए विरोधाभास का यही सार है। इससे हमें सीखने में मदद मिलती है कि कोई भी एक वस्तु नहीं, बल्कि प्रक्रिया है। एक ओर हैं जटिल अनुष्ठान और दूसरी तरफ ध्यान की सरलता। जीवन की प्रक्रिया में इन दोनों ही शैलियों को शामिल होना है। वेदों के प्रति पश्चिमी दृष्टिकोण ने इसे समझने में न केवल भूल की, बल्कि पीढ़ियों तक आम लोगों और विद्वानों को भ्रम में डाले रखा।

## कॉर्टून वर्ल्ड

कलम की आजादी



## लेटर टू एडिटर

### संगठन मजबूत हो

कांग्रेस का मजबूत होना देश के हित में है। सोशल मीडिया पर ट्वीट रूपी दुखड़ा रोने की आदत छोड़कर राहुल पार्टी संभाले। कांग्रेसी शासित राज्यों में मौजूद नेतागण अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में जमीनी स्तर पर जनता के लिए कार्य करें। वे गली-कूचों में घूमकर समस्याओं का निवारण करेंगे तो शायद पार्टी की स्थिति सुधरे। कांग्रेस को नेतृत्व क्षमता, विकास करना होगा।

**- पिंटू रातू**

### नशे की लत

कई कलाकारों की मौत के बाद फिल्म उद्योग में भूकंप आ गया है। जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। ड्रग्स के मामले भी उजागर हो रहे हैं, जिसमें कई सितारों के नाम भी सामने आ रहे हैं। यह बहुत आश्चर्यजनक है कि बड़े पैमाने पर बॉलीवुड में नशीली दवाओं का उपयोग किया जाता है। देश की जनता विशेषकर युवा वर्ग को क्या संदेश जाएगा।

**-नरेंद्र खूंटी**

**बेशुमार** मोहब्बत देने के लिए वायनाड और रायबरेली की जनता का बहुत बहुत धन्यवाद।

अगर मेरे बस में होता, तो मैं दोनों ही जगह का सांसद बने रहना पसंद करता।

**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

## आपके ट्वीट



**आप** सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं। आइये, आज अपने पर्यावरण, अपनी धरोहर, अपने जंगलों को बचाने का संकल्प लें। जन्मदिन, विवाह एवं जीवन के हर खास मौके को यादगार बनाने के लिए पेड़ लगायें।

**- चंपई सोरेन, सीएम**



**विश्व** पर्यावरण दिवस पर मुझे एकपेड़माँकेनाम अभियान शुरू कर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं दुनियाभर के लोगों से आग्रह करता हूं कि वे अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं।

**- नरेन्द्र मोदी**

# कैसे रुक पाएंगे बाल तस्करी और बाल विवाह

**डॉ सत्यवान सौरभ,**

## समस्या

**नेशनल** चाइल्ड लाइन -1098 द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, बाल अपराध के मामलों में कोरोना लॉकडाउन के दौरान भारी वृद्धि दर्ज की गई है। नेशनल चाइल्ड लाइन -1098 द्वारा लॉकडाउन के दौरान आंकड़े प्रदान किए गए हैं जो बाल तस्करी की एक अलग तस्वीर पेश करता है। देखे तो लॉकडाउन के दौरान, बाल तस्करी और बाल विवाह जैसी प्रवृत्ति बढ़ रही है।

मार्च 2020 से अगस्त 2020 के दौरान, चाइल्डलाइन ने 1.92 लाख मामलों में जमीनी हेरफेर किया, जबकि इसी अवधि में 2019 में यह संख्या 1.70 लाख थी। मार्च 2020 से अगस्त 2020 तक संकट कॉल की संख्या 27 लाख थी, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 36 लाख थी। निश्चित रूप से, परिस्थितियों के अनुसार इसे कम होना चाहिए था। अप्रैल से अगस्त 2020 के बीच 10000 बाल विवाह के मामले सामने आए हैं।

कई अलग-अलग कारण हैं जो बाल तस्करी को जन्म देते हैं, प्राथमिक कारण गरीबी, कमजोर कानून प्रवर्तन और अच्छी गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा की कमी है। बच्चों का लाभ उठाने वाले तस्कर भारत के किसी अन्य क्षेत्र से हो सकते हैं, या बच्चे को व्यक्तिगत रूप से भी जान सकते हैं। बाल तस्करी लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में सबसे अधिक बार होती है। बाल तस्करी विकासशील देशों में भी सबसे अधिक प्रचलित है, हालांकि यह विकसित और औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में भी होता है। भारत में वेश्यावृत्ति के लिए एक नाबालिग (16 साल से कम) की तस्करी को 7 साल की कैद से लेकर उम्रकैद तक की सजा और जुमार्ना है। जबकि एक नाबालिग लड़की (18 वर्ष से कम) या किसी विदेशी लड़की (21 वर्ष से कम) को यौन शोषण के लिए उकसाना, 10 साल तक की कैद और दंड के साथ दंडनीय है

प्रशासनिक मशीनरी का ध्यान कोरोना से बचने के लिए था, इसलिए आपराधिक तत्वों को बाल अपराध करने का अवसर मिला। कुल मामलों में से, बाल विवाह, यौन अपराध, भावनात्मक अपराध और साइबर अपराध से संबंधित 32700 मामले सामने आये हैं। जिनमें 10000 मामले केवल बाल विवाह के थे। तालाबंदी के दौरान भी कई उद्योग संचालित हो रहे थे। इन उद्योगों में बाल श्रम गतिविधियों को देखा गया है।

जबकि अनुच्छेद 39 (ई) - राज्य को यह सुनिश्चित करने को कहता है कि निविदा आयु के बच्चों का दुरुपयोग न हो. अनुच्छेद ४५ में बचपन की देखभाल के लिए राज्य का कर्तव्य एवं अनुच्छेद 51 कहता है कि माता-पिता का ये मौलिक कर्तव्य है कि वे अपने बच्चे को 6 वर्ष 14 आयु वर्ग के लिए शिक्षा प्राप्त करने के लिए सुनिश्चित करें.

2013 में आई बच्चों के लिए राष्ट्रीय नीति 18 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक व्यक्ति के रूप में एक बच्चे को परिभाषित करती है यह जीवन, अस्तित्व, विकास (मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक, सांस्कृतिक, संज्ञानात्मक), शिक्षा, स्वास्थ्य और भागीदारी के अधिकार की रक्षा और हिंसा और शोषण के खिलाफ है।

देश भर में महिला और बाल विकास मंत्रालय बच्चों के कल्याण के लिए योजनाओं का अवलोकन करता है इस मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय बाल हेल्पलाइन 1098 की स्थापना की गई राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बाल अधिकार अधिनियम 2005 के संरक्षण में एक वैधानिक निकाय है इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाल अधिकार सुरक्षित और संरक्षित हैं और उनकी नीतियां बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के साथ संरेखित हैं। निश्चित तौर पर यह बड़ी समस्या है।

# बच्चों की पोषण और शोषण की समस्या से जूझता देश

**प्रमोद जोशी**

## समस्या

**देश** का भविष्य पोषण पर निर्भर करता है। बच्चों को अपने जीवन के शुरूआती समय में सही पोषण नहीं मिलेगा, तो भविष्य में उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होगा। इससे उनकी कार्य-क्षमता प्रभावित होगी। उनकी उत्पादकता कम होगी जिसका असर राष्ट्रीय उत्पादकता पर पड़ेगा।

किसी देश के नागरिकों की बौद्धिक और शारीरिक क्षमता कम होने के कारण वहां के सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट आती है, इसलिए खाद्य कार्यक्रम को केवल गरीबों तक भोजन पहुंचाने तक सीमित नहीं मान लेना चाहिए। इसके लिए एक वृहत और व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार चाहती है कि 2022 तक कुपोषण से बच्चों को पूरी तरह छुटकारा दिलाया जाए, पर जागरूकता के अभाव में ऐसा होता दिखाई नहीं पड़ता।

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की 75वीं वर्षगांठ और विश्व खाद्य दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, आंगनबाड़ी-आशा कार्यकताओं आदि को बधाई दी।

महामारी के इस दौर में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि है हमारा अन्न भंडार। दूसरी उपलब्धि है देश का खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, जो हर नागरिक को वहनीय मूल्यों पर अच्छी गुणवत्ता के अन्न की पर्याप्त मात्रा पाने का अधिकार देता है।

पहली नजर में विश्व खाद्य दिवस एक औपचारिक कार्यक्रम है। गहराई से देखें, तो यह हमारी बुनियादी समस्या से जुड़ा हुआ है। चाहे व्यापक वैश्विक और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखें या निजी जीवन में। संयोग से कोरोना-काल में हमने मजबूरन अपने आहार-व्यवहार पर ध्यान दिया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जब विश्व कोविड महामारी से जूझ रहा था तो सरकार ने 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया। प्रधानमंत्री ने नवंबर तक देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने की घोषणा की थी। यह कार्यक्रम अभी जारी है। इसे अभी और आगे बढ़ाने पर भी विचार किया जाना चाहिए।

अस्सी करोड़ लोगों तक मुफ्त अनाज पहुंचाना बड़ी उपलब्धि है, पर इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर कई सवाल भी हैं। मार्च-अप्रैल में शहरों में रह रहे उन प्रवासी मजदूरों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया था, जिनके रोजगार अचानक छिन गए। तमाम लोग उस अन्न से इसलिए वंचित रहे, क्योंकि या तो उनके पास राशन कार्ड नहीं थे या गरीबी या उम्र की पात्रता नहीं थी। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय नहीं हो पाने के कारण भी समस्याएं खड़ी हुईं। हमारे पास पर्याप्त अन्न है और हमने उसके निःशुल्क वितरण की योजना भी बनाई, पर कुछ लोग यह लाभ उठाने से वंचित रह गए।

हमारे खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि कुपोषण से लड़ना भी है। पिछले साल के अंत में जारी किए गए राष्ट्रीय पोषण सर्वेक्षण ने एक भयावह सत्य का उद्घाटन किया।

देश में छह से 23 महीने की उम्र के केवल 6.4 प्रतिशत बच्चों को ही वह न्यूनतम स्वीकार्य पोषण मिल पाता है, जिसकी सिफारिश विश्व स्वास्थ्य संगठन ने की है। विडंबना है कि यह समस्या केवल गरीबी के कारण ही नहीं है। संपन्न और शिक्षित परिवार भी बच्चों के पोषण को लेकर सजग नहीं।

इस सर्वे का सबसे ज्यादा चौंकाने वाला तथ्य यह है कि आर्थिक, शैक्षिक और विकास के पैमानों पर ऊंचे पायदान पर खड़े राज्यों की स्थिति ज्यादा खराब है। इसका मतलब है कि पोषण को लेकर जागरूकता का अभाव है। इस सर्वे के अनुसार आंध्र में मात्र 1.3 प्रतिशत शिशु उपयुक्त पोषण पाते हैं, जबकि महाराष्ट्र में सिर्फ 2.2, गुजरात, तेलंगाना और कर्नाटक में मात्र 3.8 और तमिलनाडु में 4.2 प्रतिशत। सबसे बेहतर सिक्किम है जहां 35.2 प्रतिशत शिशु समुचित पोषण हैं और दूसरे स्थान पर केरल (32.6) है।

# रामगढ़ में ढाई टन डोडा जब्त, तीन तस्कर धराये

## रामगढ़ पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▶▶ करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये का है नशीला पदार्थ**



रामगढ़। पुलिस ने करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये मूल्य के डोडा की बड़ी खेप जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने डोडा की इस खेप को एस्कॉर्ट कर रहे वाहन के साथ तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। रामगढ़ पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि मंगलवार रात गुप्त सूचना मिली कि नशे के सौदागर लाल रंग के छोटे ट्रक में डोडा को रांची से हजारीबाग के रास्ते पंजाब ले जा रहे हैं। इस पर पुलिस अधीक्षक ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की। टीम ने एस्कॉर्ट वाहन और ट्रक में 117 बोरियों में 2,407 किलो डोडा जब्त किया, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य करीब 3.5 करोड़ रुपये है। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक और ट्रक को एस्कॉर्ट कर रहे दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की पूछताछ में इन नशा कारोबारियों ने बताया कि वे इसे खूंटी से पंजाब ले जा रहे थे। पकड़े गए मुख्य आरोपित का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल जा चुका है। उसके परिवार के लोग भी नशा कारोबार में संलिप्त हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छोटा 6 चक्का ट्रक रजिस्ट्रेशन नं0 जेएच02बीएम-1998 में बैठे चालक द्वारा आरंभित पूछताछ में नाम बलेश्वर गंझू उम्र करीब 40 वर्ष, स्व. जीतन गंझू, सा कांसीयातू-चोरबोरा टोला, थाना-सिमरिया, जिला-चतरा बताया गया। भागने का कारण पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि इस गाड़ी में डोडा लोड किया हुआ है। पकड़ाये एक्सयूवी कार में बैठे व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उक्त वाहन में डोडा को परिवहन कर पंजाब ले जा जाया जा रहा था। ट्रक का जांच करने पर डाला के अन्दर अलग-अलग कुल-117 (एक सौ सत्तरह) बोरा में कुल 2407.1 (दो हजार चार सौ सात) किलोग्राम अवैध डोडा (चूर्ण अवस्था में), ट्रक रजि० नं०-जेएच02बीएम-1998 के डाला में अवैध डोडा के उपर एवं पीछे की तरफ डोडा को कवर किया हुआ अलग-अलग प्लास्टिक बोरा में कुल 25 बोरा चावल भुरसी एवं एक्सयूवी कार रजि० नं0-जेएच01डीएच-9760 के बीच के सीट के नीचे एक प्लास्टिक के थैले में कुल 01 किलोग्राम डोडा (चूर्ण अवस्था में) बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध डोडा तस्करी करना एक संज्ञेय अपराध है। जिसके आरोप में चालक बलेश्वर गंझू उम्र करीब 40 वर्ष पे स्व. जीतन गंझू, सा० कांसीयातू-चोरबोरा टोला, थाना-सिमरिया, जिला-चतरा, आजम अंसारी उर्फ बब्लू उर्फ सीन्दु उम्र करीब 22 वर्ष पे आजाद अंसारी, सा सुन्दरू, थाना-कुडू, जिला-लोहरदगा एवं मो० रासीद उर्फ गोल्डेन उम्र करीब 24 वर्ष पे मो० सुलेमान, सा० सिबला, थाना-बरियातु, जिला-लातेहार, डोडा तस्कर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा एवं मादक पदार्थ के विरूद्ध नियमित रूप से चलाये जा रहे अभियान के तहत भारी मात्रा में अवैध डोडा की बरामदगी एवं तस्करों का गिरफ्तारी किया गया है। छापेमारी में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पुनि मांडू अंचल सुरेश लिंडा, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुजू ओपी प्रभारी दिगम्बर पांडेय, साबिर हुसैन, मनीष कुमार व अन्य जवान शामिल थे।

# सुशीला देवी हत्याकांड में फरार अमीन गिरफ्तार

**▶▶ दो जोड़ा चांदी का पायल, एक जोड़ा बिछिया, एक गमछा में 8 चाबी और अन्य सामान जब्त**



**रामगढ़**। शहर के विद्यानगर मोहल्ले में 60 वर्षीय शुशीला देवी हत्याकांड मामले में रामगढ़ पुलिस ने एक और आरोपी को दबोचा। इस मामले की जानकारी बुधवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त रेलवेकर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में बीते 30 मई को उनकी पत्नी सुशीला देवी की हत्या, कर नकदी एवं आभूषण लूट पाठ कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से घर में अगजनी कर सनसनी खेज की घटना का नाम दिया गया था। इस मामले में रामगढ़ थाना कांड संख्या 150/24 के तहत मामला दर्ज कर 72 घंटे के अंदर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई। इसी मामले में चौथा आरोपी मगनपुर गोला निवासी कासिफ मून अमीन को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार काशिफ के पास से दो जोड़ा चांदी का पायल, एक जोड़ा चांदी का बिछिया, एक गमछा में 8 चाबी और दूसरे गमछा में दो चाबी सहित अन्य सामान जब्त किया गया। एसपी ने बताया कि कांड में एक अन्य आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छापेमारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक फौजान अहमद, थाना प्रभारी अजय कुमार साहु पुअनि ओमकार पाल, पुअनि आशुतोष कुमार सिंह, सअनि सुजीत कुमार सिंह एवं रामगढ़ थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बरही में फोर्ड कार से अवैध शराब जब्त

बरही। बरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रुप से बिना कागजात के फोर्ड कार संख्या डब्लूबी 06 एच 1875 पर अंग्रेजी शराब बरामद किया। कार में तलाशी लेने पर 07 कार्टून में इम्पिरियल ब्लू का 140 अदद एवं 04 कार्टून में मैकडोवेल्स का 80 अदद कुल 11 कार्टून में 375 एमएल का 220 पीस अंग्रेजी शराब एवं कार को जब्त किया। चालक ओमकार कुमार 20 वर्ष)थाना रजौली, जिला नवादा (बिहार) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार के नेतृत्व में की गई। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है।

## जायसवाल के नेतृत्व में क्षेत्र का होगा विकास : रोशनलाल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नये सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। क्षेत्र में विकास की विकास दिखेगा। उक्त बातें आजसू के केन्द्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होने हजारीबाग लोकसभा के नवनिर्वाचित सासंद मनीष जायसवाल सहित एनडीए के तमाम साथियों को शानदार जीत के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल के प्रति मतदाताओं ने आपार समर्थन दिया है। मतदाताओं ने भीषण गर्मी में अपने घरो से निकलकर कई चुनौतियों को पार कर एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र देश हीं नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## चंद्र प्रकाश को आजसू कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के आवास पर मुलाकात की। बुके देकर बधाई दी। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। बधाई देने वालो में पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, कोषाध्यक्ष सह मुखिया व्यास पांडेय, किसान मोर्चा जिला सचिव कृष्णा कुशवाहा, वरीय नेता पप्पू श्रीवास्तव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा अक्षीता आनंद को मिली सफलता



रामगढ़। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2024 में आनंद सिन्हा की सुपुत्री अक्षीता आनंद ने सफलता प्राप्त कर परिजनों का नाम रौशन किया है। अक्षीता ने 10वीं की परीक्षा विसोप वेस्टकॉर्ट गर्ल्स स्कूल नामकुम से से पास किया था। जिसमें उन्हें 94 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। वहीं, 12वीं देल्ही पब्लिक स्कूल रांची से पास की थी। जिसमें उन्हें 96 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। जबकि नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट में 2024 में उन्हें 720 में 678 अंक प्राप्त हुए हैं। अक्षीता की सफलता पर उनके पिता आनंद सिन्हा, माता माधुरी सिन्हा, बड़े भाई ऋत्विक आनंद सहित सभी रिस्तेदार काफी खुश हैं और अक्षीता को उनकी सफलता पर बधाई दे रहे हैं। वहीं, पिता आनंद सिन्हा ने अपनी पुत्री की सफलता पर कहा की उन्हें पुत्री की सफलता पर काफी गर्व हो रहा है। कहा कि हमारी ईश्वर से कामना है कि अक्षीता अपनी शिक्षा पूरी कर बड़ी डॉक्टर बने और लोगों की मदद करे। अक्षीता ने कहा कि अभी तो मैं परिजनों का एक सपना पूरा किया है। कहा कि अब मैं मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर एक अच्छी चिकित्सक बनकर परिजनों और अपने गुरूजनों का नाम रौशन करूंगी।

# पर्यावरण दिवस पर जेएसपीएल में प्रभात फेरी

## पर्यावरण का संरक्षण सभी का कर्तव्य : आशीष जैन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपीएल पतरातु में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को जिंदल परिसर में प्रभात फेरी निकली गई। प्लांट हेड आशीष जैन के नेतृत्व में निकली प्रभात फेरी में सैकड़ो अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रभात फेरी के बाद जिंदल परिसर में ही सैकड़ो पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। आशीष जैन ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का मुख्य आधार है एवं इसका संरक्षण हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा की जिंदल परिवार सदैव पर्यावरण के प्रति सजग रहता है एवं अपने आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना। साथ ही इसके संरक्षण के लिए सदैव तैयार रहता है। प्लांट हेड श्री जैन ने आने वाले कल के लिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधे जरूर लगाने की बात कही। एचआर प्रमुख मानव संसाधन विभाग के अजय झा ने कहा कि जीवन में आएगी खुशियली जब आपके आसपास होगी हरियाली। उन्होंने कहा की एक स्वस्थ पर्यावरण ही पृथ्वी के असंख्य जीव और मानवो को जीवन जीने योग्य वातावरण प्रदान करता है। पर्यावरण अभियंता अभय मित्तल ने कहा कि सांस हो रही है कम आओ पेड़ लगे हम। कार्यक्रम में सभी लोगों के बीच टी-शर्ट एवं टोपी का वितरण भी किया गया एवं पर्यावरण शपथ दिलाई गई। इसके पूर्व 4 जून को जिंदल क्लब में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदूषण विभाग हजारीबाग के सहायक पर्यावरण अभियंता निराला बक्शी उपस्थित हुए। चित्रांकन प्रतियोगिता में कुल 58 बच्चों ने भाग लिए जो पर्यावरण से संबंधित अलग-अलग चित्रांकन बनाकर पर्यावरण को संरक्षण करने के लिए प्रेरित करता है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए निराला ने जिंदल परिवार को साधुवाद दिया।

## स्पीड न्यूज

### जायसवाल की जीत पर कुजू में जश्न



कुजू। हजारीबाग में मनीष जायसवाल के जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुजू चौक में जमकर आतिशबाजी की। भाजपा युवा मोर्चा के मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत की बधाई दीऽ। साथ ही मिठाई का वितरण किया कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश व झारखंड में एनडीए की जीत जनता की जीत है।एक बार फिर से देश मे नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार बनेगी ओर जनता विकास होगा। मौके पर रंजीत सिन्हा, जगेश्वर प्रजापति, तोकेश सिंह, रतन प्रसाद, रवि साहू, अशोक कुमार, गणेश सोनी, श्रवण सिंह, आशीष कुमार, श्रवण शाह, चंदू केशरी, पंचित महतो, अखिलेश्वर प्रसाद, नरेश गुप्ता, सुखदेव सोनी, जयराम प्रजापति, अर्जुन केशरी, नकुल साव, अशोक प्रसाद, वीरेंद्र करमाली सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### दिगवार चौक पर बटा 21 किलो लड्डू



**कुजू।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जयसवाल के भारी मतों से जीतने पर दिगवार चौक में रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में 21 किलो लड्डू भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के बीच बाटा गया। गिरि ने कहा कि जायसवाल की जीत हम सभी कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता की जीत है। अब पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विकास होगा। मौके पर कुलदीप कुशवाहा, अर्जुन यादव, दिलेश्वर कुशवाहा, डॉ रोहन लाल, विनोद कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, विनोद प्रसाद, संजय यादव, रवि कुशवाहा, देवनाथ कुशवाहा व कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### सीसीएल अस्पताल में पेंटिंग प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)** ।सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पेंटिंग प्रतियोगिता हुआ। 64 बच्चों ने पर्यावरण से संबंधित आकर्षक पेंटिंग बनाकर उपस्थित लोगों की खूब वाहवाहिया बटोरी। सुधा सिंह एवं संगिनी महिला मंडल ने चित्र प्रतियोगिता सामग्री देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए सुधा सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। साथ ही बच्चों में नए ऊर्जा का भी संचार होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ एके टोप्पो, डॉ नदीम अनवर,रमन, नितेश, नमन, ललन प्रसाद, फारूक रजा, कन्हैया सिंह, दिवाकर पटेल, सत्यानारायण गुप्ता, गणेश साव, राजेंद्र मुंडा, रूसाना प्रवीण, रीता राजभर मुनको कुमारी, नीलम कुमारी आदि का विशेष योगदान रहा।

### अधिक से अधिक पौधे लगाएं : सत्यवंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला की मुखिया सत्यवंती देवी ने बुधवार को आवास के प्रांगण में बेल का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर मुखिया ने अपने ग्राम पंचायत सहित क्षेत्र के तमाम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण के असंतुलन के कारण आज गर्मी का प्रचंड प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इससे बचने का एकमात्र उपाय यही है कि अपने-अपने घर के आसपास, टोला, मोहल्ले में ज्यादा ऑक्सीजन युक्त पौधा बेल, पीपल, बरगद, नीम आदि का पौधारोपण अवश्य करें। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा इस बार मानसून वर्ष में 10000 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। जुलाई-अगस्त माह में ग्राम पंचायत में निशुल्क रूप से पौधा का वितरण किया जाएगा। जिन ग्रामीणों को अपने-अपने आवास के अगल-बगल पौधा लगाना हो वे प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला में एक परंपरा चली आ रही है कि यहां के ग्रामीण जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ आदि पारिवारिक उत्सवों पर यादगार स्वरूप पौधारोपण करते हैं।

### एक पेड़ 100 पुत्र के समान : पाठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने लोगों के बीच पौधे का वितरण किया। भुरकुंडा कांटाघर, बलकुदरा माइंस सहित आसपास क्षेत्र में दर्जनों फलदार और छायादार पौधा लगाया एवं वितरण भी किया गया। पाठक ने कहा कि एक पेड़ 100 पुत्र के समान होते हैं, इसीलिए सबों को अपने जीवन काल में काम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। पौधा लगाना ही काफी नहीं इसका संरक्षण बेहद जरूरी है। भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन में सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर संरक्षण करने का आह्वान किया। मौके पर पीओ मनोज कुमार पाठक, भुरकुंडा डिस्पैच ऑफिसर अविनाश चंद्र, भुरकुंडा ब्रांच सचिव पप्पू सिंह, अपर्णा कुशवाहा, जोगेंद्र घांसी, समीर कुमार सिन्हा, सुभाष तिवारी, जसवंत कुमार, दिनकर कुमार सिन्हा, रवि, बसंत सिंह, गौरी शंकर, धीरेन्द्र कुमार, अर्जुन, संजय आदि ने भी पौधारोपण कर इसके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण के अवसर पर मैनेजर आरके वर्णवाल, बलकुदरा मैनेजर बबलू कुमार, एसएम राजकुमार, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, मनोज राम, अमरेंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार, जोगेंद्र ठाकुर, मुकुल आनंद, बुधनी देवी, गोपाल सदित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चट्टी बरियातु कोयला खनन में पौधा रोपण



केरेडारी । चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के सिकरी कार्यालय के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिकारियों ने पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। केरेडारी परियोजना के महाप्रबंधक शिव प्रसाद और चट्टी बरियातु परियोजना के महाप्रबंधक नविन गुप्ता ने सभी सह कर्मियों को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ग्रहण कराई। परियोजना ने पगार ऑफिस मे वृक्षारोपण अभियान चलाया। परियोजना ने उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय, चट्टी बारियातु मे बच्चों को 50 स्कूल बैग्स अपने ्२१ के अंतर्गत दिए '??पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु के अधिकारीयों, महिला समिति एवं बाल भवन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ाने के लिए निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाप्रबंधक कहा कि एनटीपीसी सैदव पर्यावरण के लिए नियमित रूप से कार्य करती है, सिकरी कार्यालय को भी पेड़-पोधों के साथ सुज्जित करा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन से प्लास्टिक के उपयोग को भी हटाना है। एनटीपीसी द्वारा प्लास्टिक को हटाने के लिए परियोजना प्रभावित ग्रामों में जूट बैग का भी वितरण समय समय पर किया जाता है।

### जायसवाल को सबसे अधिक वोट बरही में मिला

**बरही।** हजारीबाग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल 2,75,775 रिकॉर्ड मतों से जीते। उन्हें सबसे अधिक बरही विधानसभा व सबसे कम मांडू विधानसभा से मत प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार सदर विधानसभा से 65904, मांडू विधानसभा से 32168, बड़कागांव विधानसभा से 59031, रामगढ़ विधानसभा से 37593 एवं बरही विधानसभा से कुल 81179 मत प्राप्त हुए। जायसवाल को बरही विधानसभा से प्रखंड वार प्राप्त हुए मतों में चौपारण प्रखंड से 52902, चंदवारा से 18644, पदमा से 20270 और बरही प्रखंड से 41352 वोट प्राप्त हुए। वहीं चौपारण से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को 21386, निर्दलीय प्रत्याशी संजय मेहता को 2841, चंदवारा से कांग्रेस प्रत्याशी को 6469, संजय मेहता 3463, पदमा से कांग्रेस को 4030, संजय मेहता को 2264, बरही प्रखंड से कांग्रेस प्रत्याशी को 19703, संजय मेहता को 2169 वोट प्राप्त हुए। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बरही विधानसभा से मनीष जायसवाल को सबसे अधिक मत प्राप्त हुआ है। बरही विधानसभा से 133167 मत प्राप्त हुआ और मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने में बरही विधानसभा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बताते चलें कि बरही विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक मनोज यादव क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क अभियान चलाते रहे और लोगों से मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान की अपील करते रहे और मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### कायस्थ महासभा की बैठक 9 जून को

**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि अभाकाम रामगढ़ जिला की आवश्यक बैठक 9 जून को 10 बजे उत्सव मैरिज हॉल निकट पेट्रोल पंप भुरकुंडा में रखी गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे। बताया कि बैठक में सदयस्ता अभियान की समीक्षा,संगठन के विस्तार तथा सशक्त करने तथा चित्रांश युवाओं को संगठन के साथ जोड़ने और उनकी भूमिका तय करने, महिला प्रकोष्ठ के गठन के साथ अन्य प्रकोष्ठ के गठन पर भी निर्णय लिया जाएगा । साथ ही जिला अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों को लेकर चर्चा - परिचर्चा और सुझाव के उपरान्त सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित होना है। बैठक में जिला के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष , जिला में निवास करने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी तथा प्रांतीय पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य सहित अन्य जिलों के जिला अध्यक्ष को भी बैठक में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया गया है।

### इचाक : कॅरियर स्टडी प्वाइंट में पौधा रोपण

इचाक । कॅरियर स्टडी प्वाइंट संस्थान में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण सह प्रदर्शनी लगा। इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, लक्ष्य नवयुवक संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, जीएम कॉलेज के प्रभारी पंकज कुमार शामिल हुए। संस्थान के संचालक आकाश कुमार ने कोचिंग की उपलब्धियों के बारे में बताया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण का शुभारंभ किया। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा की बच्चे देश के भविष्य है। इसलिए विद्यार्थियों पर विशेष जिम्मेवारी होती है की शिक्षा के साथ पर्यावरण का भी संरचना और संरक्षण की महत्ता को समझें। अगर कोई सच्चा देश भक्ति करना चाहता है तो उसे पौधा रोपण कर उसकी सुरक्षा और देखभाल करना भी किसी देश सेवा से कम नहीं है। अभिषेक कुमार ने संबोधित करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी का बोध कराया। उन्होंने बढ़ते तापमान का उदाहरण देते हुए पेड़ पौधे, जल और लकड़ी का सदुपयोग करने व पर्यावरण जागरूकता के साथ भावी पीढ़ी की विशेष जिम्मेवारी की महत्व को बताया। मंच को कॉलेज प्रभारी पंकज कुमार ने भी संबोधित कर बारी बारी से पर्यावरण की सुरक्षा एवं उसे संरक्षण को लेकर अपना अपना विचार दिया। लोगो ने अपने आसपास जल और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण जागरूकता पर कला कृत्य किया गया। वहीं दसवीं और बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शनी करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने मेडल देकर सम्मानित। मौके पर राहुल पाठक, डब्लू पाठक, अमन सोनी, कोमल पाण्डेय,अभिमन्यु पाण्डेय, नीरज कुमार, धीर कुमार सोनी समेत कई लोग मौजूद थे।

### पेड़ की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें : निरंजन

**बरही।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने चौपारण एवं बरही प्रखंड को 20-20 पौधे उपलब्ध कराए। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी ने करियातपुर पंचायत को 10 पौधे उपलब्ध कराया और शेष बचे पौधे को रेलवे साइड, प्रखंड परिसर, स्वयं के आवास एवं प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी के घर के सामने लगाया। इस अवसर पर बयान जारी करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरणा दिवस है जो मानव जीवन के लिए न केवल कल्याणकारी बल्कि लाभकारी भी है। हम सभी आज ग्लोबल वार्मिंग और हीट वेव के साथ-साथ अतिवृष्टि या अनावृष्टि की समस्या से जूझ रहे हैं। इसका मुख्य कारण वनों का कटाव और वृक्षों की कमी है। हर मानव संकल्पित होकर अपने जीवन में प्रतिवर्ष एक पेड़ लगाए और उसकी सुरक्षा करे। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर वातावरण को संदूषित होने से बचाया जा सकता है। साथ ही ग्लोबल वार्मिंग और वर्षा की समस्या से निजात मिल सकती है। आज विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकता पर्यावरण की शुद्धता है और हम जानते हैं की पेड़ पौधे पर्यावरण के शुद्धिकरण का प्रमुख माध्यम है। इसलिए शुद्ध हवा, स्वच्छ जल एवं गर्मी से राहत के लिए हम सभी मिलजुल कर वनों की रक्षा करें और अधिक से अधिक पेड़ लगाए। हम सभी पेड़ों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें ताकि आने वाला समय पर्यावरण की शुद्धता, पर्याप्त जल और बढ़ती गर्मी से राहत दे सके। हमारी अगली पीढ़ी कुशल जीवन यापन कर सके तथा प्राकृतिक संतुलन बना रहे। इस अवसर पर विहिप जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी, सुनील साव सहित प्रखंड की पूरी टीम लगी थी।

स्पीड न्यूज

## इटकी प्रखंड परिसर में पौधरोपण



**इटकी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर यूनियन बैंक इटकी शाखा के तत्वावधान में बुधवार को इटकी प्रखंड परिसर में पौधरोपण किया गया। शाखा प्रबंधक दीपक उरांव ने फलदार पौधा रोपन कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरुक किया। मौके पर सहायक प्रबंधक पूजा रंजन, प्रखंड के नाजिर चंदन कुमार, बीपीआरओ रहीस मलिक, रामाकांत, रौशन कुजूर, रंजन कुमार, फिलिप टोप्पो व मनोज गोप सहित अन्य मौजूद थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली निकाल पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

# जीवन की रक्षा करनी है तो पेड़ लगायें

## नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने निकाली रैली, पोधरोपण किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** अमृत कॉलेज आफ नर्सिंग हुटुप ओरमांझी द्वारा बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए और रैली निकाल कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्रों ने कॉलेज परिसर व गांव के सामुदायिक स्थलों पर विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे लगाए। वहीं रैली में शामिल छात्रा-छात्राएं हाथों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता बैनर पोस्टर लिए नारे लगा रहे थे। इससे पूर्व कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कॉलेज के निदेशक सुनेश्वर महतो ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा कि हमें पेड़ों के महत्व को समझना पड़ेगा। पेड़ है तो हरियली है, हरियाली है तो मेघ है, मेघ है तो जल है, जल है तो अन्न है और अन्न है तो जीवन है। धरती पर जीवन सुरक्षित है तो हमें पर्यावरण को संरक्षित करना जरूरी है। सुरक्षित भविष्य के लिए पेड़ लगायें और पर्यावरण बचायें। मौके पर इंदू महतो, एलिजा बेथ हेनबगा, भारती वर्मा, सुजीत कुमार, प्रिया कुमारी, आरती कुमारी, व्यूटी कुमारी, राजश्री कुमारी, रवि कुमार, अजाम खान, राखी कुमाारी, बनालिप्पी सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल थे।



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी।

## पर्यावरण जीवन को आसान बनाता है

**चान्हो।** प्रखंड के करकट में घासीराम माहली स्मारक समिति के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथि के रुप में बोलते हुए जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। पृथ्वी को बचाना हैं तो अधिकाधिक पौधे लगाए। साथ ही पौधे को बड़ा होने तक देखभाल भी करें। पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण का संकल्प लिया गया। समाजसेवी अजित सिंह ने भी पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। इससे पहले सभी अतिथियों ने महाकवि घसीराम महली की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर पूर्व डीडीसी परमेश्वर भगत, प्रखंड प्रमुख होलिका देवी, अजीत सिंह, मकेश्वर महली, रौशन एमानुएल तिग्गा, डॉ नाफर अली, अजित सिंह, हरिराम करमाली, जितेंद्र महली, योगेंद्र यादव, संतोष महली मौजूद थे।



## जतरा खूंटा शक्ति स्थल पर सुखदेव भगत ने टेका मत्था

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** झारखंड के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतकर सांसद बने। इधर सांसद बनने के उपरांत सबसे पहले सुखदेव भगत मुड़मा पहुंचकर वहां पर स्थित जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर क्षेत्र में शांति, समरसता और भाईचारा कायम रहने के लिए प्रार्थना किये। इससे पूर्व लेदा पाहन द्वारा विधिवत पूजा-पाठ संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के उपरांत ऐतिहासिक राजी पड़या जतरा समिति मुड़मा के द्वारा नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने सबसे पहले उपस्थित जतरा समिति के सभी लोगों का उनका अभिनंदन करने एवं चुनाव में पूरा सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किये। नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि चुनाव में आदिवासी समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए पूरा काम करेंगे। लाखों की संख्या में सरना धर्म के मानने वाले लोग हैं। आदिवासियों की प्राकृतिक आस्था, पूजा पद्धति और विशिष्ट रीति-रिवाज के संरक्षण हेतु जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड को शामिल करने की मांग को आने वाले मानसून सत्र में संसद में प्रमुखता से रखेंगे। मौके पर सीताराम भगत, कमले किस्पोट्टा, रंथू उरांव, अनिल उरांव, लच्छू उरांव, वीरेंद्र उरांव, सुमित उरांव, सुका उरांव, सुशील उरांव, सुमित्रा उरांव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इससे पहले नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत को अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर ने मुड़मा में जोरदार स्वागत किया गया।



### चुनाव जीतने के बाद मुड़मा जतरा खूंटा पहुंचे सुखदेव भगत

चुनाव जीतने के तुरंत बाद सुखदेव भगत ने मुड़मा जतरा स्थित जतरा खूंटा में पूजा अर्चना किया। साथ ही झारखंड और पूरे देश की खुशहाली के लिए दुआ किया। उन्होंने चुनाव में सहयोग करने के लिए जनता का आभार भी व्यक्त किया। मौके पर जावेद अंसारी, जुनैद अंसारी, होसे उरांव, मुखिया लक्ष्मण भगत, शेख समसुल, सुका उरांव, धर्म बहन कमले उरांव, बिहारी उरांव, बहादुर उरांव समेत बहुत से लोग मौजूद थे।

# पैना पहाड़ बेंती में लगा पर्यावरण मेला

विश्व पर्यावरण दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के पैना पहाड़ बेती में पर्यावरण दिवस के मौक पर प्रत्येक वर्ष की भांति बुधवार को पर्यावरण पहाड़ मेला का आयोजन किया गया। मेला में मुख्य अतिथि रूप खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति सह भाजपा नेता सत्यदेव मुंडा उपस्थित थे। ज्ञात है की कि पिछले कई वर्षो से बेती पैना पहाड़ मेला में पर्यावरण दिवस के मौके पर मेला का आयोजन होता आ रहा है। मेला में पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को पेड़ पौधों के बारे में कई प्रकार की जानकारियां ही गयी साथ ही सभी को एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। पर्यावरण दिवस के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में कई मनोरंजन कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया एवं नागपुरी कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से लोगों को पर्यावरण का महत्व बताया। बेंती के पैना पहाड़ पर हर वर्ष काफी संख्या में लोग जुटते हैं।



### पर्यावरण मेला में ये लोग थे मौजूद

मौके पर ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति सत्यदेव मुंडा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ससाग राज भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर प्रमुख दीपा उरांव मुखिया मंज्योति देवी मुखिया शांति मुंडा मुखिया रोशन लाल मुंडा उप मुखिया संजय भोगता पंसस मनेसवर मुंडा बीसा पूर्व पंसस सबिता मुंडा धर्मेंद्र सिंह अजय सिंह ग्राम प्रधान उमेश बड़ाईक कमलाकान्त मुंडा बुधराम बेदिया साकिर अंसारी छोटेलाल महतो अजय मुंडा मेला समिति के अध्यक्ष बनु बेदिया अरुण मुंडा बालकराम मुंडा लालजी बेदिया गांधीया करमाली सहित सैकड़ों लोग मेला में मौजूद थे।

## आचार्यों ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**बेड़ो।** रातू अंचल अन्तर्गत एकल अभियान बेड़ों संच के द्वारा बेड़ो महादानी मंदिर परिसर में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। जहां सभी आचार्यों ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध कर पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लिया। बेड़ों संच अध्यक्ष के पिता स्व गजाधर साहू का एकल आचार्यों एवं बेड़ों समिति सदस्यों ने पुण्य तिथि भी मनाया। मौके पर उपस्थित सभी आचार्यों के बीच एकल अध्यक्ष ने फलदार वृक्ष का पौधा वितरण किया और कहा कि सभी लोगों को पौधा लगाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर संघ के रंजीत खत्री एकल अभियान के संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार राय ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान आचार्य रूप रानी देवी, लक्ष्मण महली, बुद्ध मनी कुमारी, गीता देवी, रीता देवी, मंजू मिंज, मुन्नी देवी, विमल टोप्पो, नीतू मिंज, गीता देवी और संच प्रमुख भोला महतो आदि उपस्थित थे।



एक नजर में

## नीट में पिरुटोला और इचापीड़ी के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन, जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई



**पिठोरिया।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट 2024) परीक्षा में कांके प्रखंड के पिरुटोला की रहने वाली समरीन सदफ ने 599 अंक, वहीं इचापीड़ी नयाटोली के नूर मोहम्मद 639 अंक लाकर क्वालीफाई किया है। ऑल इंडिया (ओबीसी केटेगरी) में समरीन सदफ को 38664 रैंक व नूर मोहम्मद को 18248 रैंक प्राप्त हुआ है। समरीन सदफ और नूर मोहम्मद का रिजेल्ट की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी उपलब्धि पर पूर्व जीप सदस्य ऐनुल हक अंसारी, कांके प्रखंड प्रमुख अंजय बैठा, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर, जीप सदस्य हिना परवीन, आजसू जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, कांग्रेस नेता सुरेश बैठा, मोहम्मद महताब आलम ने बधाई देते हुये दोनों के उज्वल भविष्य की कामना की है। मौके पर समरीन सदफ ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पिता डॉ अतीक अहमद और मां जिन्नत परवीन सहित परिवार के अन्य सदस्यों को दिया है। समरीन सदफ ने कहा कि मैं डॉक्टर बन कर गरीबों की सेवा करना चाहती हूं।

## एनडीए की जीत पर राहे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**राहे।** देश मे एनडीए की जीत तथा रांची लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ की जीत पर सुभाष चौक राहे के परिसर में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा की देश की जनता ने एनडीए को स्वीकार किया। मोदी जी के कामकाज से लोग प्रभावित है। तीसरे बार की सरकार में हम लोगों की सेवा बेहतर तरीके से करेंगे। मौके पर मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुशांत सिंह, संजय मुंडा, जितराय मुंडा, ज्योति कोइरी, गंगाधर साव, काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खलारी : फ्लाई ऐश से भरा टेलर ट्रक पलटा, पर्यावरण को नुकसान

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के केडी अम्बेडकर चौक के पास मनुष्य सहित वन्यप्राणियों जीव जंतुओं के लिए घातक फ्लाई ऐश से भरा टेलर ट्रक पलट गया। घटना बीते रात्रि लगभग 12 बजे की बताया जाता है। जानकरी के अनुसार एनटीपीसी टंडवा से जहरीले पदार्थ फ्लाई ऐश लोड कर रांची की ओर जाने के क्रम में तेज गति से चलाने के कारण तीखी मोड़ पर टेलर ट्रक पलट गया। टेलर ट्रक न0 जेएच01एफबी 4762 पलटने से चौक के पास फ्लाई ऐश पूरा बिखर गया। फ्लाई ऐश के बिखरने से तेज हवाओं के कारण धूल में मिश्रण होकर ज्यादा मात्रा में आसपास के घरों व राहगीरों में फैल रही है। घटना को लेकर अब तक किसी ने सुध नहीं ली है।

### वंडरलैंड पब्लिक स्कूल में पौधरोपण

**मांडर।** प्रखण्ड के वंडरलैंड पब्लिक स्कूल में पौधारोपण विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पौधरोपण किया गया। यूनियन बैंक मांडर संतोष कुमार और डायरेक्टर नेशार आलम ने संयुक्त रूप से कई पौधे लगाए। इस मौके पर बोलते हुए संतोष कुमार ने कहा कि पौधे हमारे जीवन को आसान बनाती है। पौधे की काफी अहमियत है, लेकिन कोरोना के समय हमलोगों ने महसूस किया है। ना सिर्फ.पौधा लगाना है, बल्कि देखभाल भी करना है। मौके पर अफसाना प्रवीन, खालिद अंसारी, पप्पू राजा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बेड़ो में आंधी में उड़ गये तीन घरों के छप्पर

### कई घरों पर पेड़ गिर गये जिससे पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दो पंचायतों खुखरा व नेहालू में अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे आये आंधी तूफान से खुखरा बगीचा टोली गांव में ननका उरांव व मुनकु उरांव वहीं नेहालु के केनाभीठा गांव में लेटे उरांव के घर के एस्बेस्टस उड़ गए। वहीं खुखरा खुरा टोली में सुमित्रा देवी के प्रधानमंत्री आवास पर तुन्द का पेड़ गिर जाने से पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया है। भुक्तभोगियों ने बताया कि वे तूफान आने के दौरान पुरे परिवार के साथ घर पर ही थे। किसी तरह अपना और अपने परिवार का जान बचाया।

वहीं छप्पर के उड़ जाने से घर में रखे घरेलु सामान वर्षा की पानी में भींग कर बर्बाद हो गया। वही छप्पर के उड़ जाने से इन सभी गरीबों के बीच अपने परिवार के साथ सर छुपाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इधर भुक्तभोगी परिवार के सदस्यों ने आंधी तूफान में उड़े घर के छप्पर को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। वहीं नेहालु पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने पीड़ित परिवारों से मिले और आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया।



### पेड़ पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग

अनगड़ा। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पीरामल फाउंडेशन द्वारा प्रखंड के नवागढ़ पंचायत में गांधी फेलो शिवानी बिश्नोई और सत्यम तिवारी के द्वारा पंचायत भवन में पंचायत के बच्चों के साथ मिलकर पर्यावरण से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौक पर मुखिया भूनेश्वर बेदिया के द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा स्कूल के बच्चों को पेड़ पौधों का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं पेड़ की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण का संकल्प भी लिया एवं पूरे गाँव में विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम हमारी भूमि हमारा भविष्य को लेकर जागरूकता फैलाई गई स कार्यक्रम में नवागढ़ के मुखिया भुवनेश्वर बेदिया फैलो सत्यम एवं शिवानी संस्था लोग उपस्थित थे।

# जागरूकता मार्च : रैली निकाल कर प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को बताया गया

### भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया पर्यावरण दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनएसएस के तहत महाविद्यालय द्वारा गोद लिये गांव करकरा में पौधरोपण का किया गया। शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि समुदायों को संगठित करे जागरूकता बढ़ाये और प्लास्टिक प्रदूषण को दूर करने तथा स्वस्थ एंव अधिक टिकाउ पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु सहयोगी प्रयासों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम सुरक्षित रहेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय लगातार इस गांव के विकास के लिए प्रयासरत है। मांडर कॉलेज में बुधवार को एनसीसी कैडेट्स ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। सर्वप्रथम कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में नीम, करंज एवं अमरूद जैसे कई सारे पौधों का रोपण किया। उसके बाद पर्यावरण दिवस से संबंधित विषयों पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में और इसके चारों ओर प्लाष्टिक मुक्त अभियान चलाया। अंततः कॉलेज गेट तक पैदल मार्च करते हुए पर्यावरण एवं वृक्षों को संरक्षित करने तथा प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले हानियों के बारे में जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मांडर कॉलेज की प्रभारी प्रचार्या प्रो डॉ कुनुल कांदिर, एएनओ डॉ अनसेलम मिंज, सहायक एएनओ अजीत एक्का, उत्तम साही, मन्टू उरांव सहित कुल 54 कैडेट्स उपस्थित थे।




### मिल्क फेडरेशन ने किया पौधरोपण

हुरहुरी दुग्ध शीतलक केंद्र में झारखंड मिल्क फेडरेशन के जनरल मैनेजर एम गोविंदम के द्वारा पेड़ लगाया गया एवं लोगों को संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की गई। मौके पर राकेश राय, मनोज कुमार गुप्ता, विनीता चौधरी, मधु रंजन, विकास प्रसाद, कर्मचारी तुलसी दास, सुरेन्द्र कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार, सलमान अंसारी, इत्यादि ने पौधेरोपण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

## खलारी : ब्रह्माकुमारी ने नेहरू आदर्श विद्यालय बेती में किया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर के बहन.भाईयों ने नेहरू आदर्श विद्यालयए बेती में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। इस दौरान बीके प्रीति बहन ने कहा कि पर्यावरण और आध्यात्म का बहुत गहरा संबंध है। परमात्मा ने तो हमें इस सुंदर सृष्टि पर भेजा था। हमने ही अपने दूषित कर्म और संकल्पों से सृष्टि के वातावरण व पर्यावरण को भी दूषित कर दिया हैं। एक ऐसा समय भी था जब संसार में प्रकृति का संपूर्ण सुख था। शुद्ध संकल्प और कर्म से पर्यावरण को भी शुद्ध करते हैं। कहा कि यह पूरा विश्व ही प्रकृति ;5 तत्वद्ध और पुरुष ;आत्माद्ध का बहुत सुंदर मेल है। पर्यावरण की रक्षा से ही हमारी सुरक्षा है। इसीलिए सभी की जिम्मेदारी है कि अपने.अपने घरों में या कहीं भी पौधे जरूर लगाएं और पेड़ बनने तक उनकी रक्षा करें। इसके उपरांत सभी ने एक.एक पेड़ लगाने का संकल्प लिया एवं बीके मोहनी बहन ने कार्यक्रम में शामिल सभी बहन.भाइयों को पर्यावरण को संरक्षण करने की शपथ ग्रहण कराने के बाद पौधरोपण करवाया। कार्यक्रम में शिक्षक मुकेश भाई, शिक्षिका खुशबू कुमारी के अलावे संजय भाईए गीता बहन, बसंती बहनए किरण बहनए आरती बहन सहित अन्य मौजूद रहे।



## नीरजा सहाय डीएवी में समर कैंप का आयोजन



**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में चार दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आज पहले दिन सर्वप्रथम शिवश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें आज के बदलते वातावरण एवं उसके कारणों की चर्चा की गई। विभिन्न कार्यक्रमों यथा भाषण, कविता वाचन एवं पर्यावरण को बचाने के शपथ इत्यादि के माध्यम से छात्र-छात्राओं में जागरुकता लाने का प्रयास किया गया। इसके बाद सभी विद्यार्थी विभिन्न खेलों जैसे- बैडमिंटन, खो-खो, वालीबॉल, टेबल टेनिस इत्यादि खेलों के साथ-साथ तबला वादन, हार्मोनियम, गिटार इत्यादि वाद्ययंत्रों एवं ज्ञान के साथ ही साथ नृत्य की भी अतिरिक्त जानकारी प्राप्त की। इनके अलावा क्ले के समान बनाना एवं सुई-धागे से कढ़ाई के साथ ही साथ स्पोकेन इंग्लिश में भी बच्चों ने पूरे जोश एवं उत्साह से भाग लिया।

## स्पीड न्यूज

### नावा बाजार प्रखंड में निकला विजय जुलूस



**नावा बाजार पलामू।** लोकसभा चुनाव में पलामू सीट से तीसरी बार भाजपा के विष्णुदयाल राम के प्रचंड बहुमत से जीत की खुशी में नावा बाजार सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी के नेतृत्व में भव्य विजय जुलूस निकला। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाइयां बांट खुशी मनायी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव यादव, रेखा, पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान, बलराम सिंह, अशोक चौहान, निर्मल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### असनौर के योगेंद्र हत्याकांड का दो व एक अन्य आरोपी गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** पाटन पुलिस ने असनौर के योगेंद्र यादव हत्याकांड में शामिल दो आरोपी नारद यादव एवं दिलीप पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं राहुल पर आर्म्स सप्लाई करने का केस दर्ज था। तीनों आरोपी फरार चल रहे थे। पाटन पुलिस ने गुप्त सूचना पर पाटन पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### भाजपा नेताओं ने दी बीडी राम को बधाई



**सतबरवा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, भरदुल सिंह, अविनाश वर्मा समेत कई लोगों ने हैट्रिक लगाने वाले पलामू सांसद बिष्णु दयाल राम को उनके आवास पर गुलदस्ता भेंट कर जीत की बधाई दी। श्री चेरो ने बताया कि पलामू सांसद बिष्णु दयाल राम ने बिते दस वर्षों में पलामू का नेतृत्व करते हुए संसद में अपने क्षेत्र की समस्या को रखा है।

### लाखों की संपत्ति जलकर राख



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड के बरांव पंचायत के टोला बरवाही में अज्ञात कारणों के आग लगने से तीन घर जलकर राख हो गया। अगलगी में बकरी, बाइक और घर का समान झुलस कर बर्बाद हो गये। इसमें घर समेत करीब पांच लाख की संपत्ति नष्ट हो गयी। अगलगी की घटना में तीनों भाई में नागेंद्र चौधरी, रामू चौधरी एवं महेंद्र चौधरी के घर जल गये। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल के सहयोग से आग पर काबू पाया। अग्नि पीड़ित महेंद्र चौधरी ने बताया कि अचानक आग लगने से मेरे तीन भाई का घर जलकर राख हो गया है जिसमें लाखों की संपत्ति की क्षति हुई है।

### शेड का अभाव यात्री के लिए सिर दर्द



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत मॉडर्न लूक और एक नया प्लेटफॉर्म के अलावा अन्य को सुंदर बनाया। मगर इन सब के बावजूद चिलचिलाती धूप और बारिश से बचाव के लिए स्टेशन बिल्डिंग से लगे अथवा अन्य प्लेटफॉर्म पर बेहतर यात्री शेड का निर्माण अबतक नहीं किया गया है। पहले से ही पुराने प्लेटफॉर्म नंबर 2-3 पर अलग-अलग जगहों में 2 बड़े शेड बने हैं।

### पौधा लगा बच्चों की तरह देखभाल करें, तभी होगा संरक्षणः डीएन सिंह



**पंडवा पलामू।** विश्व पर्यावरण दिवस पर हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम ने सिक्का बाजार परिसर में पौधरोपण व जागरूकता कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि चियांकी अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ डीएन सिंह, प्रभारी वनपाल राजु रजक, माइंस मैनेजर केसी मोदक ने भाग लिया। अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती और संचालन अनुज सिंह ने किया। निदेशक डॉ डीएन सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में आम लोगों की सहभागिता जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जन्मदिन के साथ साथ राष्ट्रीय पर्व के मौके पर सभी लोगों को पौधारोपण कर उसे अपने बच्चों की तरह देखभाल कर बचाना है। मौके पर अरूण सिंह, अमरेंद्र सिंह, आर आर शुक्ला, गणेश सिंह, नागेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, गुरूदयाल सिंह, अनीता भगत मौजूद थे।

# टी-20 वर्ल्ड कप : पहले मैच में भारत ने आयरलैंड को 8 विकेट से रौंदा

### रोहित शर्मा ने जड़ा पचासा, कोहली मात्र एक रन बना कर आउट, पंत ने लगाया विजयी छक्का

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने बुधवार को आयरलैंड को 8 विकेट से हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 अभियान की आगाज जीत के साथ की। तेज गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन के दम पर न्यूयॉर्क में भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए आयरलैंड को 96 रनों पर समेट दिया। हार्दिक पांड्या ने 3 विकेट चटकाये। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को दो-दो सफलता मिली। एक-एक विकेट अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट से संतोष करना पड़ा। जवाब में भारत ने 12.2 ओवर में 97 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। ऋषभ पंत ने विजयी छक्का लगाया। रोहित शर्मा ने 37 गेंद पर चार चौके और तीन छक्के की मदद से 52 रनों की पारी खेली। विराट कोहली कोई खास कमाल नहीं कर सके और मात्र 1 रन पर आउट हो गये। भारत की काफी मजबूत टीम को आयरलैंड से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद काफी कम थी। भारत ने टॉस जीता, गेंदबाजी का फैसला किया था।

भारतीय पारी की शुरुआत कोहली और रोहित शर्मा ने की। तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर ही भारत को बड़ा झटका लगा। विराट कोहली केवल एक रन बनाकर आउट हो गये। भारत ने 8 ओवर की समाप्ति के बाद एक विकेट खोकर 52 रन का स्कोर बना लिया था। विराट कोहली के जल्द आउट होने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में टीम के स्कोर को 33 रन तक पहुंचाया। पंत ने दूसरी ही गेंद पर चौका जड़ अपनी पारी की शुरूआत की।

**भारत (प्लेइंग इलेवन)-** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज।

# प्राथमिकता के आधार अधूरे काम पूरा करूंगा : वीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार अपार मतों से विजयी प्राप्त करने वाले सांसद बीडी राम ने मतदाताओं व मीडिया के प्रति आभार जताया है। उन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे क्षेत्र में सेवा करने के लिए तीसरी बार जनता ने अवसर प्रदान किया है। उसके लिए मैं कोटि नमन करता हूं।

सांसद वीडी राम ने कहा कि कुछेक ऐसे भी लोग हैं जिन्हें हम पूरी तरह से जानते नहीं हैं लेकिन इस कड़ी धूप में मुझे जीताने के लिए जी तोड़ प्रयास किया है वैसे लोगों का आभार प्रकट करते हैं। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को पूरी तरह से यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि जो भी अधूरे कार्य हैं या जनहित से जुड़े विकास की योजनाएं हैं वैसे सभी मामले को संसद में उठाते हुए समाधान करने का पहल करूंगा। सांसद श्री राम ने कहा कि विगत 10 वर्ष के कार्यकाल में जो कार्य अधूरे रह गये हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर समाधान पहले करूंगा। उन्होंने कहा कि जीत व हार लगा रहता है। केंद्र सरकार व राज्य सरकार इस पर समीक्षा बैठक करेंगे लेकिन पूरे देश में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासात्मक योजना के कारण अपना परचम लहराया है। जब देश कोरोना संक्रमण काल से गुजर रहा था तो वैसे विकट परिस्थिति में प्रधानमंत्री ने देश के प्रत्येक नागरिकों के चिंता करते हुए कार्य किया है। जिसका परिणाम है कि 2024 में पलामू समेत देश की जनता ने भाजपा पर तीसरी बार विश्वास जताते हुए अपार मत देकर जिताने का काम किया है। वैसे में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने के बाद देश की जनता की सेवा में लगेंगे।

### रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मनायेगा पर्यावरण सप्ताह, हुए कई कार्यक्रम

# सामूहिक प्रयास से ही पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन : हितेंद्र अवस्थी

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सप्ताह मनायेगा। बुधवार को इसकी शुरूआत भी कर दी गयी। इस दौरान संस्थान के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पर्यावरण सप्ताह के पहले दिन जागरूकता रैली, पौधा रोपण, पौधा वितरण सहित कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

रैली के माध्यम से कर्मचारियों, महिलाओं बच्चों, और आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं इसके सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़ पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ सहित सभी प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझें और इनका संरक्षण करें। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन सामूहिक प्रयास से ही संभव है। इसलिए सभी लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।




पौधा वितरित करते अतिथि व इकाई प्रमुख (इनसेट)।

■ पर्यावरण सप्ताह पर बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कंपनी के आवासीय परिसर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे चित्रकला प्रतियोगिता, वाक प्रतियोगिता, पर्यावरण से संबंधित मॉडल्स की प्रस्तुति, पौधारोपण आदि गतिविधियां आयोजित किया गया। कंपनी के कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, पौधों के साथ सेल्फी प्रतियोगिता के अलावा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कंपनी परिसर में पदयात्रा,नो व्हीकल डे आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के मकसद से सामाजिक उत्तरदायित्व के बेलचंपा प्रशिक्षण केंद्र परिसर में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# जीत की खुशी में भाजपा ने गाजे बाजे के साथ निकाला विजय जुलूस

■ पलामू लोकसभा चुनाव में बीडी राम हैट्रिक के साथ लहराया परचम

■ बीडी राम ने हाथ जोड़कर जताया पलामूवासियों के प्रति आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव में निवर्तमान सांसद बीडी राम विगत लगातार दस वर्ष कार्यकाल समाप्ति के बाद तीसरी बार पलामू संसदीय क्षेत्र से भाग्य आजमाने के लिए चुनावी मैदान में पार्टी के निर्देश पर उतरे। जिन्होंने हैट्रिक लगाते हुए पलामू संसदीय क्षेत्र में परचम लहराने का कार्य किया। जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक भव्य जुलूस जीएलए कॉलेज गेट से गाजे बाजे के साथ निकाली। जो शहर के रेड़मा चौक होते हुए विभिन्न चौक चौराहों से गुजरा।



जुलूस में शामिल एनडीए गठबंधन के लोगों ने सांसद को फूल माला से स्वागत किया। साथ ही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत का बधाई दी। जुलूस में शामिल लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्रीराम, भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बीडी राम जिंदाबाद समेत कई गगनभेदी नारे लगा रहे थे। वहीं जुलूस में लोगों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। साथ ही पटाखे छोड़कर खुशी का इजहार किया। शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर गर्मजोशी के साथ सांसद का स्वागत किया। सांसद फुल से सुसज्जित पुष्पक विमान पर सवार होकर लोगों को हाथ जोड़कर अभिवादन किया। वे पलामू शहरवासी समेत पलामू संसदीय क्षेत्र के जनता के प्रति हाथ जोड़कर आभार प्रकट किया। गाजे बाजे के धुन पर कार्यकर्ता जमकर नृत्य किये। साथ ही एक दूसरे को गले लगाकर जीत की बधाई दी। जुलूस में जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, विधायक आलोक चौरसिया, पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, डा ईश्वर सागर चंद्रवंशी, श्यामनारायण दुबे, मनोज सिंह, अरबिंद गुप्ता भी थे।

# पर्यावरणविद ने पर्यावरण दिवस पर वन वृक्षों पर बांधी राखियां

■ पर्यावरण, प्रकृति व प्राण बचाना है तो अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनायें : कौशल

■ बेकाबू गर्मी व जल संकट को दूर करने के लिए किसानों को करना होगा वृक्ष की खेती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के केरकी कला के वनों में विश्व पर्यावरण दिवस के 52वें और वन राखी मूवमेंट के 48वें स्थापना दिवस पर प्रकृति, पर्यावरण और प्राण बचाने के लिए वनों में प्रभात फेरी निकाली गयी। जिसमें आसपास के करीब 20 गांव के हजारों पर्यावरण प्रेमी लोग शामिल थे। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि ने पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ पक्षियों के भोजन के लिए बरगद का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने पेड़-पौधों में राखी बांधी और बंधवायी।



# मुरारी तिवारी घटना का पुलिस ने किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार

■ एक देसी पिस्टल गोली और अन्य सामान बरामद

■ घटना के मुख्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा : एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा वार्ड नंबर 18 में 30 मई की संध्या में गोली चालक की घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया था। इस घटना में रेकी करने वाले रौशन कुमार पिता मुरारी राम जेलहाता को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। सदर अनुमंडल एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने शहर थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि 30 मई को मुरारी तिवारी पिता स्व दुर्गा तिवारी अपनी स्कूटी से दूध लेकर घर लौट रहे थे। वे जैसे ही दो नंबर टाउन के पास पहुंचे कि पल्सर बाइक पर सवार दो लोगों ने उन्हें रोककर जान मारने की नियत से गोली चला दिया लेकिन वह मिसफायर हुआ। इसके बाद मुरारी तिवारी भागने लगे तो इनका पिछा करते हुए पुनः फायर किया गया लेकिन दुबारे में भी गोली नहीं चली।



### माइंस व क्रशर एसोसिएशन ने किया पौधरोपण



**मेदिनीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पलामू जिला माइंस व क्रशर एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश तिवारी ने सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रांगण में सौ फलदार व छायादार पौधे लगाये। मौके पर कंपनी के निदेशक रामाशीष सिंह, राजा स्टोन माइंस के निदेशक चंदन कुमार व मां गुरू कंस्ट्रक्शन के निदेशक मनीष कुमार ने दो सौ पौधे भी बांटे। मौके पर सतीश तिवारी ने पर्यावरण दिवस पर विस्तृत निर्णय लिया कि इस वर्ष मानसून में एसोसिएशन द्वारा 50 हजार पौधा वितरण व लगाने का संकल्प लिया गया।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध बालू का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर पकड़ा है। जिसे सुरक्षार्थ थाना परिसर में लाया गाया गया है।

### बीडी राम को भाजपाइयों ने दी हैट्रिक जीत की बधाई



**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू लोकसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने वाले सांसद विष्णु दयाल राम को भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के नेतृत्व में कई नेताओं कार्यकर्ताओं ने श्री राम से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उन्हें बधाई दी। अनुज पांडेय ने कहा कि बीडी राम की यह तीसरी जीत ऐतिहासिक है। पलामू लोस की जनता ने उनपर भरोसा जताया और क्षेत्र के विकास को सराहते हुए उन्हे अपन अपार समर्थन और आशीर्वाद दिया। बधाई देने वालों में शिवबंश मिश्रा, मणिभूषण पांडेय, विकास चौबे उर्फ मिंटू चौबे मौजूद थे।

### संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में हुआ पौधरोपण

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज वाटिका में पौधे लगाये गये। प्राचार्य संतोष मिश्रा व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शुक्ला ने दर्जनों औषधीय और फलदार पौधे लगाकर शुरुआत की। इसके अलावा कॉलेज कर्मी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी पौधारोपण किया। प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है।

## पर्यावरण दिवस पर लगे पौधे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पिताबंरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर फलदार एवं औषधि युक्त पौधे लगाये गये। कार्यक्रम को लेकर थाना परिसर में भी वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने कहा कि पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस पौधे लगाकर मनाया जा रहा है। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण का ध्यान रखना हमारा परम दायित्व बनता है। इसी को देख संयुक्त राष्ट्र से शुरुआत हुई पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सब की सामुदायिक जिम्मेदारी है। वही पर्यावरण में पेड़-पौधे जीव जंतु इनकी संरक्षण करना बहुत जरूरी है। पेड़ को काटना बहुत आसान है पर पेड़ लगाना बहुत कठिन है हम सबको पेड़ लगाना चाहिए। पेड़ पौधे नही रहेंगे तो हमारा मानव जीवन असंभव है। कुंदरी वन क्षेत्र पदाधिकारी उमेश कुमार दुबे ने कहा वनों में अनेक किस्म के पेड़ पौधे वन औषधि वन्य जीव कीट पतंग पक्षी जैसे जैव विविधता है।



### ग्रीष्मकालीन लॉन बॉल प्रशिक्षण शिविर 10 से 17 जून तक

**मेदिनीनगर।** आगामी राष्ट्रीय खेल, राष्ट्रीय चैंपियनशिप, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता को देखते हुए झारखंड बोलिंग संघ आगामी 10 से 17 जून तक आरके आनंद बॉलिंग ग्रीन नामकोम रांची में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में किसी भी उम्र के बालक/ बालिका ,महिला /पुरुष आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक के द्वारा निः शुल्क दिया जायेगा।

## पंडवा एलएलटीसी की छात्रा पिंकी ने नीट की परीक्षा में लहराया परचम

■ एलएलटीसी के निदेशक मोनीर हुसैन ने पिंकी को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पंडवा पलामू।** पंडवा एलएलटीसी की छात्रा पिंकी कुमारी ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल कर एलएलटीसी कोचिंग सेंटर समेत पलामू जिला का मान सम्मान बढ़ाया है। पिंकी ने नीट की परीक्षा में 649 अंक प्राप्त की है। इसे लेकर एलएलटीसी कोचिंग सेंटर के निदेशक मोनीर हुसैन ने नीट परीक्षा में सफल छात्रा पिंकी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निदेशक मोनीर ने कहा कि पिंकी शुरू से ही पढ़ाई से मेधावी छात्रा थी। उन्होंने पिंकी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी है। मालूम हो कि पिंकी के पिता संतोष मेहता पुलिस हैं। पिंकी ने अपनी सफलता का श्रेय मेहनत व शिक्षकों व अभिभावकों के मार्गदर्शन को दिया है।



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# फास्ट फूड दुकान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बियर बरामद

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर छतरपुर के एक दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब व बियर बरामद किया है। साथ ही एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चार जून की रात्रि में छतरपुर थाना अंतर्गत छतरपुर जपला रोड में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के बगल में भोला फास्ट फूड दुकान के अंदर फ्रीज में 59 बोतल गॉडफादर बियर तथा अंग्रेजी शराब पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटिन निवासी प्रदीप कुमार पिता अवधेश साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने गिरफ्तार प्रदीप पर छतरपुर थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने कहा कि शराब के सेवन से युवा वर्ग बर्बाद हो रहे हैं। साथ ही असमाजिक तत्व शराब का सेवन कर अपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर क्षेत्र में नशीला सामग्री का सेवन व बिक्री नहीं करने दी जायेगी। छापेमारी अभियान में छतरपुर पुलिस शामिल थी।



### प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन ने बढ़ाया मदद के लिए हाथ

# गौरव कुमार के पिता को सौंपा एक लाख का चेक, और करेंगे सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गौरव हॉस्पिटल के संचालक गौरव कुमार सड़क दुर्घटना में कुछ दिन पहले बहुत ही गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उन्हें इलाज के लिए रांची मेदांता हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया था।

जैसे ही इस दुर्घटना की जानकारी प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तिवारी को लगी, उन्होंने बिना देर किये अपने ही संस्थान में एसोसिएशन की एक आपात बैठक बुलायी तथा बैठक में ये फैसला लिया कि अस्पताल एसोसिएशन हर हाल में गौरव की मदद करेगा।



पीड़ित गौरव कुमार के पिता को चेक सौंपते संघ के लोग।

■ जिसपर एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने एक सुर में तन मन और धन से गौरव की मदद का फैसला किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने राशि जुटाने की जिम्मेदारी कार्यकारिणी सदस्य इस्लाम, बृजेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह को दी। जिन्होंने सभी सदस्यों से संपर्क कर राशि की व्यवस्था की, जिसके उपरांत अध्यक्ष मनीष तिवारी ने मंगलवार की देर शाम गौरव के आवास पर जाकर उनके पिता को एक लाख का चेक सौंपा और उन्हें विश्वास दिलाया कि इलाज के दौरान किसी भी तरह की परेशानी आने पर वे तत्काल प्राइवेट अस्पताल एसोसिएशन से संपर्क करें। मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनीष सिंह, कोशाध्यक्ष आनंद सिंह, इस्लाम जी, तथा अंशु हॉस्पिटल तथा प्राइवेट अस्पताल एसोसिएशन के अन्य सदस्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## यह जीत मोदी जी की जीत: बिद्युतबरण महतो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सीट पर हैट्रिक करने वाली नवनिर्वाचित सांसद बिद्युतबरण महतो ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम जमशेदपुर के लोगों को धन्यवाद देते हैं कि मेरे पर उन्होंने विश्वास जताया है। हमारी जीत मोदी जी की जीत है, पूरे देश की जीत है।

## भाजपा के सभी सांसदों को बधाई: डॉ जटाशंकर



**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्य समिति डॉ जटाशंकर पांडेय प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड में भाजपा के सभी विजयी लोकसभा सदस्यों बिद्युतबरण महतो, काली चरण सिंह, संजय सेठ, वीडी राम, अन्नपूर्णा देवी, ढुल्लु महतो, निशिकांत दुबे, मनीष जायसवाल तथा आजसू के चंद्र प्रकाश चौधरी के जीतने पर उन्हें हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दीं हैं।

## बिद्युतबरण को जीत की बधाई : प्रमोद मिश्रा



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी विदुत बरन महतो की जीत पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत जमशेदपुर की जनता की जीत है यह विकास की जीत है फिर से देश मे मोदी जी के नेतृत्व में एन डी ए की सरकार बनने जा रही है।

## बिद्युतबरण की हैट्रिक सराहनीय : काली शर्मा



**जमशेदपुर।** भाजयुमो झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्णा शर्मा काली ने बिद्युत बरण महतो की हैट्रिक जीत और केंद्र में निरंतर तीसरी बार एनडीए गठबंधन की सरकार बनने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर सीट से बिद्युत बरण महतो की हैट्रिक जीत सराहनीय है।

## इस चुनाव से मोदी मैजिक खत्म : राकेश तिवारी



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव खरसावां के प्रभारी एवं कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने देश के लोकसभा चुनाव के नतीजे पर कहा की देश की जनता ने अपना जनादेश देकर मोदी मैजिक को खत्म कर दिया है। कहा कि खूंटी से इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की जीत की घोषणा केवल औपचारिकता थी। यह बातें मैंने प्रभारी के रूप में बहुत पहले ही कही थी। वहां हमने संगठन का एक मजबूत प्रारूप और आम जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित किया था जिसका आज नतीजा सामने है।

## जीत पर बिद्युतबरण को बधाई: विश्वकर्मा समाज



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से सांसद बिद्युतबरण महतो को जीत की हैट्रिक की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अध्यक्ष राम बिलास शर्मा ने जिले के लाखों विश्वकर्मावंसियों को भी आभार व्यक्त करता हूं सबने अपना मतदान देशहित के लिए किया।

## बिद्युत बरण की हैट्रिक पर बधाई : कुलवंत सिंह

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर खादी बोर्ड के पूर्व सदस्य व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने बिद्युतबरण महतो की जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर सीट से बिद्युत बरण महतो की जीत सराहनीय है। उनकी हैट्रिक पर उन्हें बधाई। श्री बंटी ने कहा कि उनकी जीत समग्र विकास की जीत है।

# नीट 2024 की परीक्षा में मानव डालमिया बना सिटी टॉपर

■ आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर केंद्र में सफल छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट, भारत का प्रमुख मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा कोचिंग संस्थान, गर्व से घोषणा करता है कि नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट यूजी) 2024 में उसके जमशेदपुर केंद्र के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 371 छात्रों की अद्वितीय सफलता ने एक बार फिर से आकाश इंस्टीट्यूट को मुख्य मेडिकल पेशेवरों की उच्चतम गुणवत्ता के प्रदाता के रूप में स्थापित किया है। बुधवार को



निदेशक राजेश प्रसाद के साथ सफल छात्र-छात्राएं।

आकाश इंस्टीट्यूट जमशेदपुर के निदेशक राजेश प्रसाद ने सफल छात्र- छात्राओं एवं उनके माता-पिता को सम्मानित किया।

**बिजनेस परिवार का लाडला है मानव डालमिया, एम्स भुवनेश्वर है लक्ष्य :** मानव डालमिया जो चार साल के नियमित चिकित्सा पाठ्यक्रम बैच में दाखिला लिया




था, ने 706 अंक के साथ एआईआर 790 लाकर संस्थान में प्रथमस्थान प्राप्त किया। वह पूरे सत्र में एक नियमित छात्र रहा हैं और अपने सभी वर्गों और परीक्षाओं को गंभीरता से लिया है। मानव गायत्री शिक्षा निकेतन, आदित्यपुर से पढ़ाई पूरी की है। उसके पिता शंभु डालमिया और माता अर्पिता ट्रांसपोर्ट बिजनेस चलाते हैं। डालमिया परिवार आस्था बलराम, कदमा में रहता है। मानव की सलाह है कि नीट की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को औसतन 6-7 घंटे अध्ययन अवश्य करना चाहिए।

**टाटा मोटर्स इंपलाई की बेटी अंशु प्रिया सेवा के उद्दश्य से बनेगी डॉक्टर :** अंशु प्रिया जो आकाश इंस्टीट्यूट में चार साल के मेडिकल कोर्स नियमित छात्रा थी, ने 705 अंक के साथ एआईआर 1370 लाकर संस्थान में तीसरे




स्थान पर रही। इन्होंने आकाश के शिक्षको और शिक्षण पद्धति की बहुत सराहना की है। अंशु के पिता लक्ष्मीकांत कुंभकार सरकारी शिक्षक हैं जबकि माता चंपा गृहणी हैं। उसके बड़े भाई प्रकाश दिल्ली से एमबीए कर रहे हैं। अंशु प्रिया ने विद्या भारती चिन्मया से प्लस टू की पढ़ाई की है। वह सेवा भावना से डॉक्टर बनेगी और भविष्य में न्यूरो सर्जन बनना चाहती है।

**सर्जन बनना चाहता है साहिल श्रीवास्तव :** टेल्को कालोनी




निवासी एवं टाटा मोटर्सकर्मी संतोष कुमार और प्रिया श्रीवास्तव का पुत्र साहिल श्रीवास्तव ने नीट 2023 में 11705 स्थान हासिल किया है। भविष्य में वह सर्जन बनना चाहता है। विद्या भारती चिन्मया टेल्को का छात्र साहिल अपनी सफलता में माता-पिता के अलावा आकाश के शिक्षकों का योगदान मानता है। उसका कहना है कि नीट की तैयारी कर रहे छात्र- छात्राओं को आकाश के स्टडी मैटेरियल्स और नियमित टेस्ट के अलावा एनसीआरटी की किताबों को अवश्य पढ़ना चाहिए।

**शिक्षकों का सही मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत से मिली सफलता : राजेश प्रसाद-** संस्थान के निदेशक, श्री राजेश प्रसाद, सह निदेशक रमन प्रसाद एवं शिक्षकगण ने छात्रों की अद्वितीय प्रदर्शन पर अपने उत्साह को व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम अपने छात्रों को नीट 2024 परीक्षा में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए गर्व महसूस कर रहे हैं। यह उनके समर्पण, मेहनत और हमारे मान्य अध्यापकों द्वारा प्रदान की गई मार्गदर्शन का प्रमाण है। आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर केंद्र की टीम हमेशा से उत्कृष्ट शिक्षण सामग्री और समर्थन प्रदान करने का प्रयास करती रही है।

# जनता के एक-एक वोट की आभारी हूं उम्मीदों को पूरा करूंगी : जोबा माझी

■ सांसद जोबा माझी के आवास पर बधाई देने वालों का लगा तांता

**खबर मन्त्र टीम**

**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी के पंप रोड आवास पर बुधवार को पूरे दिन बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। पूरे संसदीय क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग एवं पदाधिकारी फूलों का गुलदस्ता लेकर पहुंचे और जोबा माझी को ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। सरायकेला-खरसावां के जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने जोबा माझी को सरायकेला का प्रसिद्ध लड्डू भेंट किया। इस मौके पर बधाई स्वीकार करने के दौरान सांसद जोबा माझी ने कहा सिंहभूम की जनता की वह बहुत आभारी



जोबा माझी का अभिनंदन करती महिलाएं।



है। उन्होंने कहा एक-एक वोट का वह सम्मान करती है और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याओं से अवगत होने के बाद उसके निदान के कार्य करेगी। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय सिंहभूम की मतदाताओं और कार्यकताओं को दिया। जोबा माझी को बधाई देने वालों में सोनाराम बोदरा के अलावा खरसावां के विधायक दशरथ गागराई, चक्रधरपुर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष केडी साह, झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, सरायकेला-खरसावां के झामुमो जिलाध्यक्ष सुबेंदु कुमार महतो, पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई, गुवा के समाजसेवी मोहम्मद तबारक, नोवामुंडी के इजहार राही, चक्रधरपुर के पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद अशरफ, इकबाल खान, मोहम्मद जलाल, सरवर नेहाल, सोनुवा के अशोक प्रधान, उमापद बटब्याल, मुखिया सोमनाथ कोया, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा समेत उनके साथी, उरांव सरना समिति के सदस्य, विभिन्न महिला संगठन की सदस्य एवं अन्य बड़ी संख्या में पहुंचे थे। चक्रधरपुर मुखिया संघ ने सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी से मुलाकात कर जीत की बधाई दी।

## स्पोर्ट्स कंपलेक्स और बिरला मंदिर में सरयू राय ने किया पौधरोपण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिरसानगर स्थित संचू कोया स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और बिरला मंदिर केबुल टाउन में में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष एम चन्द्र शेखर राव, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकाश कोय, मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, शंकर कर्मकार, महामंत्री प्रेम रंजन घोष,राजन कुजूर, एस एन मिश्रा, आर एन दस, महिला मोर्चा महामंत्री लक्ष्मी



सरकार, महिला मंडल मोर्चा अध्यक्ष रेखा महानंदी, बॉबी दास राजन कुजूर, अमरजीत सिंह, सूरज हेंब्रम, राजू लस्कर सहित अन्य उपस्थित थे। विधायक सरयू राय ने गोलमुरी केबल टाउन स्थित निमार्णाधीन स्वामी लक्ष्मी नारायण बिरला मंदिर में वृक्षारोपण किया।

## सोना देवी विवि में भी पौधरोपण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्व विद्यालय घाटशिला, जमशेदपुर के प्रांगण में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस- 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी छात्रों ने भाग लिया इसमें विभाग के शिक्षक शिक्षिकाओं ने जहां छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया वहीं पर्यावरण के संरक्षण संबंधी विषय पर अपनी असीमित प्रतिभा का परिचय दिया इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो जेपी मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को बहुत ही प्रेरणास्पद सुझाव दिये। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉक्टर गुलाब सिंह आजाद द्वारा छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी जीवन में सफल होने के लिए पर्यावरण उपयोगी कई जीवन उपयोगी जानकारी दी गई आज के कार्यक्रम में अनसूया राय, श्रद्धा पंडा, उमेश गुप्ता, प्रो लीना श्रीवास्तव, प्रो आफताब आलम आदि के द्वारा पौधारोपण किया गया कार्यक्रम में विवि के अनेक अध्यापक व्याख्याता एवं शिक्षकत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते चेयरमैन प्रभाकर सिंह व उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाएं।

## कागलनगर में खुला लक्ष्मी मेडिकल स्टोर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सोनारी कागल नगर बाजार में बुधवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नवीनतम लक्ष्मी मेडिकल का उद्घाटन शहर के प्रख्यात डॉक्टरों की टीम ने फीता काटकर किया। डॉक्टर एस सी पांडा, डा आर एन बहादुर, एमजीएम के पूर्व सुपरीटेंडेंट डा भारत भूषण आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लक्ष्मी मेडिकल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, बीजेपी नेता देवेंद्र सिंह, कांग्रेस जिला



अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, अजय सिंह, राकेश तिवारी, रविंद्र झा, विजय खान, धर्मेंद्र सोनकर,डा परितोष सिंह, समाजसेवी कमल किशोर, नकुल तिवारी, झामुमो के वरिष्ठ नेता श्री मोहन कर्मकार, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी रामाश्रय प्रसाद, सरदार परविंदर सिंह, अंबुज कुमार आदि उपस्थित थे। लक्ष्मी मेडिकल के मालिक श्री राकेश तिवारी ने कहा कि विगत 35 वर्षों से समाज सेवा करते आ रहा हूं और इस मेडिकल स्टोर के माध्यम से लोगों की सेवा निर्वाध गति से प्रदान करता रहूंगा। इस मेडिकल स्टोर खोलने का यही उद्देश्य और मकसद है यह मेडिकल स्टोर अन्य मेडिकल स्टोरो से अलग है यहां सभी प्रकार के डॉक्टरों की मौजूदगी के साथ 24 गुणा 7 की सर्विस आकर्षक छूट समेत कई सुविधाएं आम लोगों तक पहुंचायी जायेगी।

## रामाश्रय ने इंडिया गठबंधन के निर्वाचित सांसदों को दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बुधवार को झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एआइसीसी के सदस्य माननीय रामाश्रय प्रसाद के आवासीय कार्यालय गोलमुरी जमशेदपुर में झारखंड लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा( खूंटी) सुखदेव भगत (लोहरदगा) जोबा मांझी (चाईबासा) नलिनी सोरेन (दुमका) विजय हसदा (राजमहल) कल्पना सोरेन विधायक की जीत की खुशी में एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई गई और उन्हें बधाई दिया गया। पार्टी के आलाकमान को भी बहुत बधाई दिया गया कि उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में देश में जो जीत हासिल की है वह काफी सराहनीय है।

## टाटा स्टील ने सस्टेनेबिलिटी यात्रा जारी रख मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके विश्व पर्यावरण दिवस मनाया, जिसमें विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान और आईएसडब्ल्यूपी क्षेत्र में एक जल निकाय का पुनरुद्धार शामिल था, जिसने सस्टेनेबल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। सीआरएम बारा, जमशेदपुर वर्क्स, टाटा मेन हॉस्पिटल के नर्सिंग हॉस्टल के पास, नीम बाग सहित विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण अभियान चलाया गया, वहीं इस



विजेता छात्र-छात्राओं के साथ मुख्य अतिथि चाणक्य चौधरी व अन्य।

महत्वपूर्ण अवसर पर शाम को बेल्डीह क्लब में भी एक समारोह का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों के अतिथियों ने 1000 से अधिक पौधे लगाये। जबकि 0.5 एकड़ में फैले आईएसडब्ल्यूपी क्षेत्र में जल निकाय के पुनरुद्धार से दो मिलियन लीटर की जल धारण क्षमता निर्मित हुई है। अतिरिक्त 0.25 एकड़ को घास के मैदान और पेड़-पौधों के साथ मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। ये प्रयास टाटा स्टील की सस्टेनेबिलिटी यात्रा का हिस्सा हैं, जो ज्यादा भूमि को हरियाली के दायरे में लाते हैं।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने लगाये 2000 से अधिक पौधे



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। नीम बाग और सीआरएम बारा में 2000 से अधिक पौधे लगाए गए, जिनमें महोगनी, करंज, जंगल जलेबी, महानीम, नागचम्पा, इमली, चटिम, सिरिस, कदम, तबेबुइया, पेल्टाफोरम और नीम सहित विभिन्न प्रजातियां शामिल हैं। यह विविधता एक समृद्ध और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करती है, जिससे जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र मजबूत होता है। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विद्युतवरण की जीत की खुशी में सिखों ने मनायी दिवाली



**जमशेदपुर।** भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो की लगातार तीसरी जीत पर सिखों ने होली दीवाली मनायी। झारखंड सिख विकास मंच के बैनर तले साकची महिवाल ट्रैवल्स चौक पर सिखों ने एक दूसरे की गाल पर अबीर लगाकर जीत की बधाई दी। उसके बाद 101 किलो लड्डू बांटे। मोमबत्तियां जलायी तथा जमकर पटाखे फोड़े। इसके साथ ही ढोल ताशे की धुन पर समर्थक जमकर नाचे तथा महिवाल ट्रेवल्स से लेकर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति तक विजय जुलूस निकाला। इसमें शामिल सिख भाजपा जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद विद्युत वरण महतो जिंदाबाद गुरदीप सिंह पप्पू जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। मंच के संस्थापक और सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू, अध्यक्ष दलजीत सिंह, हयूम पाइप गुरुद्वारा कमेटी प्रधान दलबीर सिंह, सेंट्रल सिख नौजवान सभा के पूर्व अध्यक्ष रणधीर सिंह, मानगो गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह इंदर, भाजपा नेता जोगिंदर सिंह जोगी, अवतार सिंह गांधी विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत, केंद्रीय निर्णायक मंडल सदस्य, परम जीत सिंह चन्नी, लखिंद्र सिंह लाली, गुरबख्श सिंह गच्ची, जसवंत सिंह, संता सिंह, जस्मैर सिंह जस्सी, गच्छी विल्खू, गूरदयाल सिंह टीटू, शिव दिलवारी, अवतार सिंह सोय, हरजिंदर सिंह प्रधान सीता राम डेरा गुरुद्वारा, जसबीर सिंह सोनी एवं अन्य कई लोग थे।

### वीर चक्र स्वर्गीय श्रीपति सिंह की सातवीं पुण्य तिथि पर ओल्ड ऐज होम बाराद्वारी में जलपान सेवा



**जमशेदपुर।** 1971 युद्ध के नायक रहे वीर चक्र स्वर्गीय श्रीपति सिंह का निधन टाटा मुख्य अस्पताल में 4 जून 2016 को हो गया था। तब से आज तक उनके दोनों योग्य पुत्रों एवं उनके परिवार हर वर्ष गरीबों एवं जरूरतमंदों को भोजन जलपान कराने का कार्यक्रम किसी न किसी रूप में करते रहे हैं। इस बार पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम एवं उनके परिवार के सहयोग से बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद ओल्ड एज होम में जलपान का प्रोग्राम रखा गया था। सर्वप्रथम परिवार के सदस्यों, पूर्व सैनिकों एवं ओल्ड ऐज होम में रहने वाले बुजुर्ग पुरुषों एवं महिलाओं ने बारी-बारी से उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। सभी सदस्यों ने 2 मिनट के मौन के बाद ओल्ड ऐज होम के सदस्यों को नाश्ता कराया। नाश्ते में पुरी सब्जी खीर चिप्स केक लस्सी फल मिठाई आदि था। इसे सफल बनाने में उनके परिवार की बहु पोती आदि संबंधियों के साथ-साथ डॉ कमल शुक्ला हरेंदु शर्मा आशुतोष सिंह अशोक श्रीवास्तव महेश कुमार सुरेंद्र प्रसाद मौर्या जावेद हुसैन असलम मलिक अरिजीत विश्वास गणेश राव जितेंद्र सिंह एवं रजत डे पुर्वी सिंहभूम के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुए।

### जमशेदपुर वीमेंस विवि में एडमिशन प्रक्रिया प्रारंभ

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी द्वारा यूजी का प्रथम लिस्ट जारी कर दिया गया है। इससे संबंधित जानकारी चान्सलर पोर्टल में देखी जा सकती है। डोक्यूमेंट वेरीफिकेशन (एडमिशन संबंधित) बिष्टुपुर कैंपस में प्रारंभ हो चुका है जिसका समय सुबह11 बजे से शाम 3बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रथम लिस्ट में जिन छात्राओं के नाम दिये गये हैं वे निर्धारित समय में आकर एडमिशन संबंधित सारी प्रक्रिया 10 जून तक बिष्टुपुर विवि परिसर में आकर पूरी करें। डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के बाद छात्राएं अपना एडमिशन फीस भी जमा कर लें ताकि एडमिशन संबंधित सारी प्रक्रिया पूरी हो सके।

### 96 दिनों में साइकिल से 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर पहुंचे दिवाकर



**चांडिल।** चौका थाना क्षेत्र के दिवाकर महतो 28 फरवरी को चांडिल के प्राचीन जयदा शिव मंदिर से साइकिल में 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन पर निकले थे। दिवाकर ने 96 दिनों में दर्शन कर जयदा मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। मौके पर महंत केशवानंद सरस्वती, राकेश वर्मा, आकाश महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

### देश ने मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया : दिनेश

**जमशेदपुर।** भाजपा नित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलने सहित जमशेदपुर, रांची में भाजपा की हैट्रिक से गदगद पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने हर्ष व्यक्त किया है। कहा कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। उन्होंने रांची से संजय सेठ की लगातार दूसरी जीत और जमशेदपुर संसदीय सीट से विद्युत वरण महतो के टिकट की हैट्रिक पर विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी और जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत के प्रति आभार जताया।

### प्रधान जिला जज ने किया पौधरोपण



**जमशेदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जमशेदपुर न्यायालय परिसर में प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल मिश्रा ने पौधारोपण कर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वायुमंडल को संतुलित रखने के लिए हर व्यक्ति साल में कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगायें। जिस रफतार से पेड़ काटे जा रहे हैं, उस अनुपात में पौधरोपण नहीं हो रहा है। यही कारण है कि आज दिन प्रतिदिन भीषण गर्मी एवम हिट वेव का लोग सामना कर रहे हैं। मौके पर डालसा सचिव राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य न्यायायिक पदाधिकारी, लीगल काउंसिल के सदस्य, पीएलवी, डालसा कर्मी मौजूद रहे।

# नीतीश और तेजस्वी के एक ही फ्लाइट से दिल्ली रवाना होने पर सियासी हलचल तेज

एजेंसी



**पटना।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद के कयासों का बाजार भी गर्म हो गया है। केन्द्र में भाजपा सरकार बनाने की तैयारी कर रही है और बिहार में नीतीश कुमार के पलटी मारने की चर्चा जोरों पर है। इस बीच बुधवार को नीतीश और तेजस्वी एक ही फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दोनों की विमान में एकसाथ वाली तस्वीर सामने आयी है, जिसे देखकर नीतीश के दोबारा आईएनडीआई गठबंधन में जाने की चर्चा को और हवा मिल रही है। तस्वीर में फ्लाइट में अगली सीट पर नीतीश कुमार बैठे हैं तो उनके ठीक पीछे वाली सीट पर तेजस्वी यादव बैठे नजर आ रहे हैं। हालांकि, भाजपा के लिए थोड़ी राहत जरूर है कि इसी फ्लाइट में नीतीश कुमार के साथ लोजपा (रामविलास) के चीफ चिराग पासवान और उनकी पार्टी के तमाम नवनिर्वाचित सांसद भी मौजूद हैं। चिराग ने पहले ही साफ कर दिया है कि वह और उनकी पार्टी भाजपा के साथ है। इस चुनाव में भाजपा बहुमत के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायी है। सहयोगियों के बदौलत केंद्र में एक बार फिर एनडीए की वापसी होनी है। इस बीच एनडीए और आईएनडीआई गठबंधन की बैठक दिल्ली में आज ही होनी है, जिसके लिए नीतीश कुमार दिल्ली गये। दोनों ही गठबंधन को नीतीश कुमार की पार्टी जदयू की जरूरत है। ऐसे में हर किसी की नजर नीतीश कुमार पर है।

## पप्पू यादव के लिये तीसरी बार भी लकी रही पूर्णिया सीट



**पटना।** कांग्रेस के बागी नेता राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के लिये तीसरी बार भी पूर्णिया सीट निर्दलीय प्रत्यशी के तौर पर लकी रही और जनता के समर्थन ने उन्हें पूर्णिया का किंग बना दिया। बिहार की हाइप्रोफाइल सीट में शामिल पूर्णिया संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने रोमांचक मुकाबले में जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रत्याशी संतोष कुमार को 23 हजार 847 मतों के अंतर से शिकस्त दी और वह पूर्णिया से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर तीसरी बार चुनाव जीतने में सफल रहे।

# महागठबंधन की सरकार बनने पर संविधान की रक्षा होगी : डॉ सादा

### अगर मोदीजी को प्रधानमंत्री बनाते हैं तो देश का रसातल में जाना तय है

एजेंसी



**सहरसा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य सह स्टार प्रचारक डॉ तारानंद सादा ने लोकसभा चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी जी भले एनडीए की वैशाखी वाली सरकार बना लें, लेकिन मोदीजी ने देश की सविधानिक और लोकतान्त्रिक ढांचा समेत प्रधानमंत्री ने सारे मयार्दाओ और नौटंकी की सारी सीमाओं को पार कर इस पद की गरिमा को तार तार कर दिया है, जबकि इनके दस साल के शासन काल में गरीबी, बेरोजगारी, महिलाओ पर उत्पीड़न समेत किसान मजदूरों का शोषण की प्रकाष्ठा की सीमा को पार कर गये। देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों, जिनमें पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह, अटल बिहारी बाजपेयी आदि ने राष्ट्र निर्माणमें अहम योगदान दिया और देश की स्वच्छ छवि विश्व में स्थापित किया और देश को संमृद्ध के साथ शक्तिशाली बनाया, लेकिन मोदीजी ने धर्म और धार्मिक स्थलों की आड़ में राजनीति का घिनौना खेल करते हुए पंडितों शंकराचार्य गुरुओं के साथ गैर मर्यादित खेल खेला और इन सबों को भयभीत कर रखा। मोदीजी सत्ता के अभिमान में सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर चुने हुए प्रतिनिधियों, नेताओं, बड़े व्यवसायियों, पदाधिकारियों को जेल में हीं नहीं डाला बल्कि राजनीतिक द्वेष और वोट बैंक मजबूत करने का काम किया है। जो आने वाले दिनों में इतिहास के पन्नों में लिखा जायेगा और याद किया जायेगा। विशेष कर चुनाव के वक़्त हमारी पार्टी के खाते को सील करना और हमारे राष्ट्रीय नेताओं के हेलीकाप्टर, वाहनों को नाहक जांच कर परेशान किया। उन्होंने कहा अगर मोदीजी को एनडीए का प्रधानमंत्री मंत्री बनते हैं तो देश का रसातल में जाना तय है। जबकि कांग्रेस पार्टी लोक सभा में साकारात्मक सहयोग करेंगी अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो सविंधान की रक्षा करते हुये अपनी 25 सूत्री गारंटी को लागू करेंगी।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा की जीत पर लोगों ने निकाला विजय जुलूस



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मासियातु ग्राम में चतरा लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह के विजयी होने एवं देश में एक बार फिर एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलने की खुशी में विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें गांव के सैकड़ो लोग शामिल हुए। विजय जुलूस में डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आए और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, योगी जिंदाबाद, कालीचरण सिंह जिंदाबाद समेत कई नारा लगाए। मौके पर रविंद्र सिन्हा, लालदेव गंझु, संजीव उर्फ पप्पू सिन्हा, आशीष ओझा, शैलेश सिंह, सूरज शाह, अरुण साहू, संजीव गुप्ता, हेमंत यादव, अखिलेश भोगता, संजीव गुप्ता, ब्रजेश उरांव, उदय यादव, सरजू यादव, रमेश साव, फूलचंद ठाकुर, राजकुमार यादव, जलेश्वर यादव, बसंत महतो, जमुना चौधरी, शेखर चौधरी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चक्रवाती तूफान ने मचाई तबाही, मुआवजे की मांग



**बरवाडीह।** प्रखण्ड क्षेत्र में बुधवार की दोपहर तीन बजे के करीब अचानक आई आंधी-तूफान ने सबसे ज्यादा तबाही मोरवाई पंचायत क्षेत्र में मचाई है। तेज चक्रवात से कई जगहों पर विशाल पेड़ गिर गए, दर्जनों खपरैल मकान के छप्पर इस तेज आंधी में उजड़ गए। रास्तों पर पेड़ गिरने से आवागमन भी बाधित हो गया। हालांकि इस आंधी-तूफान से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। प्रखंड क्षेत्र में आई आंधी तूफान से कई पंचायतों में लोग काफी सहम गए है। आंधी तूफान से जहां एक ओर घरों को क्षति पहुंची है, वहीं दूसरी ओर जगह-जगह बिजली के तार टूट कर गिर जाने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी कई घंटों के लिए बाधित हो गयी। आंधी से मक्के की फसल भी प्रभावित हुई है। करीब एक घंटे तक इस चक्रवात ने तबाही मचाई है। मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष सिंह ने पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर छतिग्रस्त मकानों का जायजा लिया है। वहीं उन्होंने अंचलाधिकारी मनोज कुमार से बात कर घटना की सूचना देते हुए पीड़ित परिवारों को आपदा राहत कोष से सहयोग करने का आग्रह किया है।

## भाजपा को लातेहार विधान सभा क्षेत्र से 17 हजार बढ़त, मनिका में भी दी कड़ी टक्कर

# लातेहार जिले में अपनी कुनबा व साख बचाने में सफल रहे भाजपाई

- दोनो विधान सभा क्षेत्र में बड़ी जीत का दावा कर रहे थे इंडी गठबंधन के लोग, हुए फेल
- दो वर्तमान विधायक, दो पूर्व विधायक समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा लगी थी दांव पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पूरे देश मे लोकसभा चुनाव का मतगणना 4 जून मंगलवार को सम्पन्न हो गया। मतगणना पूर्ण होने के बाद भाजपा, इंडी गठबंधन समेत अन्य दलों के लोग किस क्षेत्र में पार्टी को नफा और कहां नुकसान हुआ इसके जोड़ घटाव में जुट गए हैं। जहां चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार कालीचरण सिंह के 2 लाख 20959 मतों के भारी भरकम अंतर से प्रचंड जीत हासिल करने के बाद भाजपा नेता व कार्यकर्ता गदगद नजर आ रहे हैं। वही इंडी गठबंधन मंथन में जुट गयी है। नेता व कार्यकर्ता चुनाव के निमित बने पार्टी वाट्सअप ग्रुप अपने-अपने गठबंधन दल के बड़े नेताओं पर दोषारोपण करते दिख रहे हैं। उन्हें समझ मे नही आ रहा है कि इतना अच्छा माहौल बनाने के बाद आखिर चूक कहां हो गयी। चुनाव से पूर्व गठबंधन दल के नेता जहां लातेहार जिला अंतर्गत आने वाले दोनों विधानसभा क्षेत्र लातेहार व मनिका में बड़े मार्जिन से बढ़त लेने का दवा करते थक नही रहे थे लेकिन लेकिन चुनाव परिणाम में ऐसा हो पाया।

**भाजपा को लातेहार विधान सभा क्षेत्र से 17 हजार की बढ़त, मनिका में भी दी कड़ी टक्कर**

भारतीय जनता पार्टी अपने बड़े संगठन, पार्टी के कोर वोटर, महिला व युवा मतदाताओं के भरपूर समर्थन के बल पर जिले में बढ़िया प्रदर्शन करते हुए अपनी साख व कुनबा बचने में सफल रही। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाजपा का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। भारतीय जनता पार्टी ने लातेहार विधानसभा से 17261 मतों का बढ़त हासिल की। भाजपा को 96840 जबकि कांग्रेस को 79579 मत प्राप्त हुआ। वहीं आदिवासी बाहुल्य मनिका विधान सभा क्षेत्र में भी इंडी गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी को कड़ी टक्कर दिया। हालांकि यहां से कांग्रेस ने 1586 मतों की मामूली बढ़त हासिल की। कांग्रेस पार्टी को यहां 72045 वहीं भाजपा को 70459 मत मिले। दोनों विधानसभा के कई ऐसे बूथ रहे जहां गठबंधन के बड़े नेता पिछड़ते नजर आए और अपने बूथ व पंचायत में भी अपनी साख नही बचा पाए। राज्य में सरकार व लातेहार जिला अंतर्गत आने वाले दोनों विस क्षेत्रों में अपना विधायक होने के बावजूद उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं होने से गठबंधन के कार्यकर्ता मायूश दिखे। बता दे कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में दोनों वर्तमान विधायक झामुमो से वैद्यनाथ राम व कांग्रेस से रामचंद्र सिंह के साथ-साथ लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम, मनिका के पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह समेत जिले के कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दाव पर लगी थी। इसमें कई नेता अपनी साख व प्रतिष्ठा तो बचाने में सफल रहे वहीं कुछ की प्रतिष्ठा जरूर कम हो गयी है।

## एसडीपीओ ने चकला प्लांट के सीएचपी एरिया में मारा छापा, भारी मात्रा में चोरी का स्क्रैप बरामद

- अमित प्रसाद, भरत उरांव व महमूद मियां पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा के बान चकला स्थित लंबे अरसे से बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट से लोहा स्क्रैप चोरी का गोरख धंधा थमने का नाम नही ले रहा है। इनदिनों लगातार प्लांट के सीएचपी एरिया से लोहे की चोरी धड़ल्ले से जारी है। इसी पर रोक लगाने को लेकर मंगलवार की रात्रि एसडीपीओ अरविंद कुमार ने मिली गुप्त सूचना के आलोक में विशेष छापामारी अभियान चलाया। एसडीपीओ श्री कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि प्लांट के सीएचपी एरिया में बड़ी मात्रा में लोहा कटिंग कर जमा किया हुआ लोहा को ट्रक से ले जाने की तैयारी है। इसी के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ अरविंद कुमार, लातेहार सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह एवं जिला पुलिस बल के जवानों के साथ सीएचपी एरिया में छापामारी अभियान चलाया। हालांकि पुलिस आने की भनक लोहा चोरों को मिल चुकी थी, जिस कारण घटनास्थल से चोर ट्रक लेकर भागने में सफल रहे। लेकिन अभियान के दौरान पुलिस ने लगभग एक टन कटिंग किया हुआ लोहा स्क्रैप को बरामद करने में सफल रही। अभियान के बाद बुधवार को एसडीपीओ ने मामले में अग्रतर कार्रवाई को लेकर चंदवा थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी। इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 69 /24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में तीन लोग अमित प्रसाद पिता विजय प्रसाद (नगर), भरत उरांव पिता रामवृक्ष उरांव (धाधु) व महमूद मियां पिता शमसुद्दीन मियां चकला पर नामजद प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। सबसे दिलचस्प बात है कि एसडीपीओ लातेहार से छापामारी अभियान के लिए पहुंच जाते हैं, इसके बावजूद स्थानीय थाना को चोरी की भनक तक नहीं होती। इस बात को लेकर बाजार में तरह तरह

**आखिर क्यों नहीं थम रहा चकला प्लांट से स्क्रैप चोरी का गोरखधंधा**

बता दें कि चकला स्थित अभिजीत पावर प्लांट से लोहा स्क्रैप चोरी का धंधा बड़े लंबे समय से चल रहा है। विगत लगभग 2 वर्ष पूर्व जब एनसीएलटी कोर्ट द्वारा प्लांट को स्क्रैप घोषित कर बैंकर्स के कर्ज भुगतान को लेकर प्लांट को स्क्रैप घोषित कर नीलामी की जा रही है। जिसके बाद उसी समय से चोरी का सिलसिला अनवरत जारी है। जबकि प्लांट की सुरक्षा व चोरी रोकने को प्लांट में सैप की एक कंपनी, चंदवा पुलिस के दो पदाधिकारी, प्लांट प्रबंधन की ओर से निजी सुरक्षा कम्पनी के सौ से अधिक सिक्युरिटी जवानों की तैनाती की है। बावजूद इसके चोरी का नही रुक पाना सवालिया निशान खड़ा करती है। इसको लेकर बाजार में चर्चा का बाजार गर्म है।

## स्कूल प्रशासन, वन विभाग और पीरामल फाउंडेशन ने किया पौधा रोपण




खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को मनिका प्रखंड के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस मनिका में पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्रों के द्वारा पौधारोपण किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण से ही स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार मिश्रा ने पर्यावरण को बचाने के लिए अपने अपने जन्मदिन पर एक- एक पेड़ लगाने को लेकर छात्रों के समक्ष महत्त्वपूर्ण संदेश दिया। ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षित रख सके। वन विभाग के कार्यकर्ता ने पौधा लाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। पिरामल फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत गठित इको क्लब के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता प्रदान करने का दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही, स्कूल परिसर में किचन गार्डन को विकसित करने की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और उपस्थित सभी लोगों ने शपथ लिया की सभी मिलकर पर्यवरण की रक्षा करेंगे एवं जनमानस तक यह संदेश पहुचाने का काम करेंगे।

### नालंदा में करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी इसुआ गांव में बुधवार की सुबह बिजली का करंट लगने से 60 साल के एक बुजुर्ग की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतक की पहचान पुरानी इसुआ गांव निवासी कामेश्वर प्रसाद के रूप में की गयी है। घटनाक्रम की जानकारी सरमेरा थाना पुलिस को दी गयी। घटनाक्रम की सूचना पाकर सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## खबर एक नजर में

### कालीचरण सिंह ने टोरी में आरओबी निर्माण को बताया पहली प्राथमिकता, लोगो मे खुशी

**चंदवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र से प्रचंड जीत हासिल करने के बाद भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने संसदीय क्षेत्र के सबसे अहम मुद्दों एवं समस्याओं में चंदवा के टोरी स्थित रेलवे फाटक पर आरओबी नही रहने से हो रही परेशानी को पहले स्थान पर रखा है। चुनाव जीतने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने उक्त समस्या के निदान को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराया। चतरा संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद के द्वारा उक्त समस्या को प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रखने पर चंदवा के भाजपाइयों एवं प्रखण्ड वासियों ने आभार जताया है। भाजपा नेता अमित लाल, मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, राजकुमार पाठक, दीपक निषाद, मनीष कुमार चांदो, राम प्रसाद साहू, आशीष सिंह, संजीव आजाद, बबलू सोनी, शिकेश्वर यादव, महेंद्र प्रसाद साहू समेत अन्य लोगो ने सांसद के द्वारा क्षेत्र के जनसमस्याओं के प्रति संजीदगी दिखाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। इन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद होने के नाते कालीचरण सिंह क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं व मुद्दों से भली भांति अगवत है। हम सभी कार्यकताओं को पूरी उम्मीद है कि आने वाले 5 वर्षों में वे जन समस्याओं के निराकरण में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

### मनिका प्रखंड के रांकिकला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया वृक्षारोपण

- भीषण गर्मी का सामना करने के बाद भी पेड़-पौधों का अहमियत नहीं समझ रहे लोगः मथुरा उरांव



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के रांकिकला पंचायत स्थित कुई गांव में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिन बुधवार को मुखिया शीला देवी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। मौके पर मुखिया पति मथुरा उरांव ने कहा कि आज भीषण गर्मी का सामना करने के बाद भी लोगों को पेड़ पौधों की अहमियत समझ में नहीं आ रही है अगर समय रहते लोग पर्यावरण को नहीं बचाते हैं और पेड़-पौधे नहीं लगाते हैं तो आने वाला समय में धरती पर जीव जंतु का जीवित रहना संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्ष लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देखा जा रहा है कि सभी मौसम समय से पहले ही शुरू हो जा रही है और गर्मी में तापमान 45 डिग्री से लेकर 50 डिग्री तक पहुंच जा रही है जो जीव-जंतु के लिए खतरनाक है आने वाले दिनों में घर में लगाए गए ए.सी.भी काम करना बंद कर देगी इसलिए हम सभी मानव समाज के लोगों का दायित्व बनता है कि खाली पड़े जमीन पर वृक्षारोपण करें और जलवायु को परिवर्तन होने से रोके। मौके पर पंचायत सेवक विक्की प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

### भागलपुर का जदार्लू आम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अन्य अतिथियों के लिए भेजा गया



**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर का जदार्लू आम रसीले और सुपाच्य आमों के श्रेणी में शुमार किया जाता है। यह आम अपने लजीज स्वाद के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। भागलपुर का जदार्लू आम हर साल प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति समेत अन्य गणमान्यों को भेजा जाता है। इस बार फिर बुधवार को जदार्लु आम प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों को भेजा गया है। वर्ष 2007 से लगातार हर साल प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति इसका स्वाद चखते आ हैं। लेकिन इस बार यह खास है। क्योंकि यह पहला मौका है जब किसी प्रधानमंत्री के जीत के बाद संदेश के रूप में जदार्लु आम भेजा गया है। भागलपुर का जदार्लु आम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सौगात के रूप में भेजा जाता है। आज जहां सरकार बनाने को लेकर नीतीश कुमार पर सभी नजरें टिकाए हुए हैं। इस बीच प्रधानमंत्री को जदार्लू आम का सौगात भेजा जाना भी खास है।

# पर्यावरण का संरक्षण करना हम सब की जिम्मेवारी : एमपी केसरी




**गढ़वा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल में बच्चों के बीच में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए इको क्लब का गठन किया गया। जिससे वे सभी छात्र जीवन में ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील हो सके। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केसरी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सब की जिम्मेवारी है। प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। पेड़ पौधे आपदा रक्षक ही नहीं बल्कि पृथ्वी का वास्तविक आभूषण भी हैं। यह जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध प्रथम पंक्ति की योद्धा हैं। वर्तमान परिवेश में जिस प्रकार तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है साथ ही असमय आंधी, तूफान वज्रपात, सुनामी, भूकंप आदि प्राकृतिक जटिल समस्याएं हम सभी पृथ्वी वासी झेल रहे हैं उसका एकमात्र बचाव पौधरोपण ही है। यदि हमें पर्यावरण मित्र होने का परिचय देना है तो सिर्फ एक दिन ही नहीं बल्कि हर दिन कुदरत की रक्षा करने के लिए संकल्पित होना होगा। मौके पर सचिव सुषमा केशरी, उपप्राचार्य बीके ठाकुर, कृपाशंकर तिवारी, यश कुमार मेहता, संगीता कुमारी, महेंद्र, श्रेया, सृष्टि, विनय आदि उपस्थित थे।

# गढ़वा की जनता ने पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकारा : चन्दन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम के जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने यह दिखा दिया है कि देश का दिल पीएम मोदी के लिए धड़कता है। साथ ही गढ़वा की जनता इंडी गठबंधन की जोड़ तोड़ की राजनीति और झूठे वायदों पर भरोसा नही करती है।

श्री जायसवाल ने कहा कि इस जीत में भाजपा के नेताओ एवं कार्यकताओं ने मेहनत की पराकाष्ठा को छुआ है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद गढ़वा के देवतुल्य मतदाताओं विशेष रूप से सभी माताओं-बहनों एवं युवा साथियों का कोटि कोटि आभार है। जिसमें लगभग 15000 लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर स्नेह और समर्थन दिया। इसके लिए सभी का हृदय से धन्यवाद। साथ ही भाजपा के सभी बूथ संयोजक, बूथ कमिटी के सभी कार्यकताओं और सहयोगियों का आभार है। जिन्होंने सांसद के जीत में सांसद से भी ज्यादा परिश्रम कर विष्णु दयाल राम को लगातार तीसरी बार सांसद बनाने में अपना अथक सहयोग किया है।

## पेज एक का शेष

### आठ को मोदी ...

**मोदी के समर्थन में प्रस्ताव पास :** बैठक में नरेंद्र मोदी के समर्थन में प्रस्ताव पारित करते हुए कहा गया कि नमो की लीडरशिप में हम सभी लोगों ने चुनाव लड़ा और हम विजयी रहे हैं। हमारा उनके नेतृत्व पर भरोसा है। उनके नेतृत्व में ही एनडीए को एक बार फिर से बहुमत हासिल हुआ है। इस प्रस्ताव पर भाजपा से जेपी नड्डा, अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत एनडीए के कुल 24 नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार, टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबावू नायडू, आजसू प्रमुख सुदेश महतो और लोजपा के चिराग पासवान और हम के जीतनराम मंझी भी शामिल हैं। सहयोगी दलों ने मोदी के नेतृत्व में एनडीए की नयी सरकार के गठन के लिए अपने अपने समर्थन पत्र सौंपे तथा एक प्रस्ताव पारित किया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। श्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार देश के गरीब महिला युवा किसान और शोषित, वंचित, पीड़ित नागरिकों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए राजग सरकार भारत के जन जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

**सरकार गठन में घटक दलों की भूमिका अहम : लोकसभा** चुनाव में भाजपा को इस बार 240 मिली हैं, जो बहुमत के आंकड़े 272 से कम है। एनडीए में शामिल टीडीपी को 16, जदयू को 12, शिवसेना (शिंदे गुट) को 7 और लोजपा को पांच सीटें मिली है। ऐसे में सरकार गठन में इन दलों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रहा है।

स्पीड न्यूज

## सनी लियोनी की फिल्म कोटेशन गैंग का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनत्री सनी लियोनी की नई फिल्म कोटेशन गैंग का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। लियोनी ने अपनी अपकमिंग तमिल फिल्म कोटेशन गैंग का फर्स्ट लुक शेयर किया है। सनी लियोनी ने दो पोस्टर शेयर किए। इनमें उनका नया अवतार देखने को मिल रहा है, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा होगा। पहले पोस्टर में सनी, प्रियामणि के रोल में स्कर्ट के साथ चेक शर्ट पहने नजर आ रही हैं।वहीं दूसरे पोस्टर में उन्होंने को-एक्टर जैकी श्रॉफ की गर्दन को गुस्से में पकड़ा हुआ है। लियोनी ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि एक हाइपर-लिंक फिल्म जुलाई से सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## प्रियंका बनीं सबसे कम उम्र की सांसद



**बेंगलुरू।** कर्नाटक की चिक्कोड से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीत का परचम बुलंद करने वाली प्रियंका जारकीहोली सबसे कम उम्र की सांसद बनकर भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के चार जून को आए परिणाम में जीत हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की प्रियंका (27) संसद के गलियारों की ओर कदम बढ़ाने वाली आदिवासी महिला बन गई हैं, उनकी यह उपलब्धि समुदाय और लिंग दोनों की दृष्टि से एक मील का पत्थर साबित हुई है।

## इजरायल के हमले में 75 फिलिस्तीनी मरे

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी के कई इलाकों में रात भर इजरायली हमलों में कम से कम 75 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली विमानों और तोपखाने ने रात भर अल-बुरीज और अल-मगाजी शरणार्थी शिविरों और मध्य गाजा में दीर अल-बलाह के पूर्व में कई स्थानों पर बमबारी की।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मेडिकल अधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिका ठुकराते हुए विशेष अदालत ने बुधवार को उनकी न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया।

## एमजी इंडिया ने लांच किया न्यू ग्लोस्टर



**गुरुग्राम।** 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने भारत में एमजी ग्लोस्टर की नई डेजर्टस्टॉर्म और स्नोस्टॉर्म सीरीज पेश की है। नई एमजी ग्लोस्टर स्टॉर्म सीरीज को बारीकी से डिजाइन किया गया, जो अधिक लग्जीरियस और बोल्ड लुक प्रदान करती है। नई एमजी ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म, ब्लैकस्टॉर्म के तत्वों से प्रेरित डीप गोल्डन एक्सटीरियर के साथ आती है।

# बंगाल में भाजपा समर्थकों के घरों पर हमला

एजेंसी

- बैरकपुर में टीएमसी की विजय रैली के दौरान बाबू नाग के घर में तोड़फोड़ बोतलें और ईंटें फेंकी गयीं
- मध्यमग्राम में भी तोड़फोड

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में हिंसा शुरू। मंगलवार रात सूबे के कई इलाकों में भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके घरों पर हमले हुए हैं। उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में मंगलवार देर रात तृणमूल कांग्रेस की विजय रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला हुआ। तृणमूल उम्मीदवार पार्थ भौमिक की जीत के बाद बैरकपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 24 के तृणमूल कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला था। आरोप है कि विजय जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ता बाबू नाग के घर में तोड़फोड़ की गई। उस समय बाबू घर पर नहीं थे। वहां उनकी मां, पत्नी और बच्चे थे। जब बाबू नहीं मिला तो उसके घर पर कांच की बोतलें और ईंटें फेंकी गईं। उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में भी भाजपा समर्थकों के कई घरों में तोड़फोड़ की गई।



आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस अपराधियों को पनाह दे रही है। बारासात लोकसभा सीट पर इस बार भी तृणमूल की काकली घोष दस्तीदार ने जीत हासिल की है। कथित तौर पर काकली की जीत पक्की होने के बाद मध्यमग्राम के नेताजीपल्ली में कई भाजपा समर्थकों के घरों पर हमला किया गया। नेताजी पल्ली में भाजपा समर्थकों पर हमलावरों ने लोहे की रॉड, बांस और बंदूक से निवासियों को आतंकित किया। इलाके में भाजपा पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की कोशिश की गई। कई लोगों की पिटाई की गई। जादवपुर लोकसभा क्षेत्र में अनिर्बान गांगुली के पोलिंग एजेंट समीर मिस्त्री के घर में तोड़फोड़ को लेकर दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर में तनाव फैल गया। नरेंद्रपुर के खेयादह के खुदीराबाद में समीर मिस्त्री डर के कारण बेघर हैं। नरेंद्रपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई।



## ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य के राज्यपाल रघुबर दास को बुधवार को इस्तीफा सौंप दिया। ओडिशा में लगातार ढाई दशक तक सत्तारूढ़ रहे पटनायक को विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों बड़ी हार का सामना करना पड़ा है।ओडिशा की 147 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 78 सीटें जीती हैं जबकि बीजद को 51 सीटों से ही संतोष करना पड़ा है। भाजपा पहली बार सरकार बनायेगी।

# सरकार ने बहुत अच्छा काम किया, आगे और बेहतर करेंगे

## राजनीति में उतार-चढ़ाव और संख्या का खेल चलता रहता है : मोदी

खबर मन्त्र संवाददाता

- कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री ने मंत्रियों का किया उत्साहवर्धन
- तीसरे कार्यकाल में और भी बेहतर काम करके दिखायेंगे
- उपराष्ट्रपति से भी मिले पीएम

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में अपने मंत्रियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा है कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बहुत अच्छा काम किया, आगे और बेहतर काम करेगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पीएम आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में उतार-चढ़ाव तो आता रहता है, संख्या का खेल चलता रहता है। लेकिन, सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बहुत अच्छा काम किया है, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण काम किए, जिसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवें नंबर की बड़ी अर्थव्यवस्था बनी और एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में हम देशहित में और भी बेहतर काम करके दिखाएंगे। सूत्रों की माने तो, विपक्षी दलों के दावे को नकारते हुए पीएम मोदी ने बैठक में यह भी कहा कि एनडीए की जीत हुई है। लेकिन, दूसरे लोग उछल रहे हैं। इससे पहले बुधवार को ही प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्तमान लोकसभा (17वीं लोकसभा) को भंग करने की सिफारिश को मंजूरी दी गई थी। पीएम आवास पर कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को अपना और अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा। राष्ट्रपति मुर्मू ने पीएम मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नई सरकार के कार्यभार संभालने तक उनसे पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को गुलदस्ता भेंट किया और मिठाई खिलाई। प्रधानमंत्री को भेंट किए गए गुलदस्ते में 3 कमल के फूल थे, जो उनके लगातार तीसरे कार्यकाल का प्रतीक थे। कमल के फूल लिली के फूलों से घिरे हुए थे। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति धनखड़ को प्रधानमंत्री मोदी ने किसान पुत्र कहा था। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को राजस्थान का स्वादिष्ट व्यंजन चिड़ावा का पेड़ा और प्रमुख कृषि उत्पाद मेरठ का गुड़ भी परोसा गया। यह व्यंजन खास तौर पर ग्रामीणों व किसानों द्वारा खूब पसंद किए जाते हैं।



### प्रधानमंत्री ने शुरू किया एक पेड़ मां के नाम अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। मोदी ने दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का पेड़ लगाया। उन्होंने सभी देशवासियों से हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का भी अनुरोध किया है और कहा कि पिछले दशक में भारत ने कई सामूहिक प्रयास किए हैं, जिनसे पूरे देश के वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। मोदी ने कहा कि सतत विकास की दिशा में हमारे प्रयासों के लिए यह बहुत अच्छा है।

## सिक्किम : तमांग नौ जून को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे



**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के प्रमुख प्रेम सिंह तमांग ने बुधवार को कहा कि वह दूसरे कार्यकाल के लिए राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में नौ जून को शपथ लेंगे। तमांग और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह राज्य की राजधानी गंगटोक के पलजोर स्टेडियम में होगा। तमांग ने कहा कि नये मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह नौ जून को पलजोर स्टेडियम में होगा, जैसा कि पांच साल पहले हुआ था। उन्होंने कहा कि सिक्किम के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में आम लोगों के साथ-साथ एसकेएम कार्यकताओं के भी कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। एसकेएम ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की 32 सीटों में से 31 सीटें जीतीं। एक सवाल के जवाब में एसकेएम प्रमुख ने कहा कि उनके सांसद इंद्र हंग सुब्बा केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा होंगे।

# बाइडेन, पुतिन व सुनक ने मोदी को दी जीत की बधाई

एजेंसी

- अमेरिका-भारत के बीच दोस्ती और बढ़ रही है : राष्ट्रपति
- रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री से की बातचीत

**नयी दिल्ली।** भाजपा नीत एनडीए तीसरी बार केंद्र में बनायेगी सरकार। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, रूस के राष्ट्रपति पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने पीएम मोदी को जीत की बधाई दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को उनकी जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई। राष्ट्रपति ने देश के 650 मिलियन मतदाताओं को भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती और बढ़ रही है। हम असीमित संभावनाओं वाले साझा भविष्य को अनलॉक कर रहे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि मैंने आज पीएम मोदी से बात की है और उन्हें जीत की बधाई दी। ब्रिटेन और भारत के बीच करीबी मित्रता है, और साथ मिलकर यह मित्रता आगे बढ़ती रहेगी।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बात की और लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बहुमत मिलने पर श्री मोदी को बधाई दी। रूस के राजदूतावास ने यहां मीडिया को बताया कि रूस के राष्ट्रपति श्री पुतिन ने हाल ही में 18वीं लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सफलता पर मोदी को हार्दिक बधाई दी और माना कि यह भारतीय नेतृत्व के कामकाज के समर्थन, देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में प्राप्त परिणामों की मान्यता और इसके अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव के मजबूत होने को दर्शाता है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख



मोहम्मद बिन जायेद अल नहेन ने लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बहुमत मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी साथ ही भारत को और अधिक प्रगति और विकास की ओर ले जाने में उनकी सफलता की कामना की। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नहेन ने सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म एक्स पर हिन्दी में किये गये ट्वीट में कहा कि मै अपने मित्र नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में पुनःनिर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई देता हूं। भारत को और अधिक प्रगति और विकास की ओर ले जाने में उनकी सफलता की कामना करता हूं। हमारे दोनो देशों के बीच गहरी रणनीतिक साझेदारी है।

### चीन ने भी दी बधाई

चीन ने भारत के लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के बहुमत प्राप्त करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है और कहा है कि चीन भारत के साथ अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को कहा कि एक मजबूत और स्थिर चीन-भारत संबंध दोनों पक्षों के साझा हितों को पूरा करता है और क्षेत्र एवं दुनिया भर में शांति एवं विकास के लिए अनुकूल है।

# शेयर बाजार ने भरी उड़ान

एजेंसी

**सेंसेक्स 2303 अंक उछलकर 74,382 पर पहुंचा, निवेशकों ने 13 लाख करोड़ से अधिक कमाए**

**मुंबई।** केंद्र में एक बार फिर से मोदी सरकार बनने की उम्मीद में शेयर बाजार में तीन प्रतिशत से अधिक की उछाल से 13 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर निवेशक मालामाल हो गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स बुधवार को 2303.19 अंक अर्थात 3.20 प्रतिशत उछलकर 74,382.24 अंक पर पहुंच गया। इससे निवेशकों ने महज एक दिन में 1322847.05 करोड़ रुपए की कमाई की। सभी कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। 7.75 % की उछाल के साथ इंडसइंड बैंक के शेयर टॉप गेनर की लिस्ट में नंबर 1 पर है। इसके अलावा टाटा स्टील , महिंद्रा एंड महिंद्रा बजाज फाइनेंस , कोटक महिंद्रा बैंक,



एक्सिस बैंक, लऊअ्ठ बैंक और हिंदुस्तान यूनिलिवर के शेयर टॉप गेनर रहे। ये सभी शेयर 4 फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी की बात की जाए तो टॉप गेनर की लिस्ट में 7.29 फीसदी की बढ़त के साथ अदाणी पोर्ट्स के शेयर रहे। इसके अलावा, इंडसइंड बैंक (7.06%), हिंडाल्को (6.46%), टाटा स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा (6.06%) भी टॉप गेनर्स रहे।

## बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं लखनऊ कांग्रेस कार्यालय पहुंची, पूछा

# राहुल गांधी कब वादे पूरा करेंगे

**लखनऊ।** कांग्रेस के लखनऊ स्थित कार्यालय में बुधवार को अचानक बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय की महिलाएं पहुंच गईं। उन्होंने कहा कि अब राहुल गांधी उनके वादों को पूरा करेंगे, वो चुनाव जीत गए हैं। एक नहीं, बल्कि दो-दो सीटों पर वो जीत का परचम लहराने में सफल रहे, जो कि हर तरह से प्रशंसनीय है। कांग्रेस कार्यालय पहुंची जुबैदा नाम की एक महिला ने कहा कि अब तो कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। अब राहुल गांधी ने हमसे जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने चुनाव में कहा था कि वो महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 8500 रुपए डालेंगे। हम उनके इसी वादे को देखते हुए कार्यालय आए हैं। इस योजना का लाभ पाने के लिए हम जैसी कुछ अन्य महिलाएं एक फॉर्म भरकर कल सुबह तक भेज देंगे। जुबैदा ने कहा कि पहले तो मुझे कांग्रेस कार्यालय में जाने नहीं दिया जा रहा था, लेकिन बाद मैं भी जिद पर अड़ गई। इसके बाद मुझे आने दिया गया। वहीं, हमें बहुत खुशी है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव चुनाव जीत गए हैं। वहीं, कांग्रेस कार्यालय पहुंची एक अन्य महिला ने कहा कि राहुल गांधी हमारी मांगों को पूरा करेंगे।







Er. Partha Pal
B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: **98351 29422**
**e-mail: palpartha078@gmail.com**
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।


# उप्र में भाजपा ने 25 सीटों पर लगायी हैट्रिक

**लोकसभा चुनाव**

- लखनऊ में लगातार नौवीं बार भगवा लहराया

**लखनऊ।** 18वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए को उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार उसकी सीटें घटकर लगभग आधी रह गई हैं। इस चुनाव में भाजपा ने 33 सीटें जीती हैं। इनमें से 25 सीटें ऐसी हैं जिस पर पार्टी ने हैट्रिक लगाई है। वहीं पांच सीटों पर लगातार चौथी बार जीती है। लखनऊ सीट पर भाजपा ने लगातार 9वीं बार जीत दर्ज की है। वहीं 2018 के उपचुनाव को छोड़ दें तो गोरखपुर में भाजपा लगातार सातवीं बार जीती है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य में 62 सीटें जीती थीं।

वीआईपी सीटों में शुमार लखनऊ संसदीय सीट पर भाजपा 1991 से लगातार जीत रही है। वर्ष 1991 से 2004 तक लगातार पांच चुनाव यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जीते। वर्ष 2009 में लालजी टंडन ने यहां जीत का कमल खिलाया। वर्ष 2014, 2019 में राजनाथ सिंह जीते। इस बार भी राजनाथ सिंह यहां कमल खिलाने में कामयाब रहे। लखनऊ में भाजपा की ये नौंवी जीत है जबकि राजनाथ सिंह की हैट्रिक है। गोरखपुर सीट पर 1998 से लेकर 2014 तक लगातार पांच चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने जीत दर्ज की। वर्ष 2019 में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर रवि किशन मैदान में उतरे और विजयी रहे। वर्ष 2024 में रवि किशन ने यहां जीत का फिर कमल खिलाया है। आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद 2018 में हुए उपचुनाव में सपा के प्रवीण निषाद यहां से जीते थे।

इस बार के चुनाव में भाजपा ने जिन 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाई है उनमें गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, फतेहपुर सीकरी, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, कानपुर, अकबरपुर, झांसी, फूलपुर, बहराइच, कैसरगंज, गोण्डा, डुमरियागंज, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, वाराणसी और भदोही शामिल हैं।



पांच सीटों पर चौथी बार जीती भाजपः प्रदेश की पांच सीटों- मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, पीलीभीत और बांसगांव में भाजपा ने लगातार चौथी जीत दर्ज की है। इन सीटों पर 2009 से भाजपा का कब्जा है।

**अमरोहा में जीत से वापसी :** पश्चिम उत्तर प्रदेश की अहम सीट अमरोहा 2014 में भाजपा के कुंवर सिंह तंवर ने जीती थी। वर्ष 2019 में यहां से बसपा के कुंवर दानिश अली जीते थे। वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा की टिकट पर कुंवर सिंह तंवर ने कांग्रेस के कुंवर दानिश अली को 28,670 मतों के अंतर से हराकर अमरोहा में जीत का कमल खिलाया।

## मुख्यमंत्री योगी आज से करेंगे जनता दर्शन

**लखनऊ।** आचार संहिता की वजह से पिछले दो माह से थमा जनता दर्शन गुरुवार से एक बार फिर शुरू होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और निराकरण के लिए अधिकारियों को तत्काल निर्देशित भी करेंगे। मुख्यमंत्री भी एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से उनकी समस्याएं सुनते हैं और तत्काल प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को जनता की समस्याओं के निराकरण के निर्देश भी देते रहे हैं। योगी के सामने आने वाली ज्यादातर समस्याओं में जमीन संबंधित विवाद और स्वास्थ्य संबंधित खर्च के अनुरोध रहते हैं।


VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !